फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 297, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की मार्गदर्शक होंगी सानिया मिर्जा, बोलीं- मैं बहुत खुश हूं



अंदर - चुनावी रण में पुरानी पेंशन का मुद्दा

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## सीमाओं पर बनेंगे वाइब्रेंट गांव

### केंद्र सरकार अब देगी 4800 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीमांत इलाकों में वाइब्रेट गांव तैयार करने का फैसला लिया है। इसके तहत गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा और लोगों के लिए आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस नीति के तहत कुल 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में पड़ने वाले गांवों को कवर किया जाएगा, जो उत्तर भारत में आते हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस नीति के जरिए लोगों को गांवों में ही रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे पलायन थमेगा और गांवों का विकास होने से आबादी बनी रहेगी। ऐसी स्थिति में चीन और पाकिस्तान जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों से निपटने में मदद मिलेगी। इस स्कीम से सीमाओं पर एक तरफ सुरक्षा मजबूत हो सकेगी तो वहीं पलायन कर-के गए लोगों को भी वापस गांव लाने के प्रयास किए जाएंगे।

**फैसला**

**चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में पड़ने वाले गांवों को कवर किया जाएगा**

**सीमाओं पर नजर नहीं डाल पाएगा दुश्मन**

**लोगों को गांवों में ही रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा**

**अर्धसैनिक बल आईटीबीपी की 7 और बटालियनों का होगा गठन**



यहां स्किल डिवेलपमेंट और आंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय उत्पादों को भी प्रमोट किया जाएगा। इस स्कीम पर मौजूदा वित्त वर्ष से लेकर 2025- 26 तक काम होगा। इसके तहत 4,800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यही नहीं सीमाओं की सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार ने एक और अहम फैसला लिया है। भारत और चीन की सीमाओं पर तैनात रहने वाले अर्धसैनिक बल आईटीबीपी की 7 और बटालियनों का गठन किया जाएगा।

इसके तहत कुल 9400 अतिरिक्त जवानों की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा एक ऑपरेशनल बेस भी तैयार किया जाएगा। माना जा रहा है कि चीन की सीमा पर मुस्तैदी बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया जा रहा है। सरकार ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत देश भर में डेयरी और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में करीब 2 लाख सहकारी संस्थाओं की स्थापना की जाएगी। गौरतलब है कि बीते कुछ सालों में लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक में मोदी सरकार ने चीन से लगती सीमाओं पर सैनिकों की संख्या में बड़ा इजाफा किया है।

### एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की राह पर यूपी: सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति सिर्फ सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की असीम संभावनाएं भी हैं। आयुष हेल्थ टूरिज्म पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास हर गांव और घर-घर को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। सीएम योगी बुधवार दोपहर बाद पिपरी, भटहट स्थित प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में ओपीडी सेवा का शुभारंभ करने के बाद यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। बटन दबाकर ओपीडी की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि टूरिज्म के अनेक अवसरों में महत्वपूर्ण अवसर हेल्थ टूरिज्म में भी है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म में नए अवसर देगा। यहां सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा।

## प्रदेश सरकार ने किया एसआईटी का गठन

**लखनऊ।** कानपुर देहात के मड़ौली अग्निकांड की घटना की जांच के लिए शासन ने एसआईटी गठित की है। कमिश्नर और एडीजी की एसआईटी एक सप्ताह में रिपोर्ट शासन को देगी। इधर डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच एडीएम वित्त एवं राजस्व को सौंपी है। झोपड़ी में लगी आग से मां बेटी के जिंदा जलने की घटना की जांच एसआईटी करेगी। शासन ने कमिश्नर डॉ. राजशेखर व एडीजी आलोक कुमार की एसआईटी गठित की है। यह समिति घटना में दर्ज एफआईआर व पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक व स्पष्ट जांच करेगी।

साथ ही, एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं, डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता को मजिस्ट्रेटी जांच सौंपी है। घटना की गंभीरता को लेकर एक पखवाड़े में जांच रिपोर्ट मांगी गई है। डीएम नेहा जैन ने शासन की एसआईटी गठन की पुष्टि की है। बता दें कि ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने के दौरान झोपड़ी में मां बेटी के जिंदा जलने संबंधी मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईटी का गठन कर दिया है। दरअसल, इस गांव में ग्राम समाज की जमीन से प्रशासन की टीम कब्जा हटाने गई थी। इसी दौरान इस जमीन पर स्थित झोपड़ी में आग लग गई, जिसमें झोपड़ी बनाकर रह रहे गोपाल दीक्षित की पत्नी और पुत्री दोनों की इसमें जिंदा जलने से मौत हो गई। इस मामले में सरकार ने वहां के एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद और लेखपाल अशोक सिंह को निलंबित कर दिया है। साथ ही हत्या के आरोप में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

**सीएम का निर्देश**

**कानपुर कांड की जांच कर एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट**







## अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता रद्द

**लखनऊ।** मुरादाबाद की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां और उनके बेटे व स्वार विधायक अब्दुल्ला आजम को सजा मिलने के बाद उन्हें एक और तगड़ा झटका लगा है। सपा नेता आजम खां के बाद अब उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द हो गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने अब्दुल्ला आजम की स्वार विधानसभा सीट को रिक्त घोषित किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि पंद्रह साल पुराने छजलैट प्रकरण में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे सपा विधायक अब्दुल्ला आजम को अदालत दो साल की सजा सुनाई है। दोनों पर तीन-तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस मामले में अन्य सात आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिए गए। जानकारों के अनुसार दो साल की सजा के कारण स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम की विधायकी जाती रहेगी। पूर्व में रामपुर की अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद नगर सीट से आजम खां की विधायकी जा चुकी है।

**तगड़ा झटका**

**स्वार सीट हुई रिक्त, कोर्ट ने छजलैट मामले में सुनाई है दो साल की सजा और दो हजार रुपये जुर्माना**



### महंत राजूदास और स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच हाथापाई

**लखनऊ।** लखनऊ में गोमतीनगर के एक होटल में बुधवार दोपहर महंत राजूदास और सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच हाथापाई हो गई। दोनों के समर्थक भी आपस में भिड़ गए। उनके बीच मारपीट तक हो गई। मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराया। पुलिस वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है। गोमतीनगर के एक बड़े होटल में एक न्यूज चैनल की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वामी प्रसाद मौर्य का सेशन दोपहर 12 बजे था जबकि महंत राजूदास का सेशन दो बजे था। महंत राजूदास संतों के साथ पहले से वहां पहुंच गए थे। पुलिस के मुताबिक जब स्वामी प्रसाद मौर्य का इंटरव्यू खत्म हो गया तो वह वहां से जाने लगे। पीछे से राजूदास व अन्य संत भी पहुंच गए। दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। नारेबाजी के दौरान ही राजूदास व स्वामी प्रसाद के बीच हाथापाई हो गई। मौर्य के समर्थक व राजूदास के साथ मौजूद संत भी भिड़ गए। मारपीट होने लगी। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह से मामला शांत करवाया। दोनों पक्षों को वहां से हटवाया।

## कानपुर कांड पर लखनऊ में हंगामा

### राजभवन जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक

**लखनऊ।** कानपुर कांड पर सियासत बढ़ती जा रही है। बुधवार को लखनऊ में राजभवन रोड पर कांग्रेस और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन पर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे। वहीं मायावती ने भी पूरी घटना में सिस्टम से नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि लोगों की अब बुलडोजर राजनीति से जान जा रही है। भाजपा को अपना रवैया बदलना होगा। कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जलकर मरी मां-बेटी का बुधवार को बिठूर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान गांव से लेकर घाट तक पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे। इस बीच मां- बेटी की मौत को लेकर यूपी की सियासत गर्म हो गई है। कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं ने सड़क पर उतर कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कानपुर में हुई घटना को लेकर राजभवन का घेराव करने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से राजभवन जा रहे कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं को पुलिस ने राजभवन पहुंचने से पहले ही प्रदेश कार्यालय के थोड़ी ही दूर पर बैरिकेडिंग करके रोक दिया और राजभवन नहीं जाने दिया। जिसके बाद कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग पर अड़े रहे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन के लोगों ने मां बेटी को जिंदा जला दिया और अब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिला अधिकारी और कप्तान के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके सरकार पर हमला बोला है। मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन से त्रस्त लोगों की बीजेपी की बुलडोजर राजनीति से जान जाने लगी है। बसपा प्रमुख ने घटना को दुखद और निंदनीय बताते हुए सरकार को जनहित विरोधी रवैया बदलने की नसीहत दी है। कहा कि यूपी सरकार के विज्ञापित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से ज्यादा कानपुर देहात में मां-बेटी की मौत का मामला चर्चा में है। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश व खासकर उत्तर प्रदेश में गरीबों की कोई सुनवाई नहीं है।

**बवाल**

**कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता सड़क पर उतरे**

**मायावती बोलीं- अब बुलडोजर राजनीति में जान जा रही**

**बैरिकेडिंग लगाकर रोका सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन**



## सहारनपुर के आरएम सहित दो एआरएम निलंबित

**लखनऊ।** परिवहन निगम के कार्यों में शिथिलता बरतने सहित न्यायपालिका में जवाबदेही में देरी के चलते परिवहन निगम की छवि धूमिल होने से नाराज परिवहन निगम ने सहारनपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित दो सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार के जनसम्पर्क कार्यालय से जारी सूचना के आधार अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबन्धक सहारनपुर क्षेत्र को सहारनपुर क्षेत्र के संचालन प्रतिफलों में गिरावट लाने लाभदायिकता में कमी लाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने अधीनस्थ अधिकारियों, उपाधिकारियों, कार्मिकों पर पर्यवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, निगम की छवि जनमानस में धूमिल करने, मार्गों पर सघन प्रभावी निरीक्षण न करने निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाने के उल्लंघन में अनुशासनिक कार्यवाही प्रख्यापित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

इसी क्रम में विनोद कुमार शुक्ला तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (संचालन), उ.प्र परिवहन निगम अलीगढ़ डिपो द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों एवं वादियों का भली भांति निर्वहन न करने, श्रीराम चालक को ड्यूटी पर न लिये जाने के कारण विधिक स्थिति उत्पन्न होने, न्यायालय के समक्ष निगम की छवि धूमिल करने, उच्च न्यायालय द्वारा में पारित निर्णय से अवगत न कराने, बिना समूचित कारण के चालक से कार्य न लेने, मनमानेपन से कार्य करने एवं अपने कार्यों में लापरवाही शिथिलता बरतने, मुख्यालय के निर्देशों की अनदेखी करने के उल्लंघन प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा एलके त्रिवेदी प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सहारनपुर डिपो, सहारनपुर क्षेत्र द्वारा सहारनपुर डिपो के संचालन प्रतिफलों में सुधार हेतु सार्थक प्रयास न करने प्रतिफलों में गिरावट आने, डीजल औसत में कमी आने, निगम को हानि पहुँचाने, प्रशासनिक नियंत्रण शिथिल रखने, सायरनपुर डिपो की वाहन सं. यू.पी.11एजे 0301 में 12 बिना टिकट यात्री पाये जाने तथा परिचालक द्वारा यात्रियों को जाली टिकट दिये जाने, आष्टाचार में संलिप्त रहने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, मार्गों की सघन चेकिंग न करने, लाभदायकता में कमी लाने, पदीय कर्मणो एवं दायित्वों का निर्वहन न करने, मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना करने आदि के उल्लंघन किये जाने आदि गम्भीर आरोपों के प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है।

**कार्रवाई**

**परिवहन निगम के कार्यो में लापरवाही बरतने का लगा है आरोप**



### लखनऊ राजकीय बालगृह: चार बच्चियों की मौत, एक गंभीर

**लखनऊ।** प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह की एक और बच्ची ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ मरने वाली बच्चियों की संख्या चार हो गई है। वहीं, सिविल अस्पताल में भर्ती एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। बालगृह की जांच के लिए पहुंची सीएमओ की टीम का दावा है कि मासूमों को ठंड से बचाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दिसंबर-जनवरी में उचित देखभाल न होने से बच्चे ठंड की चपेट में आ गए और उन्हें निमोनिया हो गया। सिविल अस्पताल प्रशासन का भी कहना है कि बच्चे गंभीर हालत में लाए गए थे। डीपीओ विकास सिंह ने पोस्टमार्टम करवाने के साथ मजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दिया है। इसके साथ ही बालगृह अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है। बालगृह की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दिनेश रावत को प्रभारी बनाया गया है।

## पांच रुपये सस्ता हुआ गेहूं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब 5 रुपए प्रति किलोग्राम की कमी आई है। उन्होंने कहा कि दरों को कम करने के लिए यदि जरूरी हुआ, तो और कदम उठाए जाएंगे। खाद्य सचिव ने कहा कि थोक मूल्य 3,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है, जबकि खुदरा मूल्य 3,300-3,400 रुपए प्रति क्विंटल से घटकर 2,800-2,900 रुपए प्रति क्विंटल रह गया है।

चोपड़ा ने कहा कि सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अधिक गेहूं की पेशकश करने सहित अन्य कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। थोक बाजारों में गेहूं की कीमतें 2,500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम चल रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आएगी।

पिछले महीने, सरकार ने गेहूं और गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए ओएमएसएस के तहत अपने बफर स्टॉक से खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने की योजना की घोषणा की थी। 30 लाख टन में से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ई-नीलामी के माध्यम से आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 25 लाख (2.5 मिलियन) टन गेहूं बेचेगा और दो लाख टन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को दिया जाएगा। गेहूं को आटे में बदलने के लिए संस्थानों और राज्य-पीएसयू को तीन लाख टन गेहूं रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। चोपड़ा ने कहा कि देशभर में बुधवार को 15 लाख टन गेहूं की दूसरे दौर की नीलामी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में नेफेड और केंद्रीय भंडार जैसे संस्थानों के लिए गेहूं को आटे में परिवर्तित करने और उपभोक्ताओं को 27.50 रुपए प्रति किलोग्राम पर बेचने के लिए कीमतों को 23.50 रुपए से घटाकर 21.50 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है, जबकि पहले की दर 29.50 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

**राहत**

**थोक मूल्य 3,000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल**



## यूपी में 37 एएसपी का ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी में बुधवार को 37 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले कर दिए गए। शासन स्तर से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनात 37 अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया गया है। उसमें जौनपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नगर का भी तबादला किया गया है। जारी सूची के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. संजय कुमार का तबादला अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के पद हुआ है। यहां अपर पुलिस अधीक्षक नगर के रूप में अब लखनऊ के अपर पुलिस उपायुक्त बृजेश कुमार गौतम होंगे। यह 1996 बैच के पीपीएस अफसर हैं। कन्नौज के रहने वाले बृजेश कुमार गौतम ने फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि बुधवार की शाम या गुरुवार की सुबह ज्वाइन कर सकते हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती का शासन की ओर बुधवार को स्थानांतरण कर दिया गया। इनकी जगह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा, लखनऊ असित श्रीवास्तव को एसपी सिटी और अपर पुलिस अधीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ बलवंत चौधरी को एसपी ग्रामीण बनाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी ने 16 जून 2020 पद भार ग्रहण किया था। करीब 32माह के कार्यकाल में इनके नेतृत्व में पुलिस ने कई शातिर अपराधियों को दबोचने के साथ की बड़ी वारदात का खुलासा किया। यातायात व्यवस्था के साथ जागरूकता अभियान का भी सफल संचालन किया। जबकि एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती अभी छह माह पूर्व अगस्त माह में ही जनपद में पदभार ग्रहण किए थे। उनका भी स्थानांतरण हो गया। शासन ने आजमगढ़ में एडिशनल एसपी यातायात के पद पर संजय कुमार तृतीय को तैनात किया गया है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बुधवार को प्रदेश के कई जनपदों में तैनात 37 अपर पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। उसमें सोनभद्र जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल विजय शंकर मिश्रा का भी तबादला हुआ है।

**इधर से उधर**

**गाजीपुर के एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण का हुआ स्थानांतरण, टीएन बने सोनभद्र के नक्सल एएसपी**

## पीरियड्स के दौरान महिलाओं को मिलेगी छुट्टी !

### सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर 24 फरवरी को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान दर्द में आराम के लिए छुट्टी सुनिश्चित करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। जिसके संबंध में सुप्रीम कोर्ट मासिक धर्म अवकाश का नियम बनाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इस जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 24 फरवरी को सुनवाई करेगा।

पीरियड्स के समय में छुट्टी वाली याचिका के तहत सभी राज्य सरकारों को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे छात्राओं और कामकाजी वर्ग की महिलाओं को उनके संबंधित कार्यस्थलों पर पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द के लिए नियम बनाएं और अवकाश भी प्रदान करें। साथ ही मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 की धारा 14 का अनुपालन करें। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा मामले का उल्लेख करने और मामले की जल्द सुनवाई की मांग के बाद मामले को 24 फरवरी को सुनवाई के लिए पोस्ट किया है। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत यह अनिवार्य कर दिया है सभी संस्थान अपनी महिला कर्मचारियों को गर्भावस्था के दौरान, गर्भपात के मामले में, नसबंदी ऑपरेशन के लिए और बीमारी के साथ-साथ उत्पन्न होने वाली चिकित्सीय समस्याओं के मामले में निश्चित दिनों के लिए ग्रांट पेड लीव दें।

सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत कानून के ये प्रावधान कामकाजी महिलाओं के मातृत्व और मातृत्व को पहचानने और सम्मान देने के लिए संसद या देश के लोगों द्वारा उठाए गए सबसे बड़े कदमों में से एक हैं। बिहार भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जो 1992 से महिलाओं को दो दिन का विशेष मासिक धर्म दर्द अवकाश प्रदान कर रहा है। 1912 में, कोचीन (वर्तमान एनार्कुलम जिला) की तत्कालीन रियासत में स्थित त्रिपुनिथुरा में सरकारी गर्ल्स स्कूल ने छात्रों को उनकी वार्षिक परीक्षा के समय 'पीरियड लीव' लेने की अनुमति दी थी। याचिकाकर्ता ने सभी राज्यों को निर्देश देने की मांग की है कि वे अपने संबंधित कार्यस्थलों पर छात्राओं और कामकाजी वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक धर्म के दर्द की छुट्टी के लिए नियम बनाएं। याचिका में मातृत्व लाभ अधिनियम की धारा 14 के अनुपालन के लिए सभी राज्यों और भारत सरकार को निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

**विलंबित मांग**

**कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव की मांग**

**बिहार में मिलती है महिलाओं को पीरियड्स लीव**



# भगवान राम भक्तों की शक्ति हैं, उनका स्मरण जरूरी : केशव मौर्य

## डिप्टी सीएम ने श्रृंगवेरपुर में दो दिनी रामायण कांक्लेव का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**विधायक गुरूप्रसाद मौर्य समेत भाजपा के पदाधिकारियों ने किया स्वागत**



श्रृंगवेरपुर में दो दिवसीय रामायण कांक्लेव का शुभारंभ करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**लालगोपालगंज।** राजनीति करने वाले तथाकथित लोग धार्मिक टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम भक्तों की शक्ति हैं, उसका स्मरण जरूर रखना। यह बातें बुधवार को श्रृंगवेरपुर धाम में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित जन-जन के राम पर आधारित दो दिवसीय रामायण कांक्लेव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही।

उन्होंने कहा कि विरोधी दल त्रेता युग में भगवान श्रीराम-निषादराज की मित्रता को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, परन्तु उनका मंसूबा कभी पूरा नहीं हो पाएगा। 1990 में सभी परिस्थितियों का सामना करते हुए राम भक्तों को केवट व निषाद लोगों ने अयोध्या पहुंचाने का काम किया था। राम भक्तों की ही आस्था है कि जिस राम जन्म भुमि पर निर्माण की लड़ाई 500 वर्षों तक लड़ी गई, आज श्रीराम के धाम अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। आशा है कि 2024 के जनवरी में रामलला का मंदिर बनकर तैयार होगा। उन्होंने पूर्व विधायक दिवंगत विक्रमाजीत मौर्य को यादकर उनके कार्यों की सराहना किया। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर रामायण कांक्वेन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल पांडेय, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, मानेन्द्र प्रताप सिंह शीलांग मेघालय, महंत गिरीशपति त्रिपाठी, कल्पना सहाय, रंजन शुक्ल, शंभूनाथ त्रिपाठी अंशुल आदि लोगों ने सुबोधित किया। संचालन डॉ. आभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जबकि आभार क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने जताया। अस अवसर पर हनुमान गढ़ी के महंत कमलदास महाराज, मंडल अध्यक्ष उमेश शुक्ल उर्फ चंदन, प्रशांत गुप्ता, राजू पाल, टी.एन. सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, अविनाश मौर्य, जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी, महामंत्री अरूण द्विवेदी, आफताब कुरैशी, आलोक तिवारी, पूर्व विधायक पुत्र कमल कृष्ण मौर्य, अवनोद ओझा, मनोज मित्तल, यमुना प्रसाद, धीरेन्द्र मिश्र (गुरू), मनोज द्विवेदीत्र, अमित द्विवेदी, रामायण मेला महामंत्री उमेशचन्द्र द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

### आरंभ हो गया है रामवन गमन हाइवे निर्माण

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राम वन गमन मार्ग बनना शुरू हो गया है। मेरा प्रयास होगा कि 2024 से पहले श्रृंगवेरपुर में फोरलेन गंगा सेतु बनकर तैयार हो जाए। इस लिए कि चाहे चित्र कूट जलाने वाला हो, अथवा भरद्वाज आश्रम के लिए श्रृंगवेरपुर आए बगैर यात्रा अधूरी रहे। श्रृंगवेरपुर पर्यटन हब बनकर तैयार होगा। इससे रोजगार और व्यापार के अवसर भी मिलेंगे।

### डिप्टी सीएम ने किया गंगा दर्शन, पुस्तक का विमोचन

उड़न खटोले से श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सीधे श्रीराम घाट पहुंचे। वहां पर आयोजकों द्वारा पहले से ही मंच बनाया गया था। डिप्टी सीएम ने गंगा दर्शन कर गंगा जल का आचमन किया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजाएमान हो रहा था। वहीं पंडाल में पहुंचने के बाद राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति के महामंत्री उमेशचन्द्र द्विवेदी के अनुरोध पर राष्ट्रीय रामायण मेला पत्रिका का विमोचन किया गया।

### रामचरित मानस ग्रन्थ व स्मृति चिंह भेंट कर किया स्वागत

**लालगोपालगंज।** जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी, महामंत्री अरूध द्विवेदी एवं उपाध्यक्ष प्रदीप केसरवानी ने डिप्टी सीएम को अंग वस्त्रम भेंट करने के पश्चात, रामचरितमानस ग्रन्थ व स्मृति चिंह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि श्रृंगवेरपुर में कई समितियां धर्म का कार्य कर रही हैं। सभी समितियां संगठित होकर कार्य करें।

### आग बबूला दिखे भाजपाई

प्रदेश पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित रामायण कॉन्क्लेव में भाजपा के पदाधिकारियों से आयोजन का संचालन न कराकर व्यक्ति विशेष द्वारा पूरा कार्यक्रम स्वयं संचालित न कर अपने खास व्यक्तियों को मंच पर स्थान देना, और उन्ही लोगों से अतिथियों का स्वागत कराने को लेकर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी देखने को मिली। डिप्टी सीएम के जाने के बाद चायखाने पर कार्यकर्ताओं ने अपना आक्रोश प्रदर्शित किया। उनका कहना था कि जिलामंत्री, मनोज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी और स्थानीय पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मंच पर स्थान न मिला खेद का विषय है।

## पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर सजने लगी दुकानें

**थरवई।** महाशिवरात्रि का पर्व भक्त बड़े ही भव्य तरीके से मनाये जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान भोलेनाथ का माता आदिशक्ति पार्वती के साथ विवाह हुआ था, भक्त इस दिन सुबह से ही भोले नाथ को जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूरी करते हैं, जितना इस दिवस का महत्व है उससे कहीं ज्यादा रात्रि का महत्व है रात्रि के तीन प्रहर में तीन प्रमुख प्रकार से पुजा किया जाता है क्षेत्र में दुर दराज से दुकानदार आकर जीवन उपयोगी वस्तुओं को बेचते हैं प्रत्येक शिवालयों के पास भस्म मेले का आयोजन होता है यह मेला तीन दिवस तक चलता है। उसी क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पड़िला पाण्डेश्वर नाथ धाम में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही भव्य तरीके से मनाने कि तैयारियां शुरू हो गई है जिसमें लोग दूर - दूर से भगवान शिव का दर्शन करने के लिए आते हैं व मेले का भी आयोजन होता है जिसमें सभी छोटे व बड़े मेले का आनन्द लेते हैं। जिसमें मेले के आयोजन में पहले से ही खिलौनों व घरेलू सामान की दुकानें सजने लगी हैं। यह मेला काफी दूर तक लगता है। मेले में जाम की समस्याएं उत्पन्न न हों जिसके लिए जगह जगह पर बैरियर व बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाती है।

### श्रृंगवेरपुर में विद्युत शवदाह गृह, रामचौरा में हो पक्का घाट : गुरूप्रसाद मौर्य

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर धाम में दो दिवसीय रामायण कांक्लेव के उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय विधायक गुरूप्रसाद मौर्य ने अपने स्वागत भाषण में भाजपा सरकार और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद की शान में कसीदे गढ़े। उन्होंने कहा कि आज जो नया प्रयागराज दिख रहा है, निश्चित रूप से यह डिप्टी सीएम की देन है। उन्होंने श्रृंगवेरपुर धाम में करोड़ों रूपए की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मंच पर उपस्थित प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मांग किया कि विकास की कड़ी में राम चैरा घाट का पक्का निर्माण, श्रृंगवेरपुर श्यमशान घाट पर विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कराया जाना जनहित में आवश्यक है। साथ ही लखनऊ मार्ग से कमालापुर होकर गऊघाट का सड़क निर्माण तथा मटियामार्ग से श्रृंगवेरपुर तक सड़क निर्माण कराने की मांग किया।

## मिक्सर मशीन से गिर कर मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** ट्रैक्टर में जुड़ा मिक्सर मशीन पर छत दाल कर घर आ रहे मजदूरों में एक मजदूर गिर पड़ा। जिसके ऊपर मिक्सर मशीन का चक्का चढ़ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मिक्सर मशीन को थाने में खड़ी करा ली है। मृतक के पिता ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी पप्पू उर्फ हप्पू सरोज 37 वर्ष पुत्र जवाहर लाल मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का जीवन यापन करता है। बताते हैं कि पप्पू गांव के सुनील कुमार पुत्र होरीलाल के साथ मिक्सर मशीन लगे ट्रैक्टर पर बैठ कर कहीं से छत डाल कर सभी मजदूरों के साथ ट्रैक्टर में लगे मिक्सर मशीन के ऊपर बैठ कर अपने गांव जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ट्रैक्टर मानी उमरपुर रमना के पास पहुंचा ही था कि ट्रैक्टर से पप्पू उर्फ हप्पू सरोज नीचे गिर पड़ा और मिक्सर मशीन के पहिया के नीचे आ गया। जिसमें दब कर उस की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा ट्रैक्टर में लगे मिक्सर को थाने में खड़ी करा कर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक पप्पू उर्फ हप्पू के पिता जवाहर लाल ने चालक सुनील कुमार पुत्र होरीलाल छीतेमऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पप्पू के मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी वंदना देवी, पुत्र सुधीर, पुत्रियाँ अंजली और प्रियंका तथा तीनों भाईयों और बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को किया गया जागरूक



किसानों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के महुली गांव स्थित साधन सहकारी समिति पर बुधवार को नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित एक दिवसीय नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा नाटक के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करते हुए वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सार्या सेवा समिति मिजार्पुर की प्रशिक्षिका नीतू चौबे ने इफको खाद पर बीमा, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा, जनता दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा व साधन सहकारी समितियों के जरिए लोगों को खाता खोलने सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक सिकंदरा के शाखा प्रबंधक घनश्याम सिंह ने बैंक द्वारा दिए जा रहे ऋणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साधन सहकारी समिति महुली के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने साधन सहकारी समितियों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया। इसके साथ ही राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजक और साधन सहकारी समिति महुली के सचिव नरसिंह ने आए हुए अतिथियों और किसानों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर साधन सहकारी समिति करनाईपुर के सचिव त्रिवेणी शंकर पटेल, कृष्णा चौबे, कल्पना भारतीय, अभिषेक गौतम, अजय पटेल, उमेश भारतीय, वीरेंद्र कुमार पटेल, रघुराज सिंह, सूर्यकांत मौर्य, लालता प्रसाद पटेल, लालता प्रसाद दुबे, दुर्ग विजय सिंह, मोहन लाल मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लड़कियों हेतु जिम फारगर्ल की स्थापना हुई

**करछना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के सौजन्य से इंपावर हर योजना के अंतर्गत लड़कियों हेतु जिम ( जिम फार गर्ल ) की स्थापना बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में हुई। जिससे लड़कियों में प्रसन्नता व्याप्त है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी परिक्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक गिरीश जोशी व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रयागराज के सहायक महाप्रबंधक संतोष कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के. पी. सिंह व बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्रबंधक एनपी सिंह मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखना है।कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया।इस मौके पर व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह, विजय कुमार मिश्र, डां अनिल कुमार पाठक, डां सच्चा प्रसाद मिश्र, प्रधानाचार्य भगवानदास यादव सुरेंद्र सिंह समेत कालेज की सभी छात्राएं मौजूद रही।

### घर में घुस कर मार पीट तथा गृहस्थी समान तोड़ने पर सेना के हवलदार सहित नौ नामजद

**मऊआइमा।** नाली के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुस कर गृहस्थी का सामान तोड़ दिए और तीन को मार पीट कर लहुलुहान करने और पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया। जिसपर पुलिस ने देर रात सेना के हवलदार सहित नौ को नामजद करते हुए पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर मंगलवार को ही मामूली धारा शांतिभंग में चालान कर दी थी। जमानत करा कर आने के बाद फिर ताल ठोंक रहे थे।

मऊआइमा के ग्राम बांकाजलालपुर में नाली के विवाद को लेकर मंगलवार को जमकर लाठी डंडा चले थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से चार का शांति भंग में चालान कर खाना पूर्ति कर दी थी। आरोप है कि जमानत कराने के बाद फिर ताल ठोंकने लगे। पूरा प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया और मंगलवार को देर रात में उबैद अख्तर पुत्र स्वर्गीय आशिक अली ने आरोप लगाया कि सभी एक राय होकर उसके घर में घुस कर गृहस्थी का सामान तोड कर उसे और परिवार के मोहम्मद फहद ,मोहम्मद आलम को लहूलुहान कर दिया गया है। दोनों का उपचार बेली में चल रहा है। उबैद अख्तर ने मऊआइमा थाने में थल सेना के हवलदार आंध्र .प्रदेश के. सिकांदराबाद में तैनात जो इन दिनों अवकाश पर आया है। आफताब आलम पुत्र नाजिम के अलावा, शमसुल कमर, मोहम्मद तफसीर, मोहम्मद आफताब पुत्रगण अजीज, मोहम्मद नासिर, पुत्र इदरीश, मोहम्मद माशूक, मोहम्मद महफूज, पुत्रगण मुस्तकीम अली, मोहम्मद अलमाश पुत्र शमसुल कमर निवासी गण बांकाजलालपुर तथा मोहम्मद खालिद पुत्र शाह फैसल निवासी दुबाही और पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कार बाइक की टक्कर में घायल महिला का पैर डाक्टरों ने काटा ,बेटे की हालत नाजुक

**मऊआइमा।** दस फरवरी को रात में बाइक से मरीज देखने जा रहे माँ -बेटा को इनोवा कार ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने इनोवा कार को थाने में खडी करा कर दोनों घायलों को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया है। उक्त घटना से घायल महिला का पैर डाक्टरों को काटना पडा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय खव्वाजा निवासी मोहम्मद आरिफ 18 आपनी माता हामिदा खातून, 40 वर्ष पत्नी अनवर अहमद को दस फरवरी को बाइक पर बैठा कर मरीज देखने गए थे। बताते हैं कि फोरलेन सुलतानपुर खास के पास प्रयागराज की ओर से आ रही इनोवा का ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों की हालत नाजुक हो गई। पुलिस ने इनोवा कार को थाने में खड़ी करा कर मां बेटे को शहर के अस्पताल में भर्ती करा दिया था। बुधवार की घायल महिला हामिदा खातून के पैर में जहर फैल जाने से एक पैर काटा गया।तथा मोहम्मद आरिफ की हालत अब भी नाजुक बताई गई है। हामिदा खातून के ससुर नसीम उद्दीन ने बुधवार को इनोवा चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**करछना।** थाना क्षेत्र के कई गांव में विगत कई दिनों से अवैध शराब बनाने की शिकायत आ रही थी वही करछना पुलिस के द्वारा मौके से 200 लीटर अर्ध निर्मित शराब 60 लीटर बनी शराब एवं डेढ़ कुंतल लहन को नष्ट कराया गया वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मचा रहा पुलिस के द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में एसआई राज कुमार त्रिवेदी, अजीत गुप्ता, हरिशंकर मिश्रा, देवेंद्र देव यादव एवं हेड कांस्टेबल सतपाल शामिल रहे।

### ई- रिक्शा पलटने से तीन लोग जख्मी

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के मुखिया नगर मोहल्ले में मंगलवार की सुबह ई- रिक्शा पलटने से तीन लोग जख्मी हो गए। वह लोग संगम स्नान के लिए जा रहे थे। राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा को सीधा कर उन्हें बाहर निकाला गया।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के पी.डी.ए कालोनी निवासी महेंद्र कुमार ई- रिक्शा चलाता है। बताते हैं, कि मंगलवार की सुबह उसने डी. ब्लाक से तीन लोगों को रिक्शा पर बैठाकर अरैल के लिए निकला था। मुखिया नगर में सड़क पर गड्ढा आ जाने से ई-रिक्शा एकाएक पलट गया, जिससे मिर्जापुर के लालगंज क्षेत्र से रिश्तेदार के घर आए राम कुमार उनकी पत्नी प्रेमा देवी और भतीजा सुभाष कुमार जख्मी हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें ई-रिक्शा से बाहर निकाला गया।

## लेड़ियारी मंडी को सात सालों से रास्ते का इंतजार



सात वर्षों से टूटी पड़ी गल्ला मंडी लेड़ीयारी को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पुलिया

**कोरांव।** यमुनापार प्रयागराज की सबसे बड़ी गल्ला मंडी लेड़ीयारी को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पुलिया 7 वर्ष पूर्व टूट गई जिसमे अगल बगल के काश्तकारों द्वारा स्टे लेकर पुलिया मरम्मत का कार्य रुकवा दिया गया जो की आज तक नही बन सका।ज्ञात हो की किसानों की सहूलियत के लिए लगभग 30 वर्ष पूर्व सरकार द्वारा मंडी का निर्माण कराया गया था, जिसको मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग 700 मीटर सड़क निर्माण हुआ था रास्ते में पड़ने नाले की पुलिया 7 वर्ष पूर्व जर्जर होने के कारण टूट गई, तत्कालीन एसडीएम व मंडी के अधिकारियों द्वारा मरम्मत का कार्य शुरू हो इससे पहले बगल के काश्तकार रमाकांत मिश्र व कमला कांत मिश्र द्वारा 25 वर्ष पुरानी पुलिया पर स्टे लेकर कार्य रुकवा दिया गया, इसके बाद जितने एसडीएम कोरांव आए सबके द्वारा स्थानीय स्तर पर पंचायत कर मामले को सुलझाने की कोशिश की गई किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। किंतु वैकल्पिक रास्ते से मंडी का कार्य चलता रहा जब वैकल्पिक रास्ते को भी उपरोक्त लोगो द्वारा रोका जाने लगा तो तत्कालीन तहसीलदार विशाल शर्मा द्वारा हस्तक्षेप कर काश्तकार भगवती प्रसाद के जमीन से मंडी का नया रास्ता खुलवाया गया उसी से अब तक आवागमन हो रहा है।

इस विषय पर ग्रामीणों का कहना है की अधिकारियों की शिथिलता की वजह से पुलिया का निर्माण नही हो पा रहा है जिससे किसानों व्यापारियों व मंडी से रोजगार पा रहे पल्लेदारों का नुकसान हो रहा है, 7 वर्ष पुराने स्टे में मंडी समिति द्वारा न्यायालय में सही से पक्ष नही रखा जा रहा है।

मंडी समिति के सचिव दिलीप सिंह पटेल ने कहा की दोनो पक्षों से बात कर मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। वही एक पक्षकार भगवती प्रसाद ने कहा की पुलिया बनवाने की जिम्मेदारी मंडी की है किंतु जब तक निराकरण नहीं होता वह वैकल्पिक रास्ते को मंडी समिति को निःशुल्क दिया है अगर मंडी समिति चाहे तो वह मंडी को निःशुल्क दान करने को भी तैयार है।

**नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं रिशिड्यूलिंग**

**1. रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन:**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से - कहाँ तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20805 | विशाखापट्णम-नई दिल्ली | 15.02.23 से 24.02.23 | राजामंड्री-विजयवाड़ा जं.-बल्हारशाह जं.-नागपुर-ग्वालियर | विजयनगरम जं.-रायगड़-तीतलागढ़-रायपुर-नागपुर |
| 2 | 20806 | नई दिल्ली-विशाखापट्णम- | 15.02.23 से 24.02.23 | ग्वालियर-नागपुर जं.-बल्हारशाह जं.-विजयवाड़ा जं.-राजामंड्री | नागपुर-रायपुर-तीतलागढ़-रायगड़-विजयनगरम जं. |
| 3 | 04121 | सूबेदारगंज-सिकंदराबाद | 16.02.23 से 23.02.23 | इटारसी-नागपुर-बल्हारशाह | नागपुर-वर्धा जं.-अकोला जं.-पूर्णा जं.-परली वैजनाथ-विकाराबाद जं. |
| 4 | 12791 | सिकंदराबाद जं. दानापुर | 15.02.23 से 24.02.23 | काजीपेट जं. बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी-बनारस | मेड़चल-निजामाबाद मुदखेड़-आदिलाबाद-माजरी जं. |
| 5 | 12792 | दानापुर सिकंदराबाद जं. | 15.02.23 से 23.02.23 | बनारस-इटारसी-नागपुर-बल्हारशाह-काजीपेट जं. | माजरी जं.-आदिलाबाद-मुदखेड़-निजामाबाद-मेड़चल |
| 6 | 00761 | रेणिगुंटा जं.-हजरत निजामुद्दीन | 16,18,19, 21 एवं 23.02.23 | डोन-कर्नूल सिटी-काचीगुडा-काजीपेट जं.-बल्हारशाह-नागपुर-भोपाल | मेड़चल-निजामाबाद मुदखेड़-आदिलाबाद-माजरी जं. |
| 7 | 00762 | हजरत निजामुद्दीन-रेणिगुंटा जं | 16,18,20, 21 एवं 23.02.23 | भोपाल-नागपुर-बल्हारशाह-काजीपेट जं.-काचीगुडा-कर्नूल सिटी-डोन जं. | माजरी जं.-आदिलाबाद-मुदखेड़-निजामाबाद-मेड़चल |
| 8 | 04122 | सिकंदराबाद-सूबेदारगंज जं. | 17.02.23 एवं 24.02.23 | बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी जं. | मेड़चल-निजामाबाद मुदखेड़-अदिलाबाद-माजरी जं. |
| 9 | 22352 | सर एम. विश्वेश्वरय्या ट. बेंगलुरू-पाटलीपुत्र | 20.02.23 | गुडूर जं. बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी जं. | पेद्दपल्ली-निजामाबाद-मुदखेड़-अदिलाबाद-माजरी जं. |
| 10 | 12612 | चेन्नई सेन्ट्रल-नई दिल्ली | 20.02.23 | बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी-भोपाल | माजरी जं.-अदिलाबाद-मुदखेड़-निजामाबाद-पेद्दपल्ली |
| 11 | 12511 | गोरखपुर-कोच्चुवेली | 15.02.23 | बीना-भोपाल-नागपुर-बल्हारशाह | माजरी जं.-अदिलाबाद-मुदखेड़-निजामाबाद-पेद्दपल्ली |
| 12 | 00629 | यशवंतपुर-तुगलकाबाद | 18.02.23 एवं 21.02.23 | जोलारपट्टै काटपाडी जं.-गुडूर जं.-बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी जं. | मेलपक्कम रेणिगुंटा जं.-सुलेहल्ली-विकाराबाद जं.-परली वैजनाथ-परभणी जं.-औरंगाबाद-मनमाड जं.-खंडवा जं.-इटारसी जं. |
| 13 | 00630 | तुगलकाबाद-यशवंतपुर | 15.02.23, 18.02.23 एवं 22.02.23 | इटारसी जं.-नागपुर-बल्हारशाह-गुडूर जं.-काटपाडी जं.-जोलारपट्टै | इटारसी जं.-खंडवा जं.-मनमाड जं.-औरंगाबाद-परभणी जं.-परली वैजनाथ-विकाराबाद जं.-सुलेहल्ली-रेणिगुंटा जं.-मेलपक्कम |
| 14 | 00633 | यशवंतपुर जं. सानेहवाल | 15.02.23 एवं 22.02.23 | धर्मवरम जं.-काचीगुडा-नागपुर | जोलारपेट्टै मेलपक्कम-रेणिगुंटा जं.-सुलेहल्ली-विकाराबाद जं.-परली वैजनाथ-औरंगाबाद-परभणी जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी जं. |
| 15 | 00634 | सनाहवाल-यशवंतपुर जं. | 21.02.23 | नागपुर-काचीगुडा-धर्मवरम जं. | इटारसी जं.-खंडवा-मनमाड जं.-औरंगाबाद-परभणी जं.-परली वैजनाथ-विकाराबाद-सुलेहल्ली-रेणिगुंटा जं.-मेलपक्कम-जोलारपट्टै |
| 16 | 00653 | रायपुरम-पटेल नगर | 15.02.23, 19.02.23 एवं 22.02.23 | विजयवाड़ा जं.-बल्हारशाह-नागपुर-बीना | रेणिगुंटाजं.-सुलेहल्ली-विकाराबाद जं-परली वैजनाथ-औरंगाबाद-परभणी जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी |
| 17 | 00654 | पटेल नगर-रायपुरम | 15.02.23, 18.02.23 एवं 22.02.23 | बीना-नागपुर बल्हारशाह-विजयवाड़ा जं. | इटारसी-खंडवा-मनमाड जं.-औरंगाबाद-परभणी जं.-परली वैजनाथ-विकाराबाद जं.-सुलेहल्ली-रेणिगुंटा जं.- |
| 18 | 12286 | हजरत निजामुद्दीन सिकंदराबाद | 20.02.23 | इटारसी-नागपुर-बल्हारशाह | इटारसी-खंडवा-मनमाड जं.-अंकई-परभणी जं.-परली वैजनाथ-विकाराबाद |
| 19 | 12649 | यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन | 15,17,18, 19,20,22 एवं 24.02.23 | बल्लारी जं.-काचीगुडा-बल्हारशाह-नागपुर | गुंतकल जं.-वाडी जं.-दौण्ड जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी |
| 20 | 12650 | हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर | 16,18,19, 20,21 एवं 23.02.23 | नागपुर-बल्हारशाह-काचीगुडा-बल्लारी जं. | इटारसी-खंडवा-मनमाड जं.-दौंड जं.-वाडी जं.-गुंतकल जं.- |
| 21 | 22534 | यशवंतपुर-गोरखपुर | 15.02.23 एवं 22.02.23 | धर्मवरम जं.-सुलेहल्ली-बल्हारशाह-नागपुर-इटारसी | धर्मवरम जं.-वाडी जं.-दौण्ड जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी |
| 22 | 22533 | गोरखपुर-यशवंतपुर | 20.02.23 | इटारसी-नागपुर-बल्हारशाह-सुलेहल्ली-धर्मवरम जं. | इटारसी-खंडवा मनमाड जं.-दौण्ड जं.-वाडी जं.-धर्मवरम जं. |
| 23 | 12213 | यशवंतपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला | 18.02.23 | गुंतकल जं.-सिकंदराबाद-नागपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई | धर्मवरम जं.-वाडी जं.-दौण्ड जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी |
| 24 | 12592 | बेंगलूरु सिटी-गोरखपुर | 20.02.23 | धर्मवरम जं.-सिकंदराबाद-बल्हारशाह-कानपुर सेंट्रल | धर्मवरम जं.-वाडी जं.-दौण्ड जं.-मनमाड जं.-खंडवा-इटारसी |
| 25 | 12591 | गोरखपुर-सिकंदराबाद | 18.02.23 | कानपुर सें. बल्हारशाह-सिकंदराबाद-धर्मवरम जं.- | इटारसी-खंडवा-मनमाड जं.-दौण्ड जं.-वाडी जं.-धर्मवरम जं.- |
| 26 | 15023 | गोरखपुर-यशवंतपुर | 21.02.23 | कानपुर सेंट्रल-बल्हारशाह-काचीगुडा-कुर्नूल टाउन | इटारसी-खंडवा-मनमाड जं.-दौण्ड जं.-वाडी जं.-धर्मवरम जं.- |

**2. रेल गाड़ियों की रिशिड्यूलिंग**


| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से- कहाँ तक | प्रारम्भिक स्टेशनों से प्रभावी तिथि | संशोधित अवधि | संशोधित प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12724 | नई दिल्ली-हैदराबाद | 16,17,20,21,22 एवं 23.02.23 | 90 मिनट | 17.30 बजे |
| 2 | 12621 | चेन्नई सें.-नई दिल्ली | 20.02.23, 23.02.23 | 110 मिनट | 23.50 बजे |

उत्तर मध्य रेलवे G20 246/23 FA
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



वन्दे भारत से आये हुए रेल यात्रियों का प्रयागराज जंक्शन पर फूल भेंटकर स्वागत करते हुए

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी, कई चोटिल

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के जी.ई.सी कंपनी के समीप बुधवार की सुबह तेज रफ्तार से जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसमें बैठे कई लोग मामूली तौर पर चोटिल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की भोर में तकरीबन 5:30 मिजार्पुर रोड जी.ई.सी कंपनी के समीप तेज रफ्तार से जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। जिसमें बैठे कई लोग चोटिल हो गए। घायलों के नाम व पते की जानकारी नहीं हो पाई है।

# मनाई गई वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन की चौथी वर्षगाँठ

**वर्षगांठ**

**रेल यात्रियों में वितरित किया गया फूल और मिष्ठान, काटा गया केक**

**प्रयागराज।** 15 फरवरी 2019 को शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रयागराज जंक्शन पर रेल प्रशासन द्वारा चौथी वर्षगाँठ मनाई गई। इस अवसर पर रेल यात्रियों को फूल और मिष्ठान वितरित किये गए।

ज्ञात हो कि पहली वंदे भारत एक्सप्रेस प्रयागराज के लोगों के लिए 15 फरवरी 2019 को कुंभ मेले के दौरान नई दिल्ली-कानपुर-प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर चलाया गया था। आज जब इस ट्रेन ने अपने कुशल संचालन के 4 वर्ष पूरे किए तो लोगों ने धूमधाम से वंदे भारत ट्रेन का जन्मदिन मनाया। आज मंडल द्वारा प्रयागराज स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में वन्दे भारत से आये हुए रेल यात्रियों का रेलवे के स्टाफ द्वारा पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान वन्दे भारत ट्रेन से आये हुए रेल यात्रियों के द्वारा केक काटा गया और उपस्थित लोगों में केक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी रेल यात्री काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे, उन्होंने वंदे भारत ट्रेन के सफर के बारे में अपने विचार वहां उपस्थित प्रेस और मीडिया के साथ साझा किये` रेल यात्रियों ने ट्रेन के अन्दर सफाई व्यवस्था, कैटरिंग तथा ट्रेन के समयपालन की सराहना की एवं इस तरह की ट्रेन चलाने के लिए भारत सरकार और रेल के स्टाफ को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान संजय सिंह ने वन्दे भारत के विषय में बताते हुए कहा की वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन 18 भी कहा जाता है, भारतीय रेलवे द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक मल्टी-यूनिट, सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन है। इसकी टॉप स्पीड 180 kmph, जबकि ऑपरेशनल स्पीड 130 kmph है। 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में इसे महज 52 सेकेंड का समय लगता है।





प्रयागराज जंक्शन पर केक काटकर चौथी वर्षगाँठ मनाता रेल प्रशासन

अब तक भारतीय रेल में कुल 10 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। ये वंदे भारत ट्रेनें राष्ट्र के 17 राज्यों के 108 जिलों को जोड़ रही हैं।

1. नई दिल्ली - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस-2 ठहराव मार्ग में (757 किमी), 2. नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस- 3 ठहराव मार्ग में(655 किमी), 3. गांधीनगर-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस-5 ठहराव मार्ग में(519 किमी), 4. नई दिल्ली-अंब अंदौरा हिमाचल प्रदेश वंदे भारत एक्सप्रेस-4 ठहराव मार्ग में(412 किमी), 5. चेन्नई-मैसूरु वंदे भारत एक्सप्रेस-2 ठहराव मार्ग में(504 किमी), 6. नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस-4 ठहराव मार्ग में(411 किमी), 7. हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस-3 ठहराव मार्ग में(562 किमी), 8. सिकंदराबाद-विशाखा पत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस-4 ठहराव मार्ग में (702 किमी), 9. मुंबई- सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस -4 ठहराव मार्ग में(457किमी), 10-मुंबई- साईनगर शीर्डी वंदे भारत एक्सप्रेस-3 ठहराव मार्ग में(343 किमी)।

प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशि भूषण, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे डॉ अमित मालवीय, स्टेशन निदेशक वी के द्विवेदी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रमुख प्रतिनिधि सहित दर्जनों पर मुकदमा दर्ज

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र के बादपुर में को रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गये जिसमें दोनों तरफ से तहरीर दी गई। जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह के पुत्र व माण्डा प्रमुख प्रतिनिधि धनवंत उर्फ रिशू सिंह,बलवन्त उर्फ प्रिंस सिंह,विवेक उर्फ. जज्जे सहित डेढ़ दर्जन लोगों के ऊपर लोकेश सिंह ने गाली गलौज जान से मारने सहित विभिन्न विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। दूसरे पक्ष से संतोष सिंह ने तहरीर दी की उमेश सिंह, राजेश सिंह,गिरीश सिंह, रघुवंश सिंह,लोकेन्द्र सिंह के ऊपर खेत से आते वक्त गाली गलौज व जान से मारने सहित मुकदमा दर्ज कराया जिसमें माण्डा पुलिस जांच कर रही है।

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 25 को उरुवा और मेजा में

**उरुवा।** गत वर्षों की भांति मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत क्षेत्र के इक्छुक युवक युवतियों का सामूहिक विवाह होना तय है। जिसके लिए मेजा व उरुवा में 25 फरवरी 2023 की तिथि निर्धारित की गई है। जानकारी देते हुए एडीओ समाज कल्याण शुशान्तु पांडेय ने बताया कि मेजा में 62 जोड़ों के सापेक्ष 7 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं वहीं उरुवा में 67 जोड़ों के सापेक्ष अभी तक सिर्फ 03 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अपील करते हुए श्री पांडेय ने कहा है कि इक्छुक युवा या उनके परिजन समय से पूर्व अपने ग्राम प्रधान,सचिव या स्वयं ब्लॉक मुख्यालय पहुंच कर पंजीकरण करा लें। जिससे ज्यादा से ज्यादा पात्र जोड़ो का विवाह कराया जा सके और लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले।

### बंटवारे को लेकर मारपीट, एक घायल

**थरवई।** बुधवार की सुबह बनकेसरी गांव में दो सगे भाइयों के बीच बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई मारपीट में दिनेश ने रमेश को घायल कर दिया घायल रमेश की तहरीर पर थरवई पुलिस ने दिनेश के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर करके घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

### पीपीजीसीएल ने हुनरमंद 184 युवाओं का दिया प्लेसमेंट, प्रदान की ट्रेनिंग

**बारा/शंकरगढ़।** हुनरमंद हाथ को काम की कोई कमी नहीं। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) द्वारा सीएसआर के तहत प्रशिक्षित किए गए युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। पीपीजीसीएल के सीएसआर हेड पंकज कुमार ने बताया कि कंपनी की नीतियों के मुताबिक पावर प्लांट से प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन किया गया था, जिसमें युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पंकज कुमार ने बताया कि इसमें युवाओं को सोलर पैनल लगाने, एलईडी लाइट रिपेयरिंग, हैंडसेट रिपेयरिंग समेत विभिन्न प्रकार के तकनीकी कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सीएसआरए गतिविधि कौशल निर्माण कार्यक्रम के तहत एनएसडीसी और प्रशिक्षण में भागीदारी महेंद्रा स्किलिंग के समन्वय से चलाए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद युवाओं के लिए जाब का मौका भी सुलभ करवाया गया। सीएसआर हेड पंकज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षित युवाओं के लिए आयोजित जॉब इंटरव्यू में कुल 184 युवाओं को नौकरी के लिए चुना गया है। इनका चयन इलेक्ट्रानिक्स, सोलर और एलईडी वर्क्स के लिए किया गया है। चयन के उपरांत तहसीलदार बारा रमेशचंद्र पांडेय, नायब तहसीलदार बारा, सीएफओ (पीपीजीसीएल) श्रीप्रसाद बागड़े समेत तमाम लोग मौजूद रहे। पीपीजीसीएल के सीईओ अशोक कुमार पांडा ने सभी चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों को बांटी दवाएं

**उरुवा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत बुधवार को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम उरुवा विकास खंड क्षेत्र के समहन गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर बच्चों का बारी-बारी से स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें खांसी,बुखार सहित शरीर में खून की कमी से संबंधित होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाइयां दी गयी। इस दौरान आयुष के डॉ. राममूर्ति सिंह यादव,आप्टिशियन रत्नेश कुमार राय,एएनएम प्रभा सहित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### करछना क्षेत्र पंचायत सदन की बैठक मे विकास कार्यो पर हुई चर्चा

**करछना।** बुधवार को ब्लाक सभागार मे क्षेत्र पंचायत की हुई बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी ने की।इस दौरान पुराने कार्यो की समीक्षा करते हुए नये कार्यो पर चर्चा की गई साथ ही गावो मे किए गये विकास कार्यो की गुणवत्ता के अनुरूप कार्य कराये जाने पर जोर दिया गया।पूर्व एजेडा बैठक मे प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा भी की गई वही बैठक मे ग्राम प्रधानो और क्षेत्र पचायत सदस्यो की सख्या कम होने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व क्षेत्र पचायत सदस्य विजयराज सिह ने कहा कि 30 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 20 प्रधानो के बीच एजेडा बैठक कराई गई जिसका कोरम पूरा नही था जिसके कारण उन्होने पुनः बैठक कराने की माग की है,वही बैठक मे जलपान आदि की व्यवस्था न होने पर कई प्रतिनिधियो ने नाराजगी भी व्यक्त की। ब्लाक प्रमुख और खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार ने एजेडा बैठक सपन्न होने की बात कही।इस मौके पर एडीओ कोआपरेटिव सोनल शुक्ला,बृजेश द्विवेदी मनीष शुक्ला समेत क्षेत्र पचायत सदस्य ग्राम प्रधान व ब्लाकर्मी मौजूद रहे।

### शिक्षामित्रों ने महासम्मेलन को लेकर भरी हुंकार

**करछना।** परिषदीय विद्यालयों ने कार्यरत शिक्षामित्रों ने आगामी 20 फरवरी को लखनऊ रमाबाई मैदान में आयोजीत होने वाले शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व शिक्षामित्र महासम्मेलन को लेकर शिक्षामित्र संघ करछना ईकाई ने प्राथमिक विद्यालय करछना प्रथम में बैठक किया और आगे की रणनीति बनाई गई।विगत 12 जनवरी को शिक्षामित्रों ने लखनऊ में स्वाभिमान बचाओ रैली को आयोजित कर सरकार से समन्वय नीति अपनाने के संकेत दे दिये थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुये सिद्धराज सिंह ने कहा कि आगामी 20 फरवरी को लखनऊ में शिक्षामित्रों के समस्त संघो का महासम्मेलन आयोजित है अतः सभी लोग अपनी एकजुटता से राजधानी पहुँचकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराये और ऊनी मांगों को उनके समक्ष रखे।उक्त महासम्मेलन सरकार के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा।महामंत्री अनन्त लाल ने कहा कि अल्प मानदेय में सम्पूर्ण शैक्षिक कार्य शिक्षा मित्र कर रहे है जो कि समान नीति नही है। शिक्षामित्रो को अपने हक हेतु 20 फरवरी को लखनऊ कूच करना है। बैठक में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे जिसमे प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष पकंज राव राजकरण यादव राजीव मिश्र मुरारी, मंजू देवी, अजय पांडेय, प्रमोद कुमार, अम्बरीष त्रिपाठी वंदना मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दबिश देने जा रही औद्योगिक थाने की जीप एकाएक पलटी, सिपाही घायल

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के टीएसएल रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार की भोर में दबिश देने जा रही औद्योगिक थाने की जीप एकाएक पलट गई। जिस पर बैठा एक सिपाही घायल हो गया। राहगीरों की मदद से जीप को व्यवस्थित कर घायल सिपाही को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की भोर में तकरीबन 5:00 बजे औद्योगिक थाने में तैनात दरोगा राम अभिलाष अपने सहयोगी सिपाहियों के साथ कहीं पर तभी देने जा रहे थे, जैसे ही वह लोग नैनी थाना क्षेत्र स्थित टीएसएल रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंचे, तभी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं किसी गाय को बचाने के चक्कर में जीप एकाएक पलट गई। देखते ही देखते वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से जीप को व्यवस्थित कर घायल सिपाही मनोज कुमार को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

जैसा कि मालूम हो, इस रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। डामर का तो कहीं नामोनिशान तक नहीं बचा हुआ है। इस गड्ढे युक्त सड़क पर आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा इस पर जरा सा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्रीय लोगों में उनके प्रति जबरदस्त आक्रोश की भावना व्याप्त है।

## समोधीपुर में शहीदों के सम्मान में स्कूली छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के समोधीपुर स्थित महात्मा गौतम बुद्ध बालिका जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की याद में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ थाना अध्यक्ष उतरांव श्रावन कुमार ने किया। उन्होंने ने कहा कि भारत के इतिहास में यह दिन जम्मू कश्मीर की एक दुखद घटना के साथ दर्ज है। आतंकियों ने तीन साल पहले देश के सुरक्षाकर्मियों पर कायराना हमला किया था। इस हमले में 45 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। तिरंगा यात्रा समोधीपुर उतरांव, दायमगंज,सराय बंसी प्यागी पुर नौबजार आदि गांव से होते हुए पुनः विद्यालय में समापन हुआ। वहीं तिरंगा यात्रा में महात्मा गांधी रानी लक्ष्मीबाई चंद्र शेखर आजाद भीमराव अंबेडकर, हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई व भारतीय सैनिक के झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। डीजे में राष्ट्र गानों की बौछार रही। आयोजक रणजीत सिंह कानपुरी व अशोक कुमार वर्मा ने सभी सहयोगियों के आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर उदय राज कुशवाहा, सतीश सिंह कानपुरी, डॉ धर्मेंद्र पटेल, रामलाल गुप्ता प्रधान, अविनाश मौर्य, रवि वर्मा प्रधान, आनंद पूर्व प्रधान, छोटे लाल प्रजापति, राम निहोर पूर्व प्रधान, रमेश कुमार वर्मा, रामचंद्र मौर्य, शीतला प्रसाद, प्रशांत सिंह कानपुरी, शिवांशी सिंह कानपुरी, शकुंतला देवी, खुशबू, श्वेता, राजेश वर्मा, रोहित वर्मा, विश्वनाथ वर्मा उपनिरीक्षक आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।



तिरंगा यात्रा निकालते बच्चे

### विदाई समारोह में भावुक हुए छात्र-छात्राएं

**फाफमऊ।** शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में बुधवार को स्कूल के कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सीनियर छात्रों को विदाकार जूनियर छात्र भावुक हो गए और आखों से आंसू छलक गए। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के चेयरमैन पूर्व आईपीएस कृपा शंकर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सीनियर छात्रों के स्वागत में विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसके पश्चात अदिति सिंह को मिस जीएमएस और अर्पित सिंह गहरवार को मिस्टर जीएमएस, उत्कृष्ट व्यक्तित्व हर्ष यादव, अत्यधिक पढ़ाकू श्रुति द्विवेदी एवं ऑल राउंडर आकांक्षा जायसवाल को चुना गया। सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों से अपने अनुभव साझा किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में निदेशक वीरेंद्र सिंह, सह निदेशक क्षितिज विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार शर्मा सहित भारी संख्या में छात्र - छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा आज से

**परीक्षा**

**सात विद्यालय में बनाए गए केंद्र**

**सभी केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा सुरु**

**लालापुर।** यू पी बोर्ड की परीक्षा आज से सुरु हो गई है। केंद्र ब्यवस्थापक ने सरकार के मन्सा अनुसार अपने विद्यालय में परीक्षा सफल परीक्षा कराने में जुटे है। लालापुर क्षेत्र में सात सेंटर बनाये गए है हरिशंकर पाण्डेय इंटरमीडिएट कालेज लालापुर, माँ शिवकुमारी इंटर कालेज लालापुर भटपुरा, आदिशक्ति ज्वालादेवी बेलामुण्डी, रामराज इंटर कालेज बेलामुण्डी बढैया, हेमवती नन्दन बहुगुणा चिल्ला गौहानी, श्री राम सिंह इंटर कालेज गोलैहा, माँ राजरानी इन्टरकालेज मदनपुर बघला, के केंद्र ब्यवस्थापक ने नकल बिहीन परीक्षा की तैयारी कर-के परीक्षा सुरु करवा दी।परीक्षा देने वाले परिक्षाथीयो ने समय से अपना प्रवेश पत्र लेकर आवंटित कमरे में परीक्षा दे रहे है।

सीसी टीवी कैमरा, पानी की ब्यवस्था, विद्यालय की साफ सफाई लैट्रीन बाथरूम, जनरेटर की ब्यवस्था परीक्षा केंद्र पर की गई है। अब देखना यह है कि सरकार के मन्सा अनुसार नकल बिहीन परीक्षा केंद्र पर अंतिम परीक्षा तक हो पाएगी।

### नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से होंगी बोर्ड परीक्षा : शुभम यादव

**कोरांव।** गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो चुकी है, कोरांव में गोपाल विद्यालय इंटर कालेज समेत कुल 17 केंद्र बनाए गए है,परीक्षाएं 2 शिफ्ट में होंगी सुबह 8 बजे से 11.15 तक पहली शिफ्ट में हाई स्कूल की व दोपहर 2 बजे से 5.15 तक इंटर मीडिएट की परीक्षाएं होंगी हाई स्कूल में कुल 6432 व इंटर में कुल 6265 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

एसडीएम शुभम यादव ने बताया की परीक्षा की सतत निगरानी हेतु 2 सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार कोरांव अनिल कुमार वर्मा व बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार बनाए गए है, बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह से शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन होंगी, विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा किंतु शांतिपूर्ण परीक्षा में किसी भी प्रकार की खलल डालने वालों पर कठोर कार्यवाही होंगी।

## शिक्षा में खेल आवश्यक क्यों? विषयक प्रतियोगिता में साक्षी रही प्रथम

**मेजा।** वॉइस फार चाइल्ड राइट्स द्वारा चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल मनुकापूरा, मेजा, प्रयागराज में शिक्षा में खेल आवश्यक क्यों? विषय पर जूनियर हाई स्कूल स्तर तक के बच्चों के लिए एक निबंध एवं वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में कक्षा सात की छात्रा साक्षी पटेल ने प्रथम स्थान, आठवीं की छात्रा अनन्या केशरी द्वितीय और छठवीं की छात्रा त्रिशा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त छठवीं की ही छात्र हिमांशु यादव चतुर्थ स्थान, आठवीं की छात्रा राधा पटेल पंचम स्थान एवम् छठवीं की छात्रा खुशी पटेल ने छठवाँ स्थान प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता वॉइस फार चाइल्ड राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित सिंह एवं चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर सुधाश्रु मिश्र के निर्देशन में बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज मेजारोड के वरिष्ठ शिक्षक रवि सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य शौभिक सरकार , शिक्षक दीनानाथ तिवारी , रूपनाथ पटेल , निधि पाण्डेय एवम् मंगला प्रसाद सिंह की कड़ी निगरानी में सम्पन्न हुई । प्रतियोगिता खत्म होते ही कॉपियों का तुरन्त मूल्यांकन कर उन्हें अंक प्रदान किए गए तथा लिखित प्रतियोगिता एवम् वाद -विवाद प्रतियोगिता के आधार पर प्रथम स्थान से लेकर छठवें स्थान तक के विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया और उन्हें प्रशस्तिपत्र सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र - छात्राओं को संस्था द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया । अंत में स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश मिश्र ने समस्त छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ खेल पर एवं खान - पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

### कैंसर जागरुकता रैली आयोजित

**प्रयागराज।** प्रयागराज हास्पिटल एवं रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद एकेडमिया के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को कैंसर जागरुकता रैली का आयोजन हुआ। जिसका शुभआरम्भ पदमश्री डॉ. बी. पॉल ने किया। कैंसर जागरुकता रैली में शहर के बहुत सारे चिकित्सकों के साथ शहर के प्रबुद्धजनों की भी विशेष उपस्थिति रही । इस मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से की लोगो को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया साथ ही प्रयागराज हास्पिटल के परिसर में एवं अटाला चौराह पर आम जनमानस के बीच डॉ. बी. पॉल (सीनियर आन्कोलॉजिस्ट) ने कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक किया एवं इस मौके पर प्रयागराज हास्पिटल के बिदेशक डॉ. आरिफ कादरी ने बताया के कैंसर से बचाव ही कैंसर का उपचार है। इस मौके पर रोटरी क्लब एवं एकेडमिया के फाउंडर निदेशक तारिक, असरा नवाज, आफतान एवं इसरार अहमद के साथ सभी वार्ड के सभासद भी मौजूद रहे।

## बारात में नाच रहे, गा रहे परम् तरंगी भूत : अंकुश जी महाराज





कथा के आयोजक धर्म प्रकाश शुक्ल और यजमान परिवार सहित अर्धनारीश्वर भगवान की पूजा करते हुए व शिव कथा का बखान करते अंकुश जी महाराज

**शिव कथा**

**सात दिवसीय कथा में चौथे दिन शिव बारात व अर्धनारीश्वर भगवान की महिमा का किया बखान**

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में पंडित राम उजागर शुक्ल के आवास पर रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा के चौथे दिन बुधवार को ब्रह्मलीन स्वामी श्री राजेश्वरानंद महराज के परम कृपा पात्र शिष्य कथा व्यास अंकुश जी महराज ने शिव विवाह, शिव बारात व अर्धनारीश्वर भगवान की महिमा का बखान किया । कथा के शुभारंभ में मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल सपत्नीक व धर्म प्रकाश शुक्ल (महादेव) सपत्नीक कथा व्यास की आरती किया।

कथा व्यास अंकुश जी महाराज ने मंगलवार को शिव बारात की महिमा का बखान करते हुए कहा बारात में नाच रहे गा रहे हैं परम तरंगी भूत, श्री महराज ने बारात में भूत कौन है उसके विषय मे भी विधिवत बताया । बारात विदाई के बाद शिव भगवान के अर्धनारीश्वर के रूप की महिमा का वर्णन किया । कथा के मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल सपरिवार अर्धनारीश्वर भगवान का पूजन आरती किया । कथा व्यास अंकुश जी महाराज ने कहा कि आज की कथा में पांचवे दिन गणेश जी की महिमा का बखान करेंगे। कथा के आयोजक धर्मप्रकाश शुक्ल (महादेव) व धनंजय शुक्ल ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी लोग सात दिन शिव कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं। कथा के चौथे दिन उमड़ी शिव भक्तों की भीड़।

संक्षेप

### विवाहिता को कमरे में बंद कर पीटा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के भैला मकदूमपुर गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने कमरे में बंदकर पीटा। इसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई। सुषमा देवी ने बताया कि दो साल पहले उसकी शादी अजीत कुमार के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही उससे कार की मांग की जाने लगी। आरोप है कि पखवाड़ा भर पहले मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालवालों ने कमरे में बंद कर पीट दिया। इसके बाद कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी। मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# वैलेंटाइन डे के दिन लव जिहाद का शिकार बनी महिला, मौत

**मामला कौशांबी जनपद के थाना पश्चिम शरीरा का**

**कौशाम्बी।** प्रेम के दिन के रूप में पहचान रखने वाले वैलेंटाइन डे के दिन लव जिहाद का शिकार बनकर एक हिंदू महिला को मौत हो गई। मामला थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र का बताया जा रहा है। घटना के बाद से जिले में तनाव की स्थित बनी हुई है।

घटना में तहरीर देते हुए मृतका की मां श्रीमती पत्नी राम सिंगार सिंह ने बताया कि मेरी पुत्री चंदा सिंह पत्नी स्व. दुर्गेश सिंह ग्राम चचया थाना नगरा जिला बलिया उत्तर प्रदेश की निवासी है। मेरी पुत्री को पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मीरदहन का पुरवा गांव निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र हुसैन मेरी बेटी को अच्छा जमीन और व्यवसाय दिलाने के नाम पर कौशांबी बुला लाया था। जिसने यहां पर उसके पैसे भी ले लिया और एक जमीन भी दिला दी।




मेरी बेटी ने बताया था कि आरिफ ने खुद को हिंदू बता कर ले आया था, एक सप्ताह पूर्व मेरी बेटी ने फोन किया था कि मीरदहन के पुरवा में एक पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें एक मौलवी ने उन्हें धर्म परिवर्तन करते हुए इस्लाम स्वीकार करने की बात कही। मेरी बेटी ने यह स्वीकार नहीं किया जिसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट की थी। इस पंचायत में मीरदहन का पुरवा के आबिद अली, तरन्नुम बानो, हुसैन, वाजिद अली, अली अहमद, महमूद खान, महबूब, कुदरत, बन्ने, नवाब लगभग 100 लोग शामिल थे। नहीं मानने पर उसको पंचायत में मारा-पीटा गया था। गत रात्रि मेरे पास फोन आया कि आपकी बेटी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसे अस्पताल ले जाया गया है। यहां आने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई। मामले में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर प्रकरण की पड़ताल में जुट गई थी।

### कानपुर घटना के विरोध में प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** कानपुर के मड़ौली में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई थी। इस घटना के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। जिसका परिणाम है यह हादसा। राष्ट्रपति से मांग की गई है कि दोबारा इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए इस मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## दो घरों से नकदी समेत लाखों की चोरी

**कौशाम्बी।** पइंसा के उदिहिन बुजुर्ग गांव में मंगलवार की रात दो घरों से चोर नकदी समेत लाखों रुपये का जेवर आदि उठा ले गए। सुबह लोगों को जानकारी हुई। गांव के बाहर खेत में खाली बक्सा मिला। पुलिस को चोरी की तहरीर दी गई है। उदिहिन बुजुर्ग निवासी जुम्मन अली मंगलवार की रात परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। रात में चोर दीवार फांदकर अंदर घुसे। जुम्मन के घर में रखा बक्सा तोड़कर चोर उसमें से पांच हजार रुपया नकद, पांच अंगूठी, सोने की कील उठा ले गए। इसी तरह चोरों ने रमजान के घर से भी नकदी समेत सोने व चांदी के जेवर पार कर दिया। रमजान के घर में भी चोर दीवार फांदकर घुसे थे। 11 हजार रुपये नकद के अलावा अंगूठी आदि जेवर चोर उठा ले गए हैं। गांव के ही मोहनलाल और बंगाली के यहां भी चोरों ने नकबजनी का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। बुधवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई। चोर गांव के खेत में खाली बक्सा फेंक कर गए थे। पुलिस ने खाली बक्सा बरामद किया है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर से निकले मूकबधिर युवक का तालाब में मिला शव


घटनास्थल पर मौजूद लोग

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत चायल नगर पंचायत क्षेत्र के कृष्ण नगर गांव में बुधवार को गांव के बाहर स्थित तालाब में एक मूकबधिर युवक की लाश मिली। हालांकि सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताना जरूरी होगा कि थाना अंतर्गत कृष्ण नगर निवासी मूकबधिर युवक पिछले एक दिन पहले घर से गायब हो गया था। परिवारीजनों ने खोज बीन किया था लेकिन पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर जब तक देते तब तक बुधवार को उसकी लाश तालाब में तैरती मिली। मूकबधिर युवक की मौत कैसे ही खैर यह तो स्पष्ट नहीं किया जा सकता। हां वह बात अलग है कि कहीं ऐसा न हुआ कि वह किसी काम से तालाब किनारे गया हो और पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे पानी चला गया। जब तक वह निकल पाता तब तक डूबकर उसकी मौत हो गई हो। बहरहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त मो. यूनुस पुत्र स्व .रसूख अहमद निवासी कृष्णा नगर वार्ड नंबर नौ चायल खास के रूप में की है।

# जेसीबी व ट्रैक्टर से खोदा जा रहा है अमृत सरोवर

**कनैली, कौशाम्बी।** केन्द्र सरकार की मंशा है कि मजदूरों को गांव में ही सौ दिन का काम मिले, इसके लिए सरकार ने नरेगा योजना के तहत विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाकर मजदूरों को गांव में ही काम देने का प्राविधान रखा है, जिससे दिहाड़ी मजदूरों को इधर उधर भटकना न पड़े, लेकिन इस योजना को अधिकारी पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विकासखंड कौशांबी के जुगराजपुर में इन दिनों देखने को मिल रहा है।

जुगराजपुर गांव में अमृत सरोवर की खोदाई का काम चल रहा है। जिसमें जिम्मेदार रात में अंधेरे का फायदा उठाकर जेसीबी और ट्रैक्टर का प्रयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय ट्रैक्टर और जेसीबी से तालाब की खुदाई की जा रही है। उसी मिट्टी को बराबर कराने के लिए दिन में कुछ मजदूरों को लगाकर जेसीबी से खोदी गई मिट्टी का समतलीकरण कराया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप है कि ब्लॉक कर्मियों से इसकी शिकायत की गई है। लेकिन ब्लॉक कर्मियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे अमृत सरोवर की खुदाई में जिम्मेदार जेसीबी और ट्रैक्टर के प्रयोग से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने अब जिलाधिकारी से शिकायत करने


जेसीबी से खोदा गया अमृत सरोवर

का मन बनाया है। खैर मामले में कितनी सच्चाई है यह तो अधिकारियों के जांच के स्पष्ट हो सकेगा।

## दावत खाकर आ रहे युवक को रंजिशन पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के डीहा निवासी राजेश कुमार पुत्र राम लौटन के मुताबिक दो को मुहल्ले में ही किराना की दुकान से सौदा लेने गया था। दुकान के मुख्य रास्ते में अन्य लोग गाड़ी लगाये बैठे थ, जिससे युवक ने उन लोगो से गाड़ी किनारे खड़ी करने को कहा ताकि दुकान जाने में परेशानी न हो। इस पर उक्त लोगों ने अपनी गाड़ी हटाने के बजाए युवक से धक्का मुक्की गाली-गलौज शुरू कर दिया। आरोप है कि उक्त लोग नशे में भी थे। आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव किया लेकिन वह लोग बाद में देख लेने की धमकी देकर चले गये। मंगलवार को युवक जब एक दावत से रात लगभग नौ बजे के आसपास लौट रहा था तो नीरज पुत्र राम बहोरी व मंगल पुत्र राम मिलन व गोलू पुत्र नत्थू व मनीष पुत्र राम सिंह व अज्ञात तीन चार लोगो ने युवक को घेर लिया तथा लाठी से पीट कर घायल कर दिया। पीडित ने बुधवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया है।

# डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

**समीक्षा**

**लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एव नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति एवं सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं खनन अधिकारी को अवैध खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही करने सुनिश्चित के निर्देश दियें। उन्होंने वाणिज्यकर, परिवहन,


कर-करेत्तर की बैठक करते डीएम सुजीत कुमार

आबकारी, विद्युत तथा स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों कोतहसीलों से समन्वय कर आरसी वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न किये जाने पर अधिशासी अभियंता विद्युत मंझनपुर व चायल, जिला आबकारी अधिकारी एवं सचिव मण्डी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को आरसी की वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरसी वसूली के लिए एक नायब तहसीलदार को नामित करने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एक अदद पीएम आवास की दरकार

**कनैली, कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आवास योजना कुछ जगहो पर अव्यवस्था की भेंटती नजर आ रही है। गरीब कमजोर मजलूम जरूरतमंद लोग एक अदद आवास के लिए तरस रहे है, जबकि तमाम ऐसे अपात्र हैं जिनके नाम आवास आवंटित होने के बाद बन भी चुका है। शिकायतों के बाद गलत आवास को निरस्त कर वसूली की कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है, जिससे गरीब कमजोर लोगो तक योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली के मामले में कौशांबी विकासखंड के ग्राम सोनवारा मजरा बेरौचा के रहने वाले दिनेश रैदास पुत्र साधू पत्नी स्व. जगजीत पाल संदीप पाल पुत्र राम खेलावन जया देवी पत्नी स्व. संजय पाल मन्नू लाल पुत्र माता बदल उर्फ माता प्रसाद सहित अनेक ऐसे लोग है जिनकी स्थिति खराब होने के बाद भी पीएम आवास नहीं मिल सका है। इसमें ऐसी पात्र महिलाएं भी शामिल हैं जिनने पति की मौत भी हो


कच्चानुमा मकान दिखाती गरीब पात्र गृहस्वामिनी

चुकी है। उन लोगों को भी पीएम आवास नसीब नहीं हुआ है। इतना ही नहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनका बारिश में घर भी गिर गया। फोटो आधार पास बुक की कापी सरकारी कार्यालय में दिए जाने के बाद भी पीएम आवास नहीं मिल सका। यहां तक की घर गिर जाने के बाद गरीब कमजोर लोगों को आपदा की भी आज तक कोई रकम नही मिली। बारिश से गिरे हुए मकान में तिरपाल डाल के अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं। गरीब पात्रों ने इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एक अदद पीएम आवास की मांग किया है।

## बिना इस्तेमाल दुर्दशा का शिकार हुआ करोड़ों का भवन

**कौशाम्बी।** सिराथू और कड़ा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अब भी पुराने भवन में चल रहे हैं। 12 वीं तक की व्यवस्था होने के बाद नए भवन का निर्माण तो कराया गया लेकिन, ठेकेदार की मनमानी के कारण ये भवन हैंडओवर नहीं हो सके। अब कारोड़ों की लागत से बने भवन निष्प्रयोज्य घोषित करने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। हैरानी की बात है कि शिक्षा विभाग के अफसर सबकुछ जानकर भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। कड़ा और सिराथू के इन विद्यालयों में पहले हाईस्कूल तक की कक्षाओं का संचालन होता था। वर्ष 2008-09 में 12 वीं तक की व्यवस्था की गई। जिसके बाद नए भवनों का निर्माण भी कराया गया। कड़ा की प्रधानाध्यापिका अनामिका विद्यार्थी ने बताया कि ठेकेदारों ने निर्माण में मानक की अनदेखी की थी। परिणाम रहा कि तत्कालीन प्रधानाचार्यों ने भवनों के हैंडओवर से मना कर दिया। करोड़ों की लागत से बने दोनों विद्यालयों के नए भवन अब जर्जर स्थिति में हैं। खिड़कियों के कांच टूट गए हैं। फर्श धंस गई हैं, दीवारें भी दरक गई हैं। शौचालय, दफ्तर, क्लॉस रूम, लैब आदि के जंगले-दरवाजे धीरे-धीरे करके गायब होते जा रहे हैं। इन भवनों को दुरुस्त कराकर इस्तेमाल में कब लाया जाएगा? ठेकेदार पर कार्रवाई कब की जाएगी? इन तमाम सवालों का जवाब किसी के पास नहीं है।

### डेढ़ किग्रा. गांजा के साथ पकड़ा गया युवक

**कौशाम्बी।** सैनी थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात नरसिंहपुर कछुआ गांव के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक की तलाशी लेते हुए उसके कब्जे से डेढ़ किग्रा. गांजा बरामद किया। पकड़ा गया युवक विजयीपुर निवासी अरूण पटेल है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में बुधवार को को एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। संस्था के निदेशक संदीप सक्सेना ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में स्टाल लगाकर छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विज्ञान प्रदर्शनी का निदेशक व प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। जूनियर कक्षाओं के छात्रों ने मल्टीपरपज हार्वेस्टर, वालकेनो ईरप्शन, वायरलेस एनर्जी, जेसीबी, मेजर होम सिक्योरिटी डिवाइस, विंड एनर्जी, वाटर साइकिल, स्क्वायर बॉक्स, कालीडोस्कोप आदि अनेक प्रकार के वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल, प्रोजेक्ट बनाकर रखे थे। मुख्य अतिथि एवं निदेशक ने प्रोजेक्ट की सराहना की। उन्होंने प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे, जिसका जवाब भी छात्रों ने दिया। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों के साथ साथ हेड मिस्ट्रेट निशी श्रीवास्तव, शिक्षक अवधेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, रामसनेही श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, नागेंद्र द्विवेदी, सचिन त्रिपाठी, विवेक शंकर चतुवेर्दी, शिवम केसरवानी, विवेक केसरवानी, खुशबू गुप्ता, रश्मि पाठक, रजनी श्रीवास्तव, साहिबा जरीन, पूनम सिंह, सूरज मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, दिव्या सिंह, अंकिता मैडम आदि लोग रहे।

### मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के कादीपुर निवासी राजेंद्र का गांव के ही युवक से जमीन की रंजिश चल रही है। आरोप है कि उसकी जमीन पर आरोपित कब्जा कर रहे हैं। कब्जे का विरोध करने पर शाम कहासुनी के बाद आरोपितों ने राजेंद्र के साथ परिवार के अन्य लोगों को पीट दिया। बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित राजेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने महिला से किया रेप का प्रयास

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम इलाज कराने गई महिला के साथ छोलाछाप डॉक्टर ने क्लीनिक में दुराचार का प्रयास किया। पीड़िता ने थाने में नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने बताया कि सोमवार को इलाज कराने के लिए स्थानीय एक क्लीनिक पर गई थी। यहां झोलाछाप डॉक्टर ने उसे इलाज के लिए अंदर बुलाया। इसके बाद दुराचार का प्रयास किया। विवाहिता के शोर मचाने पर आरोपित डॉक्टर ने कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। हंगामा करने के बाद पीड़िता घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई। मंगलवार को थाने में पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बड़ौदा ग्रामीण बैंक ने कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में लगाई चौपाल

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में बुधवार को बड़ौदा ग्रामीण बैंक के मैनेजर सुरेन्द्र मौर्य द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी आर.पी शर्मा एफ एल सी, इश्वरी प्रसाद चौधरी एफ एल सी, बैंक ऑफ बड़ौदा व सहयोगी कर्मचारी उमेश मौर्य अन्य सहयोगियों के साथ चौपाल लगाई। इस दौरान ग्रामिणों को बैंक से होने वाले फायदे को आसान तरीके से लेने के सम्बन्ध में जानकारी दी। इतना ही नहीं चौपाल में कन्या सुमंगला सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका सम्रद्धि योजना, धन लक्ष्मी योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। इतना ही नहीं बैंक से सबंधित समस्या को भी बहुत ही लगन पूर्वक निपटाया गया।


चौपाल में मौजूद बैंक अधिकारी व लोग

### प्रधान व सदस्यों के रिक्त पदों पर होगा चुनाव

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर चुनाव की घोषणा कर दी गई है। सिराथू, सरसवा, नेवादा मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में प्रधान और सदस्यों के पद रिक्त हैं जिन पर चुनाव कराया जाना है। चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी गई है। 16 फरवरी को कार्यक्रम जारी करते हुए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी। चुनाव से संबंधित समस्त कार्य संबंधित क्षेत्र पंचायत में होगा उक्त आशय की जानकारी जिला सूचना कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## 16 करोड़ से बनेंगे पांच कल्याण मंडप

**कौशाम्बी।** दोआबा की नव सृजित नगर पालिका व नगर पंचायतों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कल्याण मंडप का निर्माण कराया जाएगा। वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। अब गरीब घर की बेटियों की शादी मैरिज हॉल में होगी। मंडप का निर्माण होने के बाद नगर पालिका व नगर पंचायत के लोगों को मैरिज हाल में भारी भरकम धनराशि नहीं खर्च करना पड़ेगा। कौशाम्बी में पांच कल्याण मंडप के निर्माण के लिए 16 करोड़ 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। कल्याण मंडप के निर्माण की जिम्मेदारी सीएनडीएस को सौंपी गई है। शासन का फरमान मिलने के बाद नव सृजित नगर पालिका व नगर पंचायतों में भवन निर्माण के लिए जमीन की खोज शुरू हो गई है। जमीन मिलने के बाद कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# ब्राम्हण उत्थान सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

**कार्रवाई की मांग**

**कानपुर में हुए अग्नि कांड को लेकर महामहिम राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

**चायल,कौशाम्बी।** चायल तहसील में ब्राम्हण उत्थान सेवा समिति कौशांबी के सदस्यों ने बुधवार को कानपुर देहात हुई आग की घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा है। भेजे गए ज्ञापन में बताया कि कानपुर देहात थाना अंतर्गत ग्राम रूरा मढली गांव में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान झोपड़ी में आग लगाने से प्रमिला दीक्षित पत्नी कृष्ण गोपाल और उनकी बेटी नेहा की आग में जलकर मौके पर ही मौत हो गई थी। इसे लेकर ब्राह्मण उत्थान सेवा समिति कौशांबी के सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित उप जिलाधिकारी चायल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि अग्निकांड में हुई मां बेटी की मौत के जिम्मेदारों पर कड़ी से कड़ी


चायल उपजिलाधिकारी को सौंपा सौंपते लोग

कार्रवाई किया जाए। तथा दोषी व्यक्तियों को जल्द से जल्द जेल भेजा जाय। इस दौरान सोमनाथ मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी, सनी मिश्रा, अनुरुद्ध उपाध्याय, अतुल पांडे, भोले पांडे, अश्वनी तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, राकेश मिश्रा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### तीन जुआरियों को पकड़ा, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात गंगा के कछार दौलतपुर गांव के समीप बाग में जुए की फड़ से तीन जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से 1100 रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए जुआरी नूरआलम, बृजलाल, एजाज अहमद निवासी दौलतपुर हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी जुआरियों को जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### दुकान में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

**पट्टी।** कॉस्मेटिक की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आगजनी में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत भाट पट्टी गांव में महेंद्र वर्मा, रमेश यादव के कमरे में कॉस्मेटिक की दुकान खोल रखी है। दुकान का संचालन महेंद्र वर्मा की पत्नी किया करती थी। प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी वह दुकान बंद करने के बाद अपने घर चली गई। बुधवार की सुबह लोग उधर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है। जिसकी जानकारी दुकानदार के साथ मकान मालिक को दी गई। आगजनी में दुकान के अंदर जनरल स्टोर और कॉस्मेटिक के करीब तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया है। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लेकिन तबतक दुकान का सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आग किस कारण से लगी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

# अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का लिया जायजा

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा तैयारियों की हकीकत खंगालने के लिए विभाग की तरफ से तैनात किए गए नामित लाइजनिंग ऑफिसर डॉ0 विंध्याचल सिंह की टीम ने बुधवार को परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। लाइजन अफसर की टीम ने दर्जनभर परीक्षा केंद्रों पर जाकर केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक सुझाव दिए। टीम ने केपी हिंदू इंटर कालेज, डीएवी इंटर कालेज, संत एंथोनी इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज, जीजीआईसी नगर सहित दर्जनभर केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। परीक्षा केंद्रों पर की गई तैयारियों से लाइजनिंग अफसर डॉ0 विंध्याचल की टीम संतुष्ट दिखी। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य केपी हिंदू इंटर कालेज आदित्य कुमार सिंह, प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कालेज अवधेश कुमार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य संत एंथोनी इंटर कालेज फादर आनंद के वी जान आदि ने जांच टीम को तैयारियों के संबंध में की गई व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया।


बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची टीम

### महिला ने पड़ोसियों के खिलाफ दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव की रहने वाली बीना पांडे पत्नी अनिल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी आए दिन उसे मारते पीटते व प्रताड़ित करते रहते हैं। एक दिन पूर्व पड़ोसियों ने उसके बेटे को भी पीटा था। बुधवार को वही लोग लाठी डंडा लेकर उसके घर पर चढ़ आए और उसे व उसकी सास को मारपीट कर घायल कर दिया। वृद्ध सास को लेकर महिला पट्टी कोतवाली आई। पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## युवती से छेड़खानी कर रहे युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**पट्टी।** बाइक सवार युवकों ने रास्ते में लड़की को तमंचा सटाकर हाथ पकड़ लिया। लड़की के शोर मचाने पर ग्रामीणों व परिजनों ने युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर चली गई। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सराय भवानी गांव में दलित युवती बुधवार की सुबह दस बजे घर से दूर स्थित अपने पंपिंग सेट पर जा रही थी। इसी बीच सरखेलपुर गांव के तीन युवक बाइक से पहुंचे और लड़की को कट्टा दिखाकर रोक लिया और उसका हाथ पकड़ कर बाइक पर बैठाने लगे। इतने में लड़की ने शोर मचा दिया। आसपास के ग्रामीण व परिजन पहुंचे और लड़कों को दौड़ाकर पकड़ते हुए जमकर पिटाई की। दो युवक मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पकड़े गये युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।


दुकानें बंद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते व्यापारी

### आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर बुधवार को व्यापारियों ने बंद रखी दुकानें

**प्रतापगढ़।** मिठाई की दुकान पर बमबाजी के विरोध में व्यापारियों ने बुधवार को रानीगंज क्षेत्र के रामापुर बाजार व्यापारियों ने दुकानें बंदकर धरना प्रदर्शन किया। सीओ ने आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर अन्य मांगे मानने का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ और प्रदर्शनकारियों ने धरना बंद किया। फतनपुर थाना क्षेत्र के रामापुर बाजार निवासी विजय कुमार उर्फ दारा उमर वैश्य घर में मिठाई की दुकान चलाते हैं। सोमवार रात करीब 9 बजे ओवरब्रिज से उनकी दुकान पर 2 बम फेंके गए। जिसमें से एक बम फटने से दीवार की ईंट व कार का शीशा टूट गया था। घटना के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों ने रामापुर बाजार बंद कर दी और सुबह करीब 9 बजे धरना देकर जिले के व्यापारी नेताओं व एसपी को बुलाने की मांग करने लगे। मौके पर मौजूद सीओ रानीगंज वी प्रभाकर साहनी व एसओ फतनपुर धर्मेन्द्र सिंह ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया तो व्यापारी मान गए। दोपहर बाद धरना खत्म कर दुकानें खोल दी गईं। रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया की सभी के गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी पकड़े जाएंगे।

# खो-खो, कबड्डी में सदर प्रथम व देवसरा को मिला द्वितीय स्थान


कुश्ती में एक दूसरे पर दांव पेच आजमाते खिलाड़ी

**सांसद स्पर्धा**

### सांसद स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में चल रही सांसद स्पर्धा के दूसरे दिन बुधवार को हुए खेल में कबड्डी जूनियर बालिका में मंगरौरा प्रथम गौरा सेकंड कबड्डी सीनियर बालिका में सदर फर्स्ट आसपुर देवसरा सेकंड खो-खो सीनियर बालक वर्ग में लक्ष्मणपुर प्रथम सांगीपुर सेकंड खो-खो बालिका सीनियर वर्ग में सदर प्रथम और आसपुर देवसरा दूसरे स्थान पर रही। सांसद संगम लाल गुप्ता के भाई और संगम यूथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान कुश्ती में खिलाड़ियों ने काफी दमखम दिखाया समाचार लिखे जाने तक कुश्ती का परिणाम नहीं आया था खेल को सकुशल संपन्न कराने में जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार सिंह स्काउट टीचर सुशील सिंह सदर के पीटीआई शैलेंद्र सिंह शैलू, शकील अहमद, अभिलेख में अशोक मिश्रा और आशुतोष सिंह के अलावा अनुदेशकगण टीम इंचार्ज अपना सहयोग देते रहे। राजकुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जिसमें टीम और खिलाड़ियों को ही पुरस्कार दिया जाएगा।

### कुश्ती में धांधली पर हंगामा

कुश्ती खेल में फर्जी नाम से और हारे हुए खिलाड़ियों को लड़ाया गया। इसको लेकर टीम इंचार्जों ने हंगामा करते हुए विरोध जताया। आरोप है कि मांधाता और गौरा ब्लाक से फर्जी नामों से खिलाड़ी उतारे गए थे। जिसमें निर्णायकों की भूमिका पर भी संदेह जताया गया। हालांकि विरोध के बाद निर्णायक गलती मांगते नजर आए।

### नदारद रही मेडिकल टीम

स्टेडियम में कबड्डी और कुश्ती के कई खिलाड़ी घायल हुए। उनके उपचार के लिए मौके से मेडिकल टीम नदारद रही। काफी शोर शराबा हुआ। सीएमओ को फोन किया गया। उन्होंने बताया कि टीम सुबह ही गई है। दोपहर बाद 108 एंबुलेंस आई। लेकिन उसमें कोई डाक्टर नहीं था।

# महाशिवरात्रि पर घुइसरनाथ धाम में होगा रंगारंग कार्यक्रम

**कार्यक्रम की तैयारी**

### फिल्मी कलाकारों से रोशन होगा बाबा धाम

### एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों के बीच प्रबन्धों को लेकर हुआ मंथन


तैयारियों को लेकर मंथन करते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य

**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों पर बुधवार को बैठक हुई। एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों के बीच प्रबन्धों को लेकर मंथन हुआ। आयोजित हो रहे अटठाईसवें एकता महोत्सव में इस बार फिल्मी दुनिया के लोग भी शामिल होंगे। जानी मानी भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह के साथ सिनेस्टार रवि त्रिपाठी का विशेष ग्लैमर नजर आयेगा। रवि व अक्षरा सिंह उन्नीस फरवरी की रात अपना कार्यक्रम सांस्कृति रंगमंच से प्रस्तुत करेंगे। वहीं सत्रह फरवरी को नेहरू युवा केंद्र समेत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिखेगी। अठारह फरवरी महाशिवरात्रि को सुबह बेला में श्रीराम द्विवेदी के भजन, लोकगीत तथा सांस्कृतिक संध्या में शिव ताण्डव, देशभक्ति, ढेड़िया नृत्य, गोर्वधन, ब्रज के लोकनृत्य तथा फूलों की होली जैसे रंगारंग कार्यक्रम होंगे। उन्नींस फरवरी को अक्षरा सिंह व रवि के अलावा अवधी लोकगायन व राजस्थान तथा महाराष्ट्र एवं पंजाब व गुजरात के विविध लोकनृत्य का भी मंचन होगा। बुधवार को बाबा धाम में प्रशासनिक तथा स्थलीय तैयारियों को लेकर एसडीएम सौम्य मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बाबा धाम में सुरक्षा तथा चिकित्सा शिविर एवं प्रकाश व्यवस्था, सई नदी तट पर बांस बल्ली, साफ सफाई व श्रद्धालुओं के दर्शन को लेकर विभिन्न सुविधाओं पर विचार विमर्श किया गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से बैठक मे शामिल हुए प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने महोत्सव की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। बैठक में सीओ रामसूरत सोनकर ने तीन दिन के महोत्सव को लेकर बाबा धाम में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चैबंद बनाए रखने को लेकर सांगीपुर प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिये। सीओ ने बताया कि बाबा धाम मे पुलिस व पीएसी तथा महिला पुलिस बटालियन के साथ सीसी कैमरे की भी निगरानी होगी। महोत्सव में परिसर में गंगासागर समेत विभिन्न दर्शनीय स्थलो पर विशेष साजसज्जा की भी रूपरेखा तय हुई। बैठक में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, दृगपाल यादव आदि ने भी आयोजन समिति की ओर से प्रशासन को जरूरी सुझाव दिये। इस मौके पर सांगीपुर बीडीओ अपर्णा सैनी, सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह समेत जल निगम तथा स्वास्थ्य एवं नेडा से जुडे अफसर मौजूद रहे।

## एसडीएम के आश्वासन पर माने परिजन शव का किया अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के पाटिहार गांव के हलवाई का काम करने वाले जगन्नाथ यादव को मंगलवार को दबंगों ने पीट-पीटकर मार डाला था। पोस्टमार्टम के बाद जब उसका शव बुधवार को घर पहुंचा तो ग्रामीण आक्रोशित हो गए। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिए। सपा जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव और एसडीएम कुंडा के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने पर तैयार हुये। बताते चलें कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के पाटीहार गांव निवासी जगन्नाथ यादव शादी समारोह में राजापुर खाना बनाने जा रहे थे। मंगलवार सुबह जगन्नाथ यादव अपने बेटे आजाद के साथ जैसे ही कुंडा थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव के पास पहुंचे। उसी समय बाइक सवार दो से तीन लोगों ने रोक लिया और बकाया भुगतान की बात करते हुए गाली गलौज और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने बेटे आजाद को भी मारा। बेटे आजाद और राहगीरों ने मिलकर जगन्नाथ को सीएससी कुंडा ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे आजाद की तहरीर पर मानिकपुर थाने में दबंगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया था। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर पहुंचा तो परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर जाम कर दिया। सूचना मिलने पर कई थानों की फोर्स और कुंडा एसडीएम मौके पर पहुंचे। मृतक के बेटे आजाद ने एसडीएम कुंडा से पचास लाख रुपए और सुरक्षा की मांग की। मृतक के बेटे की मांग पर एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने जीवन बीमा कृषक से पचास लाख रुपये और जब तक लाइसेंस नहीं होता तब तक के लिए पुलिस सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। एसडीएम कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

# अधिवक्ताओं ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता सुरक्षा कानून समेत विभिन्न मांगो को लेकर बुधवार को लालगंज के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, युवा अधिवक्ताओं को पुस्तकालय प्रोत्साहन भत्ता आदि मांगो को लेकर वकील आंदोलित हैं। बुधवार को बार कौंसिल के आहवान पर वकीलों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में तहसील कैम्पस में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद दर्जनों वकील नेशनल हाइवे के तहसील गेट पर पहुंचकर घंटो नारेबाजी कर मांगो को लेकर हुंकार भरी। रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि बार कौसिल के साथ कई अधिवक्ता संगठन वकीलों की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की लगातार मांग कर रहे हैं। सरकार वायदे के बावजूद अधिवक्ताओं से जुडी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए गंभीर नही है। उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने इन मांगो न माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। वकीलों के विरोध प्रदर्शन को देख तहसील कैम्पस मे घंटो अफरातफरी का माहौल रहा। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, विकास मिश्र, रामलगन यादव, धीरेन्द्र शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, प्रवीण यादव, आशीष तिवारी, विपिन शुक्ला, सुशील शुक्ला, राकेश शुक्ला, दिनेश सिंह, आनंदमोहन श्रीवास्तव, करूणा शंकर मिश्र, लाल विनोद प्रताप सिंह, राहुल मिश्र, सिंटू मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता प्रदर्शन में रहे।


नारेबाजी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

## कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन

**प्रतापगढ़।** बाबागंज नगर वासियों द्वारा आयोजित श्री राम कथा के समापन के बाद दसवे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ब्लॉक मुख्यालय के पीछे स्थित मां भद्रकाली धाम परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिन विधि विधान से हवन पूजन के बाद कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भद्रकाली कार्यसमिति के सदस्यों ने बताया कि भंडारा दोपहर से शाम तक लगातार अनवरत चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में आयोजन समिति व अन्य लोग मौजूद रहे।


भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग


मेधावी छात्रा को साइकिल भेंट करते प्रधानाचार्य

### विदाई समारोह में छात्रा को दी गई साइकिल

**प्रतापगढ़।** कालाकांकर के ब्लाक के आलापुर स्थित जनता इण्टर मीडिएट कालेज में हाई स्कूल व इंटर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ,ज्योति मौर्या, रैंशी अग्रहरि, ज्योति विश्वकर्मा, मोहनी मौर्या के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के और पुष्प अर्पित करके किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा कक्षा 12 की छात्राओं को पुष्प गुच्छ भेंट किया तथा कक्षा 10 की छात्राओं को रोली चंदन लगाकर आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी गई। प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले कक्षा 10 व 12 के परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कालेज की मेधावी छात्रा को प्रधानाचार्य ने साईकिल भेंट की। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

### हज यात्रा के लिए 10 मार्च तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि हज यात्रा-2023 के लिए 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। हज यात्रियों की सुविधा हेतु जिला स्तर पर मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार नोडल अधिकारी मुख्तार अहमद हबीबी प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9554298786 एवं मदरसा बाजे असहब बरई कुण्डा नोडल अधिकारी शाहिद हुसैन प्रधानाचार्य मोबाइल नम्बर 9451002020 को नामित करते हुये ई-सुविधा केन्द्र, हज फैसिलीटेशन सेन्टर बनाया गया है। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदक हज-2023 के दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 03 फरवरी 2024 से कम नहीं होना चाहिये। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं होगा। एक कवर में एक परिवार के अधिकतम चार व न्यूनतम एक व्यस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेगें। प्रत्येक आवेदक के लिये मान्यता प्राप्त कोविड-19 की वैक्सीन का लगा होना अथवा उड़ान से एक माह पूर्व लगवाना आवश्यक होगा तभी यात्रा की अनुमति होगी।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

**प्रतापगढ़।** इलाके के चैरा गांव में बुधवार को भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर काली माता मंदिर और प्राचीन शिव मंदिर होते हुए कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान भारी संख्या में पुरुष और महिलाएं सिर पर आस्था का कलश लेकर यात्रा के शामिल हुए।

गड़वारा इलाके चैरा गांव में बुधवार से हरिश्चंद्र सोनी के यहां शुरू हो रही श्रीमद भागवत कथा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भारी संख्या में पुरुष और महिलाएं सिर पर आस्था का कलश रख कर चल रहे थे। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर अनेक मंदिरों में दर्शन कराते हुए कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। कलश यात्रा पहुंचने पर आचार्य विद्वानों ने विधिविधान से पूजन कराया। यात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया।इस मौके पर कथा व्यास पं श्याम शंकर मिश्र उर्फ भोले महराज, संजय सोनी, अजय सोनी, गुलाब चंद्र सोनी, सचिन सिंह, हरिकेश सोनी, राम प्रसाद सोनी, संदीप सोनी, शिवम सोनी, विजय उमरवैश्य आदि मौजूद रहे।

## प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों पर 2 मार्च को मतदान व 4 को होगी गणना : डीएम

**प्रतापगढ़।** डीएम डा0 नितिन बंसल ने जिले की ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए समय सारिणी जारी की है। उन्होने बताया कि जनपद में 02 ग्राम पंचायतों कोर्रही (विकास खण्ड बिहार) व उमरी (विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका) में प्रधानों का उप निर्वाचन तथा अन्य ग्राम पंचायतों में रिक्त 43 ग्राम पंचायत सदस्यों का उप चुनाव कराया जाना है। डीएम ने बताया कि 20 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक नामांकन पत्रों को जमा किया जायेगा। 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी वापसी एवं 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा। 02 मार्च को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान एवं 04 मार्च को सुबह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना की जायेगी। उन्होने बताया है कि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा। उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु विकास खण्ड कालाकांकर, गौरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, बाबागंज, बिहार, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, शिवगढ़, सण्ड़वा चन्द्रिका व सदर में निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी को नियुक्त कर दिया है।

## जनसंपादकीय

# तीन पूर्वोत्तर राज्यों में बिछ चुकी है चुनावी बिसात

**दिनकर कुमार**



तीन पूर्वोत्तर राज्यों में 180 सीटों पर विधानसभा चुनाव 16 फरवरी को भाजपा शासित त्रिपुरा से शुरू होगा और इसके बाद मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को एक साथ मतदान होगा, जहां भगवा पार्टी क्षेत्रीय दिग्गजों के नेतृत्व वाले गठबंधन के क्रम में दूसरे स्थान पर है। मतगणना दो मार्च को होनी है।

ये तीन पूर्वोत्तर राज्य 2023 में भारत के व्यस्त चुनावी मौसम की शुरूआत करेंगे?। चूंकि इसके बाद कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो सकते हैं। ये चुनाव 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए टोन सेट करेंगे जब भारत अपनी नई सरकार चुनने के लिए मतदान करेगा।

भाजपा के मुख्यमंत्री वर्तमान में पूर्वोत्तर के सात हुए राज्यों में से चार में सरकारों का नेतृत्व करते हैं, यह मेघालय को सूची में जोड़कर कम से कम एक की वृद्धि की आकांक्षा रखता है। भाजपा के पूर्वोत्तर रणनीतिकार और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ईसाई-बहुल मेघालय में अगली सरकार बनाने की पार्टी की आकांक्षा के बारे में खुलकर बताया है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी सीएम संगमा के क्षेत्र में पैठ बनाने का लक्ष्य बना रही है।

**प्रद्युत माणिक्य, जो पहले कांग्रेस के साथ थे, ने आदिवासी सीटों पर प्रभाव के आधार पर टिपरा मोथा की स्थापना की है। अलग तिप्रालैंड की मांग का जो भी समर्थन करेगा, वह उसका समर्थन करेगी।**

2024 में लोकसभा के लिए बड़ी लड़ाई एक और कारण है कि बीजेपी को सरकार में बने रहने के लिए पर्याप्त सीटों से अधिक हासिल करने के लिए अतिरिक्त तत्पर देखा जा रहा है। सात बहनों के पास संयुक्त रूप से 24 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से 17 वर्तमान में एनडीए के पास हैं। एकमात्र पूर्वोत्तर राज्य जहां भाजपा की सरकार में हिस्सेदारी नहीं है, वह मिजोरम है। हालांकि, सीएम जोरमथांगा की एमएनएफ केंद्र में एनडीए की सहयोगी बनी हुई है। मिजोरम में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

कांग्रेस, जिसने दशकों तक इस क्षेत्र पर शासन किया, तीनों चुनावी राज्यों में चोटिल और पस्त पड़ी है। सबसे पुरानी पार्टी ने पिछली बार नागालैंड और त्रिपुरा में एक भी सीट नहीं जीती थी। मेघालय में, जहां यह 2018 में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी, पूर्व सीएम मुकुल संगमा ने पिछले साल कांग्रेस के आधे से अधिक विधायकों को टीएमसी में ले लिया।

लगभग 62.8 लाख योग्य मतदाता, पुरुषों की तुलना में महिलाओं की अधिक संख्या के साथ, पूर्वोत्तर चुनावी प्रतियोगिता की कुंजी रखते हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा वाले तीन राज्यों में 18-19 आयु वर्ग में 1.76 लाख नए पात्र मतदाता हैं और 80 से अधिक आयु वर्ग में 97,100 मतदाता हैं, जिनमें से 2,644 सौ साल से अधिक के हैं।

हिंसा के खतरे के कारण त्रिपुरा में मतदान पहले निर्धारित किया गया, जिसके लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की एक बड़ी संख्या की आवश्यकता थी। इसके अलावा, त्रिपुरा एक रेलहेड होने के नाते केंद्रीय बलों तक सीधी पहुंच की अनुमति देता है, जिनमें से कुछ पहले ही राज्य में पहुंच चुके हैं। त्रिपुरा में एक बार मतदान पूरा हो जाने के बाद, इनमें से अधिकांश बल नागालैंड और मेघालय में चले जाएंगे। त्रिपुरा और अन्य दो राज्यों में मतदान के बीच 12 दिनों का अंतर प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए है।

त्रिपुरा में 2018 के चुनावों में बीजेपी ने 33 सीटें जीतीं, इंडिजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने 4, सीपीएम ने 15 और कांग्रेस ने एक सीट जीती।

बीजेपी ने 2018 की अपनी जीत में लंबे वामपंथी शासन का अंत किया और बिप्लब देब मुख्यमंत्री बने। लेकिन पार्टी को अक्षमता के मुद्दों पर मई 2022 में उन्हें हटाना पड़ा और डॉ माणिक साहा को नया सीएम बनाया गया।

इसके अलावा भाजपा के अपने प्रमुख सहयोगी - आदिवासी संगठन इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के साथ संबंध खराब हैं। केंद्रीय गृह मं

दूसरी ओर, त्रिपुरा में लेफ्ट और कांग्रेस एक साथ आ गए हैं, जैसे उन्होंने 2021 में पश्चिम बंगाल में भाजपा को हराने के लिए गठबंधन किया था।

इसके अलावा, प्रद्युत माणिक्य, जो पहले कांग्रेस के साथ थे, ने आदिवासी सीटों पर प्रभाव के आधार पर टिपरा मोथा की स्थापना की है। अलग तिप्रालैंड की मांग का जो भी समर्थन करेगा, वह उसका समर्थन करेगी। बीजेपी के हंगशा कुमार त्रिपुरा भी अपने आदिवासी समर्थकों के साथ टिपरा मोथा में शामिल हो गए हैं. इससे पहले सितंबर में भाजपा विधायक बरबा मोहन त्रिपुरा भी तिपरा में शामिल हुए थे।

मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री हैं। एनपीपी के 20, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) के 2, बीजेपी के 2 और 2 निर्दलीय हैं। विपक्षी टीएमसी के पास 9 सीटें हैं। कांग्रेस से आए मुकुल संगमा के साथ 14 सीटें खाली हैं।

2018 में मेघालय विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन 60 सदस्यीय विधानसभा में उसकी 21 सीटों की संख्या कम हो गई।

राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा ने एनपीपी का समर्थन किया था। कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने। हाल ही में, एनपीपी और भाजपा के बीच दरारें सामने आईं।

2018 में बीजेपी को सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थी. पार्टी का लक्ष्य इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करना है। हिमंत बिस्वा सरमा, जो 2015 में कांग्रेस से बीजेपी में आए थे और अब नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) के संयोजक हैं, सहयोगी दलों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

एनपीपी के मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) और बीजेपी को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से कड़ी टक्कर मिलेगी। कांग्रेस भी कमर कस चुकी है।

नागालैंड में सत्तारूढ़ गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक एलायंस में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी,बीजेपी और नागा पीपुल्स फ्रंट शामिल हैं। एनडीपीपी के नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं।

2018 के चुनावों से पहले बना एनडीपीपी-बीजेपी गठबंधन नागालैंड में मजबूत होता जा रहा है। नागालैंड में कोई विरोध नहीं है। एनपीएफ के 21 विधायक यूडीए में शामिल हो गए। 2018 में एनपीएफ को 26, एनडीपीपी को 18, बीजेपी को 12, एनपीपी को 2, जेडीयू को 1 और 1 निर्दलीय सीट मिली थी।

सात जनजातियां राज्य के 16 जिलों को अलग कर अलग राज्य 'फ्रंटियर नागालैंड' की मांग कर रही हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के साथ बैठक की ताकि कोई रास्ता निकाला जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि हैं)**

# हिंडनबर्ग रिसर्च: भारतीय मीडिया की खामोशी

## समय- संदर्भ

**डॉ. ललित कुमार**



अमेरिका की वित्तीय शोध संस्था हिंडनबर्ग ने भारतीय कॉरपोरेट घराने के सबसे बड़े समूह यानी गौतम अडानी पर सीधे निशाना साधा है। दुनिया में कभी तीसरे पायदान पर सबसे अमीर बिजनेसमैन की हैसियत रखने वाले गौतम अडानी (14 फरवरी, मंगलवार तक) अब 20 अमीर लोगों की सूची से बाहर चुके है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह की कंपनियों में एक के बाद एक भारी गिरावट देखने को मिल रही हैं। रिपोर्ट आने से पहले गौतम अडानी की संपत्ति 120 अरब डॉलर थी। फोर्ब्स रियल टाइम बिलनियर्स के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति अब 52.2 अरब डॉलर तक जा पहुंची है। दिसंबर, 2022 में अडानी ग्रुप की कुल संपत्ति 155.7 अरब डॉलर तक आंकी गई थी। 24 जनवरी 2023 को आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कारण अडानी समूह की एक दिन में तुरंत 7 अरब डॉलर से ज्यादा तक की गिरावट देखी गई थी। जिस वजह से उनकी संपत्ति को अब तक 60 से 65 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। इस रिपोर्ट में अडानी के कर्ज पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं, जिस कारण अडानी समूह पर एकाउंटिंग फ्रॉड और स्टॉक मैनिपुलेशन के साथ-साथ ही उन पर भारत से सबसे ज्यादा कर्ज लेने का भी आरोप है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि अडानी समूह ने भारत के कॉर्पोरेट इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ठगी की है, जिस कारण भारत का शेयर बाजार ताश के पत्तों की तरह ढहता चला जा रहा है।

हिंडनबर्ग के संस्थापक 38 वर्षीय नाथन एंडरसन (इजराइल, एंबुलेंस ड्राइवर) ने वर्ष 2017 में इस कंपनी की स्थापना की। नाथन एंडरसन ने अमेरिका की कनेक्टिकट यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में डिग्री हासिल की, जो दुनिया की टॉप रिसर्च यूनिवर्सिटी में शामिल है। ब्लू हेरोन कैपिटल और टैंगेटल कैपिटल फॉर्म में पूंजी जुटाने के साथ-साथ अनुसंधान की दिशा में एंडरसन का यह पहला कदम था। एंडरसन की सबसे बड़ी जीत तब हुई जब उन्होंने हेज फंड प्लेटिनम पार्टनर्स कंपनी में धोखाधड़ी का पता लगाया। इस वजह से दुनिया की ज्यादातर बड़ी कंपनियां एंडरसन से डरती है। हिंडनबर्ग फॉर्म का उद्देश्य मानव निर्मित आपदाओं की तलाश करना है। जैसे अनियमितताओं का प्रबंधन और अघोषित लेनदेन में कॉर्पोरेट आपदाओं को उजागर करना इस रिसर्च फर्म की सबसे बड़ी खासियत है।

एंडरसन फर्म ने अब तक दुनिया की 16 कंपनियों पर निशाना साधा है। जिनमें सभी पर लगाए गए आरोप सच साबित हुए हैं। यह फर्म मात्र 10 लोगों को लेकर काम करती है, जिसमें ज्यादातर पूर्व पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विश्लेषक शामिल हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के पास कॉर्पोरेट के गलत कामों को उजागर करने का अब तक का सबसे बड़ा ट्रैक रिकॉर्ड है। हिंडनबर्ग ने अपनी इस रिपोर्ट में भारत की जनता पर चिंता जताते लिखा है कि अडानी समूह के साथ कई सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंक और एलआईसी की सबसे बड़ा हिस्सेदारी है, इसलिए भारत के सार्वजनिक क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान अगर किन्ही दो क्षेत्र को होता है, तो वह है भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई)। हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद मुख्यधारा मीडिया घरानों ने चुप्पी साधकर न केवल तमाशा देखा बल्कि इस रिपोर्ट में कोई दिलचस्पी नही दिखाई। साथ ही सेबी जैसी संस्था का मौन होना भी कई तरह के सवाल खड़े करने वाला रहा। भारतीय संपत्ति और 140 करोड़ लोगों को दांव पर लगाकर गौतम अडानी को एक के बाद एक कई सार्वजनिक क्षेत्रों में दखलंदाजी करने के लिए खुली छूट दी गयी। कारोबार की दुनिया में अडानी का बढ़ता ऐसा रुतबा, जिसने हर किसी को चौंका दिया। यानी जो व्यक्ति एक ही झटके में अंबानी समूह को पीछे छोड़कर एशिया का सबसे बड़ा अमीर कारोबारी बन बैठा। लेकिन हिंडनबर्ग शोध संस्था ने आपने दो साल के अध्ययन में अडानी समूह के पूरे साम्राज्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करके यह बता दिया कि यह कॉर्पोरेट घराना भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और झूठ-फरेब पर टिका है।

इस संस्था ने अडानी समूह को जिन 88 सवालों को भेजा है, उसका जवाब देने के बजाय अडानी भारतीय मीडिया में अपना झूठ को छिपाने के लिए देश के बड़े प्रिंट मीडिया घरानों को विज्ञापन देकर उनका मुंह बंद करा दिया। जिसके बाद से कई समाचार पत्रों में फुल पेज के विज्ञापन के चलते हिंडनबर्ग रिपोर्ट का कहीं कोई जिक्र तक नही हुआ। यानी इतनी बड़ी रिपोर्ट का आना और उस पर मीडिया की डलता पर्दा सीधे तौर पर भारतीय मीडिया की बेशर्मी को दिखाता है। प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने हिंडनबर्ग रिसर्च पर सही से विश्लेषण करना उचित नहीं समझा। देश के प्रतिष्ठित अखबारों में एक-एक कॉलम में लिखी गई खबरें साफ तौर पर दिखाती है कि मीडिया में नेगेटिव न्यूज के लिए कोई स्थान नहीं है जोकि बहुत गलत है। यानी अब समझ में आ रहा है कि अडानी को एनडीटीवी क्यों चाहिए था? अपने झूठ-फरेब को छुपाने के लिए एनडीटीवी को खरीदने का कारण कहीं यही भर तो नहीं था, ताकि मीडिया मैं जब उसकी पोल खुले तो उसके सारे काले कारनामों को दबाया जा सके।

28 जनवरी 2023 यानी शनिवार को कई प्रिंट मीडिया घरानों का मुंह बंद करने के लिए फुल पेज का विज्ञापन दिया गया, जो यह बताता है कि कैसे विज्ञापन के आसरे प्रिंट मीडिया घराने अब कॉर्पोरेट घराने के सामने नतमस्तक है। एनडीटीवी से लेकर अडानी पर हिंडनबर्ग की पोल खोलने की खबर प्रिंट मीडिया हाउस के लगभग समाचार पत्रों में गायब रही, यानी अब समझ में आ रहा है कि अडानी क्यों आने वाले समय में मीडिया में एक बड़ी हिस्सेदारी बढ़ाने जा रहा है। अंबानी के बाद अब अडानी भारतीय मीडिया पर एकाधिकार करने की फिराक में है ताकि भारतीय मीडिया उसके इशारों पर नाच सके।




अधिकांश बड़े मीडिया घराने ने हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को दबा डाला, जिसकी खुले तौर पर कहीं कोई चर्चा नही हुई। हिंडनबर्ग रिपोर्ट की आलोचना करने में मुख्यधारा मीडिया ने अडानी को बचाने के लिए सारे पैंतरों का इस्तेमाल किया, जिनमें अनेक बड़े मीडिया घरानें शामिल हैं। ऐसे तमाम न्यूज चैनल्स ने प्राइम टाइम शो के जरिए अडानी के कसीदे पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक डिबेट शो में हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर आर्थिक आतंकवाद फैलाने का आरोप लगा। एक अन्य चैनल 24 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक हिंडनबर्ग पर कोई खबर नहीं चलाता है, लेकिन 31 जनवरी के प्राइम टाइम शो के एंकर सीधे तौर पर इसे विपक्ष की चाल बताते हैं और कहते है कि यू टूबर देश की आर्थिक नीति तय नहीं कर सकते है। यानी मुख्यधारा मीडिया को गिरती आर्थिक गिरावट का जरा भी आभास नहीं है। अब तो ऐसा लगता है कि मुख्यधारा मीडिया ने अडानी को लेकर कसम खायी हुई है कि जब तक हम हैं आपको कुछ नहीं होने देंगे, तो ऐसे में समझ जाना चाहिए कि जब एंकर पत्रकारिता करना छोड़ दे, तो देश का कॉर्पोरेट घराना और राजनेता ऐसे ही देश में लुट मचाते रहेंगे। लेकिन ऐसे में वैकल्पिक मीडिया ने अपना काम भली भांति निभाया, जिसके चलते देश के सामने अडानी के सारे काले कारनामों का सच उजागर हो सका।

भारतीय मीडिया की कवरेज को अगर छोड़ दें तो अरब और पश्चिमी देशों की मीडिया में हिंडनबर्ग रिसर्च की चर्चा जोरो शोरों से है। अब नौबत यहां तक आने लगी है कि विदेशी बैंको द्वारा अडानी को फंड न देने के लिए खिलाफ लोग धरने पर बैठने लगे है। लेकिन भारत में यह स्थिति एकदम उलट है, एक ओर जहां वैश्विक मीडिया में हिंडनबर्ग रिसर्च भारत के इस भ्रष्ट कारोबारी का कच्चा चिट्ठा खोल रही है, तो वहीं भारतीय मीडिया विज्ञापन की घुट्टी पीकर चैन की नींद फरमा रहा है। देशभर के प्रिंट मीडिया घरानों में फुल पेज का विज्ञापन ऐसा था कि पाठक हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को ढूंढते रह गए। लेकिन अडानी ग्रुप ने इस विज्ञापन के जरिए देश में एक ऐसा माहौल बनाया कि अडानी वास्तव में राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान दे रहा है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने अडानी समूह पर जिस तरीके का शिकंजा कसा उससे पूरे कॉर्पोरेट जगत में खलबली मची और अडानी समूह के सारे काले कारनामें एक-एक करके उजागर होने लगे। इसलिए अडानी ने मीडिया के उन घरानों पर सबसे पहले फंदा फेंका जहां उसको सबसे ज्यादा डर था कि अगर देश के इन टॉप मीडिया घरानों में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट छप जाती है तो अडानी समूह का दिवालियापन हो सकता है। जिनमें ऐसे अखबार शामिल हैं जो हमेशा से अडानी के खिलाफ लिखते रहे हैं, लेकिन इस बार अडानी ने सबसे पहले इन मीडिया हाउस को अपनी ताकत का एहसास कराया है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने से निवेशकों और कारोबारियों में एक डर का माहौल है। अब ऐसे में सवाल अडानी ग्रुप का नहीं है, बल्कि सवाल उन लाखों-करोड़ों उपभोक्ताओं का है, जिनका बैंकिंग और इंश्योरेंस सेक्टर में अपना पैसा लगा है। लेकिन इन्हीं सवालों से बचने के लिए अडानी इन मीडिया घरानों पर अपना शिकंजा कसना चाहता है। रिपोर्ट आने के बाद से अडानी कॉर्पोरेट का अब एक चमकता हुआ सितारा नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए एक भय का पर्याय बन चुका है। जिससे हर कोई अब संभलकर चलना चाहता है। अडानी ने अखबारों में दिए विज्ञापन के जरिए यह बताने की कोशिश की कि आपको डरने की जरूरत नहीं है। हम राष्ट्र निर्माण में एक अग्रणी भूमिका निभाने जा रहे हैं। अडानी का कब्जा जमीन से लेकर आसमान तक, पानी से लेकर सड़कों तक तेल से लेकर ग्रीन एनर्जी तक यानी सब जगह अडानी समूह छाया है। अखबारों को दिए गये विज्ञापन में अडानी ने यह झलक दिखा दी कि कैसे अडानी समूह का कारोबार देश के टॉप बिजनेस हाउस में शामिल है। यानी इस विज्ञापन में ठीक वैसे ही भाषा का इस्तेमाल हुआ जैसी भाषा अमूमन बीजेपी के विज्ञापनों में देखने को मिलती है। जो यह दिखाना चाहते हैं कि यह सरकार सारा कारोबार किसी मुनाफे के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए कर रही है। अब इसे झूठ का फालूदा कहे या फिर भ्रष्टाचार में लिप्त कारोबार की गाथा। इसलिए ऐसे में सोचना आपको और हमको है कि देश की सार्वजनिक संपत्ति पर अधिकार वास्तव में किसका है?

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

# चुनावी रण में पुरानी पेंशन का मुद्दा

## प्रसंगवश

**राजेश माहेश्वरी**



पुरानी पेंशन का मुद्दा राजनीतिक गलियारों में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन की बहाली बड़ा मुद्दा थी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार में पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को खास तवज्जो दी। जिसका फल भी उसे मिला और उसकी सत्ता में वापसी हुई। असल में पुरानी पेंशन बहाली की मांग देशभर में काफी समय से उठ रही है। लेकिन वो कभी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनी। लेकिन हिमाचल चुनाव में ये मुद्दा बनी और अब ये उम्मीद है कि इस वर्ष कई राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के आम चुनाव में ये मुद्दा बनकर उभरेगी। केंद्र और कई राज्यों में बीजेपी की सरकार होने के बाद भी पार्टी सीधे इस पर बोलने से बचती है।

पिछले दिनों कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल व पंजाब सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भले ही राज्यों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की ओर लौटने के खिलाफ चेतावनी दी हो, लेकिन कई राज्य पहले ही इसकी तरफ वापस आने की घोषणा कर चुके हैं। फिलहाल तो ओपीएस पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा में भी एक चुनावी मुद्दा बन चुकी है। यहां 16 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। वाम मोर्चे ने सत्ता में आने पर ओपीएस लाने का वादा किया है. गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य में 28 लाख मतदाताओं में 1.04 लाख सरकारी कर्मचारी और 80,800 पेंशनभोगी हैं। इसलिए यहां यह मुद्दा काफी मायने रखता है।

पुरानी पेंशन स्कीम को दरकिनार करते हुए वाजपेयी सरकार इसके बदले में एक नई पेंशन योजना (एनपीएस) लेकर आई थी जिसे 2004 से पूरे देश में लागू कर दिया गया था। पुरानी पेंशन स्कीम में कम से कम 20 सालों तक काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों की पेंशन सेवानिवृति से पहले लिए गए अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होती है और यह पूरी राशि सरकार की तरफ से दी जाती है। पेंशन का भुगतान कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय किया जाता है।

वहीं दूसरी तरफ एनपीएस यानी नई पेंशन स्कीम अंशदान आधारित पेंशन योजना है। इसमें कर्मचारी के साथ-साथ सरकार भी अंशदान देती है। सरकार और कर्मचारी मिलकर कर्मचारी के वेतन का क्रमशः 10 फीसदी और 14 फीसदी पेंशन फंड में योगदान करते हैं। इस पेंशन फंड का निवेश पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो में किया जाता है। दरअसल विचार यह है कि ये अंशदान बढ़ेंगे और इसलिए सरकार जरूरत पड़ने पर पेंशन का भुगतान करने के लिए इन फंडों का इस्तेमाल कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कई रिपोर्टों में ओपीएस में वापसी को राजकोष पर बढ़ते भार के रूप में रेखांकित किया है क्योंकि यह केंद्र सरकार की देनदारी को कई गुना बढ़ा देता है।

वहीं दूसरी ओर देश के कई जाने-माने अर्थशास्त्री भी आर्थिक सुधारों व वित्तीय संतुलन की कवायद के बीच पुरानी पेंशन के देशव्यापी बोझ से अर्थव्यवस्था के दबाव में आने की आशंका जता रहे हैं। पिछले दिनों हिमाचल के चुनाव में ओल्ड पेंशन बड़ा सियासी मुद्दा बना, भाजपा ने उसकी कीमत भी चुकाई। बताते हैं कि पेंशन योजना लागू होने से राज्य पर नई पेंशन के मुकाबले चार गुना वित्तीय बोझ बढ़ेगा। इस समय हिमाचल में पेंशन पर लगभग 7500 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है।

विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है। लेकिन पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर विपक्षी दलों को पेंशनधारकों का साथ मिलता दिखाई दे रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पहाड़ी राज्य हिमाचल में बीजेपी की हार की बड़ी वजह ओपीएस फैक्टर भी रहा, जिसे कांग्रेस ने लागू करने का वादा किया था। 2002 के यूपी विधानसभा चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने ओल्ड पेंशन स्कीम को घोषणापत्र में शामिल किया था। पार्टी को इसका जबरदस्त फायदा भी मिला और 111 सीटों पर जीत दर्ज की। जीत के बावजूद बीजेपी की सीटें घट गई, जिसका कारण ओपीएस को ही माना गया। यूपी में कर्मचारी इसे लागू करने की मांग को लेकर सड़कों पर भी उतरे थे।

2024 में लोकसभा का चुनाव है। लोकसभा चुनाव तक राजस्थान, एमपी समेत 9 राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होंगे। देश में करीब 2 करोड़ 25 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। साथ ही जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां भी सरकारी कर्मचारियों की तादात ज्यादा हैं। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि ओपीएस बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा। अब तक कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड ने ओपीएस लागू कर दी है। हिमाचल में भी सरकार बनने के बाद सरकार ने ओपीएस लागू करने का ऐलान किया है। पंजाब की आप सरकार भी ओपीएस को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गैर-भाजपा शासित राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करके जो राजनीतिक तीर छोड़ा है, उसने केंद्र की मोदी सरकार की परेशानी बढ़ाने का काम किया है।


इस योजना से कर्मचारियों में उत्साह है और अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठन इसे लागू करवाने के लिये दबाव बना रहे हैं। चिंता जताई जा रही है कि कहीं ये मुद्दा अगले आम चुनाव में भाजपा के लिये मुश्किलें पैदा न कर दे। 2018 में किसान कर्ज माफी स्कीम को कांग्रेस ने बड़ा मुद्दा बनाया था। पार्टी ने राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ में 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था। इसका फायदा भी पार्टी को मिला और तीनों राज्यों में सरकार बनी थी। किसान कर्ज माफी को देखते हुए केंद्र सरकार ने किसानों के लिए 6 हजार रुपए सालाना सहयोग राशि देने की घोषणा की, जिससे बीजेपी को 2019 चुनाव में राहत मिली थी। राजनीतिक विशलेषकों की माने तो कांग्रेस मन बना चुकी है कि नौकरीपेशा मध्यम वर्ग से टूटे तार जोड़ने के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को गरमाया जाएगा। संकेत है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली को अहम चुनावी मुद्दा बनाएगी। सार यह है कि ओपीएस कर्मचारियों को लुभाने के लिये विपक्ष का सबसे बड़ा अस्त्र बनने वाला है।

निस्संदेह, जीवन भर नौकरी के जरिये सेवा करने वाले व्यक्ति को बुढ़ापे के लिये आर्थिक संरक्षण जरूरी है। ये लोककल्याणकारी सरकारों का दायित्व भी होता है। लेकिन लोककल्याण का मतलब ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि देश की हालत श्रीलंका व पाकिस्तान जैसी हो जाए। दरअसल, अर्थशास्त्री मानते हैं कि देश की जनता को जागरूक करने की जरूरत है कि इस फैसले की भविष्य में हमें कीमत चुकानी पड़ेगी और विकास के हिस्से का धन गैर-उत्पादक कार्यों में खर्च होगा। कर्मचारियों को तो इसका लाभ होगा, लेकिन देश का बड़ा तबका उसकी कीमत चुकाएगा। केंद्र सरकार पर इसको लागू करने का दबाव होगा, लेकिन साथ ही इसके दूसरे पक्ष को भी लोगों को समझना चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक तौर पर लिये गये गैरजिम्मेदार फैसले की कीमत हमारी आने वाली संतानों को चुकानी पड़ेगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

**ऐसे में पहले ही कर्ज में डूबी सरकारें वित्तीय सुशासन स्थापित कर पाएंगी, इस बात में संदेह है। वहीं केंद्र की तरफ से कोई वित्तीय सहयोग की बात नहीं कही गई है। योजना आयोग के पूर्व डिप्टी चेयरमैन मोंटेक सिंह अहलूवालिया ओल्ड पेंशन योजना को अव्यावहारिक व भविष्य में आर्थिक कंगाली लाने वाला बता चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा कि इसका परिणाम यह होगा कि दस साल बाद वित्तीय अराजकता पैदा हो जाएगी। उनके बयान के बाद इस मुद्दे पर नये सिरे से बहस छिड़ गई है।**

## व्यंग्य



# दुष्यंत की शायरी और सियासत

**अरविंद तिवारी**

मुझे कई बार लगता है,दुष्यंत की शायरी,शायरी नहीं एक लोक लुभावना बजट है,जिसमें हर किसी को कुछ न कुछ दिया गया है।कहीं से कोई शेर निकालो और काम में ले लो।मकान मालिक घुड़की दे रहा है,तो दुष्यंत का यह शेर सुना दो उसेयहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते है.... ।मकान मालिक की सिट्टी पिट्टी गुम हो जाएगी।बॉस अगर आपको शो कॉज नोटिस जारी करे, तो दुष्यंत जी का शेर लिख दोआप दस्ताने पहनकर छू रहे हैं आग को... ।बॉस घबरा जाएगा और अपना नोटिस वापस ले लेगा।गांव के प्रायमरी स्कूल वाले शिक्षक से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक,दुष्यंत जी को आसानी से कोट कर देते हैं।मान लो दुष्यन्त ने यह शायरी नहीं कही होती,तो क्या करते ये लोग?मीर और गालिब को कोट करना कतई आसान नहीं है।रट रटाकर उन्हें पढ़ भी दें तो,उस शायरी का सही अर्थ समझना मुश्किल होगा।फिर जिनके सामने पढ़ा जा रहा है,उनके ऊपर से नहीं गुजर जाएंगे ये मीर गालिब, इसकी क्या गारंटी है?जहां तक धूमिल की व्यंग्य कविता की बात है,विपक्ष के तो काम आ सकती है,पर सत्तापक्ष के किसी काम की नहीं है।मनमोहन सिंह जी बतौर वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री,कठिन शायरी कोट करते रहे।यह दीगर बात है कि उनकी शायरी बहुत कम लोगों को सुनाई दे पाती थी।जो किसी तरह सुन लेते थे,वे समझ नहीं पाते थे।पर सदन में बैठे दोनों तरफ के नेता ऐसे मेजें थपथपाते थे,जैसे वे सब महान सुखनवर हों!

कई बार लगता है दुष्यंत ने शेर नहीं कहे,अवैध असलाहों का निर्माण किया है!उनके शेर किसी के लिए बंदूक हैं,किसी की लाठी हैं,तो किसी के लिए तीर या तमंचा।हाथ से चलाओ या फेंक कर मारो,निशाना खाली नहीं जा सकता।और सबसे मजेदार बात तो यह है कि उसी गजल का कोई शेर सत्तापक्ष की बन्दूक है,तो उसी गजल का अन्य शेर विपक्ष का देसी तमंचा!दूसरी गजल खोलने की जरूरत ही नहीं।एक ही गजल सबके काम आ रही है।ऐसा चमत्कार किसी अन्य शायर की शायरी में दिखाई नहीं देता।गजल के जानकार भले ही कहते रहें, दुष्यंत की गजलें व्याकरण के मानदंडों पर खरी नहीं हैं, पर सियासत के मानदंडों पर खूब खरी उतर रही हैं।हर साल संसद में कोट की जाती हैं।सदन में नेता लोग एक दूसरे को इन्हीं गजलों से पीट रहे हैं।सबको दिखाई नहीं देती,पर इनकी मार इतनी भयावह होती है कि जो पिटता है वही जानता है।दुष्यंत के शेरों से कसकर पिटने वाला तिलमिलाकर रह जाता है।वह अपनी देह में पीर लिए,हो गई है पीर पर्वत सी.... गाता रहता है।

इस बार बजट सत्र में प्रधानमंत्री जी ने दुष्यंत की एक गजल का मतला कोट कर दिया।तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं... ।विपक्ष के सदस्यों ने इसी गजल के बाकी शेर पढ़ दिए।बाकी के शेर सत्तापक्ष के खिलाफ अर्थ दे रहे थे।...तू इस मशीन का पुर्जा है,मशीन नहीं.. पर खूब तालियां मिलीं।मामला पूरी तरह जमने ही वाला था कि किसी ने टोक दिया,यह मशहूर गजल तो दुष्यंत ने इमरजेंसी के खिलाफ लिखी थी।सत्तापक्ष,इस जानकारी से धराशाई होते होते बच गया।फायर जो था,वह मिस फायर में बदल गया!विपक्ष दुष्यंत को सदन में लाना चाहता था,पर इमरजेंसी की चर्चा, किसी पनौती की तरह चली आई।...फिसले जो उस जगह तो लुढ़कते चले गए,हमको पता नहीं था कि इतना ढलान है..।विपक्ष दुष्यंत जी के इसी शेर को कोसने लगा।

सियासत के पंडित इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि विपक्ष ने पी एम के भाषण के समय लोकसभा में कम हंगामा किया,जबकि राज्यसभा में ज्यादा।इसका कारण यह था कि पी एम ने लोकसभा में दुष्यंत को कोट किया था।इसलिए विपक्ष के हाईकमान ने सदस्यों की क्लास ले डाली।आप लोग दुष्यंत को तुरंत पढ़ो।विपक्षी सदस्यों ने दिन रात दुष्यंत को पढ़ा।तब जाकर कहीं राज्यसभा में हंगामा हुआ।दुष्यंत ने प्रेरित कियाकोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# जेसीबी के टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हादसा**

### परिजन ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर लगाया जाम

जनसंदेश न्यूज



मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग कोटाघाट के चौदहवां में बुधवार की सुबह अनियंत्रित जेसीबी मशीन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वही बाइक पर सवार मृतक की पत्नी व उसकी भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पंहुचे परिजन ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर जाम लगा दिया।

मौके पर पंहुचे लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया ने जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण व परिजन उच्च अधिकारियों के मांग कर अड़े रहे। मौके पर पंहुचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व तहसीलदार ने स्वजनों की मांग को तत्काल पूरा कराने का आश्वासन देते हुए दो घंटे बाद जाम को खुलवा दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के बड़गड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय राकेश उर्फ बबलू बाइक से अपनी 25 वर्षीय पत्नी बिना व 13 वर्षीय भतीजी प्रिया को लेकर विद्यालय जा रहा था कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग कोटाघाट चौदहवां के पास पंहुचा था कि लालगंज कि ओर से आ रहे जेसीबी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही आक्रोशित ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया जाम खुलने के बाद पुलिस ने जेसीबी मशीन को कब्जे में लेते हुए अपनी अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराया है। मृतक के परिजनों की मांग थी कि घायलों का बेहतर उपचार हो जेसीबी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। बेहतर उपचार के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सीएमओ से तत्काल वार्ता किया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लालगंज नवनीत सेहरा ने बताया कि परिजनों की मांगों को तत्काल पूरा करने का आश्वासन दिया गया है जिस पर परिजनों ने सड़क से जाम को हटा लिया है।

## दुष्कर्मी चाचा को पुलिस ने भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में बगल गांव के एक युवक को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका अपने घर से करीब पांच सौ मीटर दूर अपनी बहन के साथ खेल रही थी। खेलने के बाद वापस घर लौटने के दौरान मौका पाकर चाचा ने रिश्ते को शर्मसार कर भतीजी के साथ दुष्कर्म किया।

जिसके बाद नाबालिग लड़की रोते बिलखते किसी तरह अपने घर पहुंच परिजनों को आपबीती सुनाई। घटना सुनते ही परिजनों के रुह कांप गये। और पीड़िता को साथ लेकर स्थानीय थाने पर तहरीर दिया। जिसके पश्चात पुलिस तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी युवक को उसके घर से दबोच लाई। वही पुलिस ने बुधवार की सुबह बालिका को मेडिकल कराने के लिए भेज जांच में जुट गई। और दोपहर बाद आरोपी युवक को भी जेल भेज दिया। तहरीर के आधार पर घर के समीप स्थित शिव मंदिर पर सोमवार को शिवचर्चा हो रहा था। जहां पीड़िता पहुंची और उसकी मां पहले से ही गयी हुई थी। और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी अपने लोग घर को चले गये। वही बालिका कार्यक्रम खत्म होने के बाद आसपास खेल रही थी। खेलने के बाद देर शाम जब घर को जाने लगी तो बगल गांव का लथेरु पुत्र झुरु निवासी अनन्तपुर जोकि बालिका को मुंह दबाकर शिवान में उठा ?कर ले गया। और उसके साथ गलत काम किया। जिसके बाद बालिका घर पहुंच परिजनों को आपबीती सुनाई। और पिता ने मंगलवार को थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को बालिका की मेडिकल जांच कराने व आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मौके पर जुटे लोग

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के ग्राम सभा गोपालपुर के पुरवा जुड़ियां गांव निवासी लक्ष्मीना 21 वर्ष पत्नी अजय कोल ने पारिवारिक कलह से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की भोर अपने घर में परिवारिक कलह से लक्ष्मीना ने फांसी लगा लिया। जब घर वालों ने फांसी के फंदे पर लटकी लक्ष्मीना को देखा तो आवाक रह गए। आनन-फानन में तुरंत पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे मड़िहान तहसीलदार फूलचंद्र यादव व मड़िहान थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लक्ष्मीना का शादी 9 महीना पहले जुड़िया में हुई थी। थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने बताया महिला ने फांसी लगाई है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आज से शुरू होगी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

**तैयारी पूरी**

### नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए 8 जोनल, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

### परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर की परिधि में बन्द रहेगी फोटो कापी व फोटो स्कैनर की दुकान

जनसंदेश न्यूज

**मीराजापुर।** जिले में 16 फरवरी से 04 मार्च 2023 तक सम्पन्न होने वाली हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन, शान्तिपूर्ण व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद के परीक्षा केन्द्रों को 08 जोन व 15 सेक्टर में विभाजित करते हुये जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी हैं। इसके अतिरिक्त संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रो पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी हैं। जनपद में सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कुल 118 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मजिस्ट्रेट अपने निर्धारित क्षेत्रान्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों के दोनो पालियों में निगरानी करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने कहा कि जनपद में नकल विहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन कटिबद्ध है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी। सम्पूर्ण परीक्षा केन्द्र के निगरानी के लिये अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त शिव प्रताप शुक्ल को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया।

### फोटो स्कैनर परीक्षा अवधि में रहेगा प्रतिबंधित : एडीएम

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं गोपनीयता को बरकरार रखने के लिये परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम एक किलोमीटर की परिधि में फोटोकापियर, फोटो स्कैनर परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस पास ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग भी पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था हेतु परीक्षा केन्द्र तैनात सुरक्षा कर्मी के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति का शस्त्रादि लेकर परीक्षा स्थल पर जाने की अनुमति नही दी जायेग परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिये सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। सभी केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करायेंगे कि परीक्षा के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रहें। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों तथा अन्य कर्मचारी अपना परिचय पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर आयेंगे। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों, परीक्षा निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन पर किसी प्रकार इलेक्ट्रानिक संयत्र परीक्षा कक्ष के अन्दर लेकर नही जाया जायेगा। परीक्षा केन्द्र के गेट पर एक सुरक्षित बाक्स में मोबाइल आदि रखवाने के लिये केन्द्र व्यवस्थापक को व्यवस्था करनी होगी। उन्होने यह भी कहा कि परीक्षा के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरानतही प्रवेश कराया जायेगा। बालिका परीक्षार्थियों के लिये केवल महिला अध्यापकों/ पुलिस कर्मी के द्वारा केबिन बनाकर तलाशी ली जाय। परीक्षार्थियों सिटिंग प्लान के अनुसार बैठाया जाय। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र से सामूहिक नकल की सूचना प्राप्त होने पर अथवा संदेह होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुये सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाई की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु सशस्त्र सुरक्षा गार्ड व पुलिस बल की पर्याप्त मात्रा में तैनाती रहेगी।

# पावर लिफ्टिंग के नेशनल गेम में मीरजापुर के रियाज अहमद ने जीता गोल्ड

**उपलब्धि**

### क्षेत्रीय लोगों ने बधाई देने के साथ किया उज्ज्वल भविष्य कामना

**अदलहाट।** पांचवे नेशनल मास्टर गेम्स की प्रतियोगिता में किसान का बेटा रीयाज अहमद ने पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जनपद के साथ प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता मास्टर गेम्स फेडरेशन इंडिया की ओर से बीएचयू आईटी ग्राउंड में 11 से 14 फरवरी को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में पावर लिफ्टिंग में अलग- अलग कटेगरी में 350 से अधिक महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरला, आसाम, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चुनार तहसील के ग्राम निजामुद्दीनपुर निवासी रीयाज अहमद ने प्रथम स्थान पाया। रियाज अहमद दी आर्यन इण्टरनेशनल स्कूल वाराणसी में अध्यापन का कार्य करते हैं। पिताजी शेख जुम्मन किसान हैं। इनके माता अलारखी की 64 वर्ष की उम्र में इंतकाल 11 फरवरी को हो गया था। इसके बाद भी प्रतियोगिता में भाग लिए। एक साधारण और सामान्य परिवार से होते हुए भी इन्होंने लगन और अपने कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की। रियाज ने बताया कि 74 किलो भार वर्ग में 35 वर्ष आयु कटेगरी में विभिन्न प्रदेशों के कुल 19 प्रतिभागियों में भाग लिया था। इनका अगला लक्ष्य इंटरनेशनल गेम में गोल्ड मेडल हासिल करना है। रियाज अहमद के प्रथम स्थान पाने के बाद घर मेडल के साथ आने पर गांव में जश्न का महौल था। चौकी इंचार्ज नरायनपुर रणविजय सिंह, कमलेश सिंह, सत्यम सिंह, मनीष अग्रहरी, भगवान यादव, जावेद खांन राकी, राजा भाई, कुशल जायसवाल, अब्दुल्ला हासमी, रुस्तम, इकरामुद्दीन, सेराज अहमद, रुस्तम अली, अमानत अली आदि ने बधाई देने के साथ उज्वल भविष्य की कामना किया।

### सीडीओ ने खेल मैदान का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जिगना।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस ने क्षेत्र के कलना गहरवार गांव में खेल मैदान का फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि अपने दो वर्ष की ड्युटी में छानबे ब्लाक के कलना गहरवार गांव में पहले खेल मैदान का उदघाटन किया है। उद्घाटन अवसर पर तकनीक सहायक संतोष सिंह को उपायुक्त मनरेगा मोहम्मद नफीस ने उल्लेखनीय योगदान तथा चमचमाते खेल मैदान में व्यायाम के लिए मशीनें लगवाने के लिए माला पहनाकर सम्मानित किया। पंचायत भवन के पास आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर वालीबाल प्रतियोगिता शुरू कराया। 15 लाख की लागत राशि से पंद्रह विश्वा जमीन में बने खेल मैदान की बनाए जाने के लिए खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। ग्राम प्रधान शांति देवी ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। उपायुक्त मनरेगा मोहम्मद नफीस बीडीओ हरिओम गुप्ता प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी तकनीकी सहायक संतोष कुमार सिंह सेक्रेटरी राकेश तिवारी, पीयूष दुबे, पूर्व प्रधान रमाशंकर यादव, वीरेंद्र यादव, बालकृष्ण यादव आदि रहे।

## बाइक और स्कूटी टक्कर में दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहगपुर चौकी अंतर्गत राजापुर ओवर ब्रिज के पास बाइक सवार वृद्ध एवं स्कूटी सवार महिला की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस बाइक सवार वृद्ध को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया वही स्कूटी सवार महिला के पति ने मीरजापुर प्राइवेट अस्पताल ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोडसर निवासी अलबेले पुत्र बोदल उम्र 62 वर्ष अपने बाइक से मीरजापुर की तरफ से आ रहे थे वही पपरा निवासी निर्मला पाल पत्नी मनोज पाल उम्र 28 वर्ष की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक सवार वृद्ध अलबेले पुत्र बोदल को एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। वही स्कूटी सवार महिला निर्मला पाल को उनके पति मीरजापुर प्राइवेट अस्पताल ले गए। हालांकि दोनों की स्थिति सामान्य है ।

## पारिवारिक कलह में युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, हुई मौत



एम्बुलेंस से शव लेकर जाते परिजन

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पीयूरी गांव निवासी युवक ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन ट्रैक्टर द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा लेकर पहुँचे, जहां से मण्डलीय अस्पताल रेफर किया गया।

मण्डलीय अस्पताल पहुँचते ही चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। गांव निवासी राजकुमार 28 वर्ष पुत्र मंगरु का सुबह किसी बात को लेकर परिजनों से कहा सुनी हुई, जिसके बाद युवक ने विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार हेतु ट्रैक्टर पर बैठाकर पीएचसी ले गये, जहां हालत गम्भीर देखते ही डॉक्टर उषा ने एम्बुलेंस द्वारा मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन अचेतावस्था में युवक को मण्डलीय अस्पताल ले गये, जहां देखते ही चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक छः भाइयों में चौथे नम्बर का रहा। मृतक युवक को दो पुत्री है। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के सम्बंध में थाना प्रभारी संतनगर कमल टावरी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## अनुप्रिया पटेल ने दिवंगत विधायक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देती अनुप्रिया पटेल

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत पटेहरा कला सांसद सोनभद्र पकौड़ी लाल कोल के आवास पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने दिवंगत छानबे के विधायक राहुल प्रकाश कोल को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए पिता पकौड़ी लाल कोल व पत्नी रिंकी सिंह एवं माँ पन्ना देवी के अलावा बच्चो के साथ बैठकर दुःख साझा किया। पिता पकौड़ी लाल कोल को हिम्मत से काम लेने की सलाह दी। उनके साथ आशीष पटेल व तमाम अन्य पार्टी के नेताओ में भाजपा से विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, तृणमूल कांग्रेस पार्टी से ललितेशपति त्रिपाठी आदि लोगों की दिन भर आवाजाही लगी रही व प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह सीओ लालगंज दीक्षांत राज थानाध्यक्ष कमल टावरी आदि लोग रहे।

## खाद्यान्न चोरी होने की थाने में दी तहरीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव के एक खाद्यान्न के दुकानदार ने हलिया थाने में गांव निवासी तीन नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थोथा गांव निवासी सस्ते गल्ले के दुकान दार लक्ष्मीकांत दुबे ने मंगलवार को हलिया थाने में तीन नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर बताया कि खाद्यान्न उठान के बाद पोषाहार सहित 253 बोरी गांव स्थित सस्ते गल्ले की दुकान पर रखा था, जिसे रात्रि में तीन लोगों ने मकान की खिड़की का सरिया तोड़कर 50 बोरी उठाकर दुकान से 100 मीटर दूर अपने एक निर्जन मकान में रखा है। दुकानदार ने बताया कि शाम को पुलिस ने मकान मालिक के बेटे से मकान का ताला तोड़वाकर अंदर गई तो 21 बोरी खाद्यान्न तथा चार बोरी खाली मिली जिसे कोटेदार की अभिरक्षा में दे दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार व शासन गरीब जनता का पैसा करायें वापस : सुभाष मौर्या

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विकलांग सेवा समिति की मासिक बैठक बुधवार को घोड़े सहित के प्रांगण में किया गया। विचार व्यक्त करते हुए नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मौर्या ने कहा कि पीएसीएल और सहारा जैसी तमाम कंपनियां आम जनता का रुपया जमा करा कर बेवकूफ बनाने का काम किया है, जबकि गरीब जनता अपना एक एक रुपया इसलिए जमा करता है कि मेरे वक्त जरूरत पर काम आएगा। लेकिन कंपनियों की बदनियति के कारण आम आदमी को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार व शासन को आम जनमानस की समस्या को देखते हुए गरीब जनता का रुपया वापस कराने की प्रक्रिया बढ़ाएं जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। इसी दौरान संजीव गुप्ता प्रदेश महासचिव ने कहा कि सरकार द्वारा शहरी ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 68 हजार रुपया आया है। विभागीय लापरवाही व बेनेफिशरी न भेजे जाने के कारण गरीब आदमी आवास का सपना सजाए बैठा है परंतु विभागीय लापरवाही के कारण आवास का सपना सपना ही दिख रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से जटाशंकर सिंह जहरीला, रंगलाल वर्मा, अनमोल अग्रहरि, राजकुमार उपाध्याय, संजीव गुप्ता, नंदलाल, मनोज, सूरज प्रजापति, राकेश, बबलू बिंद, कन्हैयालाल, गणेश शर्मा, राजकुमार मिश्र, केदार यादव समेत कई लोग शामिल रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का आयोजन

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द में स्थित गंगा देवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ रामनगर वाराणसी द्वारा किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक डॉ दिलीप कुमार गुप्ता, एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर वाराणसी ने बताया कि शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण यह शुगर की जांच किया जाएगा तथा दवा का वितरण भी होगा ।

## सेल्फ स्टीम एंड बॉडी कांफिडेंट प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**जिगना।** ब्लाक संसाधन केंद्र विजयपुर में बुधवार को तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम एंड बाडी कांफिडेंट प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। परिषदीय विद्यालयों के 50 अध्यापकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षक द्वय मनोज मिश्र एवं सच्चिदानंद मौर्या ने बताया कि इस दौरान बालक - बालिका में भेद विभेद नहीं करने रूप रंग गुण दोष लिंग भेद ऊंच नीच जाति भेद के आधार पर असमानता से परहेज रखने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। बीईओ राजेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षुओं को बताया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। ऐसे में भावी कर्णधारों को तराशने में संकुचित मानसिकता का परित्याग कर उच्च शैक्षणिक योग्यता व क्षमता के आधार पर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में जूली गौतम, संजय कुमार, राममणि, मणिकांत मिश्रा, आनंद पांडेय, गणेश ओझा, हिमांशु सिंह, प्रांसू सिंह, दशरथ, शिवप्रसाद आदि रहे।

## संक्षेप

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा



**मीरजापुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने मण्डलायुक्त, उप पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की प्राथमिकता कार्यक्रमों के प्रगति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, संचारी रोग नियंत्रण, बेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर, आत्मनिर्भर निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य बिन्दुओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की गयी। जनपद से मीरजापुर एनआईसी में मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसान मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**मीरजापुर।** मैसी फर्गुसन टैफे ट्रैक्टर कंपनी द्वारा किसान मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को भरूहना स्थित उमा ट्रैक्टर्स पर किया गया। कंपनी द्वारा टैफे शॉपी की शुभारंभ चेन्नई से आए हुए मार्केटिंग मैनेजर के द्वारा किया गया। जहां पर मैसी फर्गुसन टैफे ट्रेक्टर के जेनुइन स्पेयर पाट्र्स और आयल का संपूर्ण रेंज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। किसानों के बीच में संपूर्ण टैफे जेनुइन पाट्र्स व आयल का जानकारी दिया गया। मिजार्पुर जनपद के विभिन्न गांव से आए हुए किसानों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। टैफे कंपनी के हेमंत उपाध्याय, रजत शर्मा, आलोक समेत अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। टैफे शापी के संचालक गोपाल शुक्ला ने सभी किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आनंद बालाजी के द्वारा फीता काटकर किया गया।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**राजगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल श्री महेश कुमार अत्री द्वारा थाना राजगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव और थाने के अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर के सफाई, मेस, शस्त्रागार, व अभिलेखों का रख-रखाव सहित लंबित विवेचनाओं को देखा गया, वहीं पुलिसकर्मियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस दौरान थाना परिसर के अंदर साफ सफाई एवं अन्य निरीक्षण को संतोषजनक पाया गया। थाने पर आने वाले व्यक्तियों के साथ शालीनता पूर्वक व्यवहार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं लंबित विवेचनाओं का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए।

### बैल के हमले से किसान घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कलां गांव निवासी 60 वर्षीय किसान छविलाल बुधवार सुबह अपने खेत पर गेंहू की सिंचाई कर रहे थे उसी दौरान गेहूं की फसल चर रहे छुट्टा बैल को खेत से बाहर निकालने के लिए गए तो बैल ने आक्रामक होकर अचानक किसान के ऊपर हमला कर दिया बैल के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल होकर खेत में गिर पड़ा किसान की चीख पुकार सुनकर अगल बगल के खेतों में सिंचाई कर रहे गांव के अन्य किसान लाठी डंडा लेकर किसान को बचाने के लिए दौड़ पड़े और बैल को खेत से बाहर खदेड़ कर किसी तरह से किसान की जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर आनन फानन में परिजन उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां डा.अवधेश कुमार ने बैल के हमले से गंभीर रूप से घायल किसान का प्राथमिक उपचार करने के बाद किसान की हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए एएसपी ने पदक से नवाजा

**कछवां।** स्थानीय थाने पर तैनात एसएसआई बजरंगबली चौबे को अभिलेखों के आधार पर उनकी कार्यशैली को देखते हुए उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से नवाजा गया। बीते 26 जनवरी 2023 को इनका पुलिस पदक सोनभद्र जिले में दिया जाना था। परंतु एसएसआई की तैनाती कछवां होने से सोनभद्र में औपचारिकता करने के बाद पत्राचार के माध्यम से पदक मीरजापुर कार्यालय आया। पदक लेकर मंगलवार की देर शाम एडिशनल एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने स्वयं कछवां थाने पर आकर एसएसआई को पदक लगाकर सम्मानित किया। एडिशनल एसपी द्वारा पदक लगाए जाने के बाद थाना प्रभारी कछवां रामस्वरूप वर्मा समेत अन्य सहकर्मियों ने चौबे जी को बधाई दिया।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक हुई मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह पड़री थाना क्षेत्र के मोहनपुर पहाड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पहुंची पढ़ ली। थाना पुलिस व आरपीएफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### ब्लॉक सभागार में बैठक

**जमालपुर।** बुधवार को ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह एवं पवन सिंह ने ग्राम सचिवो, ग्राम प्रधानों और समूह सखियो के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मे मानक का ध्यान रखते हुये समय से पूर्ण कराये जाने को निर्देशित किया। मातहतो को आवास मे एक भी रुपए न लेने की हिदायत दी कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। सुरभि शोध संस्थान चुनार मे छह मार्च को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराने के लिए आह्वान किया।

### हर घर जल योजना की खामियां हुई उजागर

**लालगंज।** डोर टू डोर पेयजल योजना की परियोजना का उस समय खामियां उजागर हुआ, जब लालगंज दुबार रोड पर डीआई पाइप टेस्टिंग के दौरान टूट जाने से सड़क पर पानी भरने लगा। पेयजल की ड्रीम प्रोजेक्ट डोर टू डोर योजना की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि टेस्टिंग के दौरान लालगंज दुबार रोड पर उसकी खामियां खुलकर ग्रामीणों और बाजार वासियों के सामने आ गई। सड़क पर बह रहे पानी देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। राहगीर भी पाइप से मोटी धार पानी का बहता देखकर कहने लगे कि टेस्टिंग में ही गुणवत्ता उजागर हो गई। बताया यह गया कि हाइड्रो टेस्टिंग तीन सौ डाया डीआई पाइप खुलने से सड़क पर पानी भरा है। ग्रामीण टेस्टिंग की सफलता को देखकर कार्यदाई संस्था के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करने लगे।

### धूमधाम से मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम ट्रस्ट के संयुक्त त्वावधान में सेंट जोसेफ स्कूल में महान समाज सुधारक ओजस्वी संत आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया, जहां सभी छात्र छात्राओं ने ऋषिवर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं उनके विचारों को रखते हुए उनके गाए हुए भजनों का भी गुणगान किया। इस अवसर पर विनायक सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक योग गुरु भोलेनाथ ने कहा कि दयानंद सरस्वती एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने मानव जाति की भलाई के लिए अनेकों अनेक सराहनीय कार्य किए। दयानंद सरस्वती को आर्य समाज के गठन का श्रेय दिया जाता है। प्रबंधक रतन जॉनसन ने कहा कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार युवा पीढ़ी के रोल मॉडल महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को हुआ था और इस दिन को हर साल उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन महिला केंद्र प्रभारी संगीता व्यास ने किया। है। इस अवसर पर प्रवीण मौर्य, मुकेश, आयुषी, मानसी, सनाया, ज्योति, रितिका, नंदिनी, अभिमन्यु, विवेक, संदीप, राहुल, समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### नारद मोह व भक्ति की कथा का कराया रसपान

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रीराम कथा का अमृतमयी पान कराते नारद मोह व भक्ति की कथा सुनाया। साध्वी ने कहा कि महादेव ने जिस स्थान पर कामदेव को भस्म किया। उसी स्थान पर नारद तप करने लगे। तप से कामदेव को भयभीत होने पर नारद को अभिमान हो गया कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली। भगवान विष्णु नारद के अंदर अभिमान होने का बीज अंकुरित होता देख माया के द्वारा विश्वमोहिनी स्वयंवर में नारद को आसक्त देखकर वानर रूप दे दिया, जिससे कुपित होकर उन्होंने विष्णु को शाप दिया। विष्णु के अवतार भगवान राम को सीता अभियोग में वानरों भालूओ संघ 14 वर्ष का जीवन वन में बिताना पड़ा। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक भानु तिवारी, सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, रमाकांत, शारदा अजय, अजय, विवेक सिंह, श्याम सुन्दर मिश्र, विनय दुबे, राकेश तिवारी, राजू शुक्ल, जेपी तिवारी, ब्रह्मा नन्द मिश्रा श्याम बहादुर सिंह आदि सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बेंगलुरू।** न्यूजीलैंड महिला टीम के वर्तमान कोच ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सॉयर द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के वर्तमान कोच भी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं के सहायक कोच होने के अलावा महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया है। आरसीबी के क्रिकेट संचालन निदेशक माइक हेसन ने टीम के ट्विटर हैंडल पर डाले वीडियो में कहा, उन्होंने (सॉयर ने) ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन विश्व कप जीते हैं। एक तेज गेंदबाजी विशेषज्ञ। उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के साथ बीबीएल खिताब भी जीता है। उनकी टीम ने द हंड्रेड के फाइनल में भी जगह बनाई। हेसन ने कहा, वह 20 से अधिक वर्षों से महिला क्रिकेट से जुड़े हैं और महिलाओं के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं।



# ऑस्ट्रेलिया पर जीत से टेस्ट में शीर्ष पर पहुंचा भारत, अब टीम इंडिया तीनों फॉर्मेट में नंबर-1

## टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अश्विन दूसरे स्थान पर, जडेजा ने भी लगाई लंबी छलांग, रोहित ने लगाई दो स्थानों की छलांग

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में मिली जीत के बाद नंबर -1 हो गई है। उसने नागपुर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पारी और 132 रन से जीत हासिल की थी। टीम इंडिया ने शीर्ष स्थान से ऑस्ट्रेलिया को हटा दिया है। अब भारत तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पर पहुंच गया है। वह टी20 और वनडे में पहले से ही शीर्ष पर है। भारतीय टीम पहली बार तीनों फॉर्मेट में एक ही समय में शीर्ष पर पहुंची है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम 2014 में एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में पहले स्थान पर थी।




वहीं दुबई। भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेले गये शुरूआती टेस्ट में आठ विकेट चटकाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। घुटने की चोट के कारण लगभग पांच महीने बाद टीम में वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा अपने हरफनमौला खेल के बूते इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच बने थे। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 15 विकेट झटके थे जिसे भारत ने तीन दिन के अंदर 132 रन से जीता था।

अश्विन ने दूसरी पारी में 37 रन देकर पांच विकेट जबकि पहली पारी में 42 रन देकर तीन विकेट चटकाये थे। 36 साल का यह गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से 21 रेटिंग अंक पीछे है। जडेजा ने मैच के पहली पारी में 47 रन देकर पांच जबकि दूसरी पारी में 34 रन देकर दो विकेट लिये। भारत के अन्य गेंदबाजों में चोट कारण पिछले साल सितंबर से टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नागपुर में शतकीय पारी खेलने का फायदा हुआ और वह 10वें से आठवें पायदान पर पहुंच गये है।. कार दुर्घटना के कारण टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है । वह सातवें स्थान पर है। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा ने दो बार सस्ते में आउट होने की कीमत चुकानी पड़ी। वार्नर एक और 10 रन की पारी खेलने के बाद छह पायदान नीचे 20वें स्थान पर आ गए हैं, जबकि ख्वाजा पहले टेस्ट में केवल एक और पांच रन बनाकर दो पायदान नीचे 10वें स्थान पर खिसक गये हैं।

मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी शीर्ष दो स्थान पर काबिज है जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर है। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी अक्षर पटेल टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में छह स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने शुरूआती टेस्ट में 84 रन की पारी खेली जो इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर है।

## ऑस्ट्रेलिया का विजयी अभियान जारी, बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया



**गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए तीन विकेट चटकाए जबकि कप्तान मेग लेनिंग ने नाबाद 48 रन की पारी खेली जिससे गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया की टूनार्मेंट में दो मैच में यह दूसरी जीत है जिससे टीम ग्रुप एक में बेहतर नेट रन रेट के कारण श्रीलंका को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई है। पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2021 में खेलने वाली वेयरहैम ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। डार्सी ब्राउन ने उनका अच्छा साथ देते हुए 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिससे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर 107 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कप्तान निगार सुल्ताना (57) उसकी तरफ से शीर्ष स्कोरर रही। उनके अलावा सिर्फ शोर्ना अख्तर (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाई। निगार ने 50 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने लेनिंग (नाबाद 48) और सलामी बल्लेबाज एलीसा हीली (37) की पारियों से 18.2 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की मार्गदर्शक होंगी सानिया मिर्जा, बोलीं- मैं बहुत खुश हूं

### 'मैं वास्तव में इस क्रांतिकारी कदम का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं'

**बेंगलुरू।** पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना आखिरी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट खेलने वाली भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए अपना मार्गदर्शक बनाया है। आरसीबी के एक बयान में छह ग्रैंडस्लैम और 43 डब्ल्यूटीए खिताब जीतने वाली सानिया ने कहा, आरसीबी महिला टीम से मार्गदर्शक के रूप में जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है।




सानिया मिर्जा ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट ने महिला प्रीमियर लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है और मैं वास्तव में इस क्रांतिकारी कदम का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। सानिया ने कहा, आरसीबी आईपीएल में एक लोकप्रिय टीम और वर्षों से बहुत अधिक फॉलो की जाने वाली टीम रही है। मैं उन्हें महिला प्रीमियर लीग के लिए एक टीम बनाते हुए देखकर बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा, यह देश में महिलाओं के क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। महिला क्रिकेटरों के लिए नए दरवाजे खोलेगा और खेल को युवा लड़कियों और युवा माता-पिता के लिए करियर की पहली पसंद बनाने में मदद करेगा।

*आरसीबी ने 18 खिलाड़ियों को शामिल कर बनाई मजबूत टीम*

सानिया ने इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद टेनिस से संन्यास ले लिया जहां वह और उनके साथी रोहन बोपन्ना मिश्रित युगल स्पर्धा में उपविजेता रहे। आरसीबी ने 18 खिलाड़ियों को शामिल करते हुए एक मजबूत टीम बनाई है जिसमें महिला क्रिकेट के कुछ बड़े नाम जैसे स्मृति मंधाना, ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी और मध्यम तेज गेंदबाज मेगन शुट, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट, दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर डेन वान नीकर्क और भारत की अंडर-19 स्टार रिचा घोष शामिल हैं।

## वेस्टइंडीज ने भारत को 119 रन का लक्ष्य दिया, दीप्ति शर्मा 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने 119 रन के लक्ष्य का पीछा करने की तेज शुरूआत की है। एक ओवर के बाद भारत का स्कोर बिना विकेट गंवाए 14 रन है। शेफाली वर्मा ने पहले ही ओवर में तीन चौके लगाए। फिलहाल शेफाली छह गेंदों में 12 रन बनाकर खेल रही हैं, जबकि स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खोल सकी हैं। वेस्टइंडीज ने भारत के सामने 119 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 118 रन बनाए। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने मैच में चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट झटके। तीन विकेट लेते ही वह भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। इस मामले में उन्होंने पूनम यादव (98 विकेट) को पीछे छोड़ा। इसके अलावा दीप्ति ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट भी पूरे कर लिए। पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट का आंकड़ा छूने वाली पहली भारतीय हैं। भारत के पुरुष क्रिकेटरों में सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल के नाम है। उन्होंने 91 विकेट झटके हैं। वहीं, महिलाओं में दीप्ति 100 विकेट का आंकड़ा छूने वाली नौवीं गेंदबाज हैं। दीप्ति ने अब तक भारत के लिए 89 टी20 मैचों में 100 विकेट झटके हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज की अनीसा मोहम्मद के नाम है। उन्होंने 125 विकेट लिए हैं।

दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम दस ओवरों में 91 रन लुटा दिए थे। भारतीय गेंदबाजों को अपनी दिशा और गेंद के टप्पे का ध्यान रखना होगा क्योंकि आगे टूनार्मेंट में उनके सामने अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत टीमें होंगी। लेग स्पिनर देविका वैद्य की वापसी से टीम जरूर मजबूत हुई है। वेस्टइंडीज की टीम को दूसरे ही ओवर में चार के स्कोर पर पहला झटका लगा। पूजा वस्त्राकर ने कप्तान हेली मैथ्यूज को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। वह छह गेंदों में दो रन बना सकीं। फिलहाल स्टेफनी टेलर और शेमेन कैंपबेल क्रीज पर हैं। दो ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर एक विकेट पर चार रन है। पूजा वस्त्राकर ने विकेट मेडन डाला।
वेस्टइंडीज की टीम ने मैच में धीमी शुरूआत की है। उसके पावरप्ले यानि शुरूआती छह ओवर में सिर्फ 29 रन बनाए। इस दौरान एक झटका लगा। स्टेफनी टेलर और शेमेन कैंपबेल फिलहाल क्रीज पर हैं।

# हार्दिक पंड्या-नताशा ने उदयपुर में फिर रचाई शादी, तस्वीरें हुई वायरल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक ने ईसाई रीति रिवाज से फिर से शादी कर ली है। कपल ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर उदयपुर में भव्य समारोह के जरिए शादी कर ली है। उदयपुर में हुई इस इंटीमेट व्हाइट वेडिंग की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छा गई हैं।

शादी में नताशा व्हाइट ड्रेस और हार्दिक सूट में नजर आए। इस दौरान हार्दिक-नताशा के साथ क्रुणाल पांड्या और पंखुड़ी शर्मा भी मौजूद रहीं। हार्दिक और नताशा ने फोटोशूट भी कराया।







हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक ने ने साल 2020 में कोर्ट मैरिज की थी, लेकिन अब कपल ने एक ड्रीम वेडिंग करते हुए अपने सपने के पूरा किया है। इस प्यारे जोड़े की शादी का एक खूबसूरत वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नताशा झूमते हुए स्टेज पर आ रही है, वहीं, बैकग्राउंड में गाना बज रहा है।

आपको बता दें कि सफेद रंग के गाउन में नताशा ने बड़ा सा घूंघट कर रखा था और उनके पीछे उनकी दोस्त उनका लंबा गाउन पकड़े चल रही है। वहीं, हार्दिक काले रंग के सूट में नजर आए दोनों ने साथ में स्टेज पर एंट्री ली। कपल जश्न मनाते हुए अपने परिवार के बीच पहुंचा और एक-दूसरे को रिंग पहना कर ईसाई धर्म के अनुसार शादी के बंधन में बंध गया। क्रिकेटर हार्दिक और एक्ट्रेस नताशा के रिश्ते का खुलासा साल 2020 में हुआ, जब हार्दिक ने दुबई में नताशा को एक क्रूज पर प्रपोज किया था। मई में कपल ने अपनी शादी और पेरेंट्स बनने की खुशखबरी फैंस को दी थी। कपल ने जुलाई में अपने प्यारे से बेटे अगस्त्य का स्वागत किया।

## 'हम रोहित का पक्ष नहीं ले रहे, बस कोहली के खिलाफ थे', चेतन शर्मा का चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और बीसीसीआई में भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा एक स्टिंग ऑपरेशन में चौंकाने वाले खुलासे करते नजर आ रहे हैं। चेतन ने दावा किया कि विराट कोहली को सौरव गांगुली पसंद नहीं करते थे और इसी वजह से रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपी गई। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि कैसे स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 कप्तानी से हटने के बाद वनडे कप्तानी से हटा दिया गया। एक टीवी चैनल ने यह स्टिंग ऑपरेशन किया था। चैनल द्वारा किए गए इस स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा कहते हैं कि बीसीसीआई ने उस समय कोहली के खराब फॉर्म को देखते हुए उन्हें वनडे की कप्तानी से हटाया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में चेतन शर्मा कथित तौर पर भारत के कप्तान के रूप में कोहली के कार्यकाल से संबंधित प्रकरण के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई विराट के आचरण से नाराज था क्योंकि वह खुद को खेल से ऊपर समझने लगे थे। उन्हें बीसीसीआई और चयन समिति द्वारा स्पष्ट रूप से टी20ई कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था। वह यह दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अनावश्यक रूप से चयन समिति में इसका मुद्दा उठाया। वह तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष के साथ इस पर बात करना चाहते थे। चेतन शर्मा ने कहा कि बीसीसीआई ने विराट की खराब फॉर्म का फायदा उठाया और उन्हें कप्तानी से हटा दिया। उन्हें देश के नंबर एक बल्लेबाज के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए था। यह शर्मनाक था। उन्होंने कई भारतीय खिलाड़ियों के फिट होने के लिए इंजेक्शन लेने के बारे में भी विस्फोटक खुलासे किए। इसके अलावा, चेतन शर्मा ने दावा किया कि बड़े क्रिकेटर अपने डॉक्टरों की सेवाओं का उपयोग करते हैं, जो खुशी से इंजेक्शन देते हैं। उन्होंने कहा, खिलाड़ी फिट नहीं हैं लेकिन वे खेलने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। वह 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी खेलने के लिए तैयार हैं। खिलाड़ी इंजेक्शन लेते हैं और खेलना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा, बुमराह झुक भी नहीं सकते तो क्या करें? खेलते हुए उन्हें एक-दो बार बड़ी चोट लग जाती है। वर्ना 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी वह चुपचाप एक कोने में जाते और इंजेक्शन लेने के बाद कहते है कि 'सर हम फिट हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या इंजेक्शन दर्द निवारक हैं तो चेतन शर्मा ने कहा, यह एक इंजेक्शन है, दर्द निवारक नहीं। हम यह भी नहीं जानते कि उन्होंने इंजेक्शन ले लिया है। दर्द निवारक दवाओं के लिए उन्हें नुस्खे की जरूरत होती है, यह भी डोपिंग के अंतर्गत आ सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या खिलाड़ियों ने इंजेक्शन खुद लिए हैं तो इस पर चेतन शर्मा ने कहा, अगर खिलाड़ी दौरे पर अपना रसोइया ले जा सकते हैं, तो वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं कि क्या उन्हें डॉक्टर नहीं मिलेगा? हजारों डॉक्टर बैठे हैं, एक फोन कॉल और डॉक्टर चल आएंगे उनके घर पर।

## मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया, अगर कोई इससे बेहतर कर रहा है तो अच्छा है : शिखर धवन



**नई दिल्ली।** शिखर धवन एकदिवसीय टीम की कप्तानी करने के तीन महीने से भी कम समय में भारतीय टीम से बाहर हो गये लेकिन इस 37 साल के सलामी बल्लेबाज ने साल के अंत में विश्व कप खेलने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। एकदिवसीय में भारत के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक धवन को बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों में खराब बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। इस बायें हाथ के बल्लेबाज ने इससे पहले नवंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर टीम का नेतृत्व किया था जब रोहित शर्मा और लोकेश राहुल को विश्राम दिया गया था। धवन की जगह टीम में आये युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने सात मैचों में एक दोहरा शतक सहित चार शतक जड़ कर मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत में पहली फॉमूर्ला ई रेसिंग के मौके पर धवन ने कहा, यह (उतार चढ़ाव) जीवन का हिस्सा हैं। समय के साथ, अनुभव के साथ आप सीखते हैं कि उन्हें आसानी से कैसे संभालना है। मुझे इससे बहुत ताकत मिलती है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अगर कोई मेरे सर्वश्रेष्ठ से बेहतर कर रहा है, तो उससे मुझे कोई शिकायत नहीं। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, इसलिए वह व्यक्ति टीम में है और मैं वहां नहीं हूं। मैं जहां भी हूं, बहुत खुश और संतुष्ट हूं। मैं सुनिश्चित करता हूं कि मेरी प्रक्रिया मजबूत हो। निश्चित रूप से मेरे वापस टीम में आने का मौका हमेशा रहता है। भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, अगर मुझे फिर से टीम में मौका मिलता है तो यह मेरे लिए अच्छा होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो भी यह अच्छा है। मैंने काफी कुछ हासिल किया है और अपनी उपलब्धि से खुश हूं। जो मेरे हिस्से का होगा वह मुझे मिलेगा, मैं किसी चीज को लेकर बेताब नहीं होता हूं। धवन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2018 और टी20 अंतरराष्ट्रीय 2021 में खेला था। वह इसके बाद से एक प्रारूप में ही खेलते थे। धवक का ध्यान फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र पर है जहां वह पंजाब किंग्स टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने कहा, आईपीएल के लिए मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। मैं दस दिनो के लिए बेंगलुरु (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में था। मेरा ध्यान फिटनेस हासिल करने पर था। आईपीएल के मद्देनजर मैं मोहाली में 24 फरवरी से टीम शिविर में शामिल होउंगा। उन्होंने कहा, मैं टीम के नेतृत्व करने का इंतजार कर रहा हूं।

# पूर्वोत्तर के विद्यार्थी समूह से मिले सीएम योगी, बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में अब सच हो रहे सपने

## मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, लखनऊ इसकी राजधानी है, यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण रखने में पूर्वोत्तर राज्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की है। पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पराधीनता काल से लेकर आजादी के बाद भी पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से अलग-थलग रखने के अनेक प्रयास हुए। वर्षों तक वहां के लोगों को मूलभूत संसाधनों तक से वंचित रखा गया। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रंग, रूप, वेश, भाषा का भेद त्याग कर पूरा देश एकजुट होकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ 'विकसित भारत' के लिए अपना योगदान कर रहा है। पूर्वोत्तर के युवा आज जेईई, नीट और सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वार्षिक 'अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (सील) कार्यक्रम के तहत आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2023 के दौरान बुधवार को 27 विद्यार्थियों के समूह ने मुख्यमंत्री से भेंट की। राजधानी लखनऊ आगमन पर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों के प्राचीन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंधों पर भी चर्चा की तो उनसे यात्रा के अनुभव के साथ- साथ पूर्वोत्तर के बारे में भी जानने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लखनऊ इसकी राजधानी है। यहां भ्रमण के दौरान विधान भवन जरूर देखें। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आधुनिक माध्यम मेट्रो है, सभी उसका अनुभव प्राप्त करें। आजादी की लड़ाई ने असम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की वीरगाथा का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी समूह को लखनऊ के निकट काकोरी भ्रमण का सुझाव भी दिया। सील प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' के लिए काम करने की बात करते हैं वह कार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बहुत पहले यानि वर्ष 1966 से सील यात्रा के माध्यम से कर रहा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता का जीवन्त अनुभव लेने का नाम है सील यात्रा। पूर्वोतर और भारत के शेष राज्यों के बीच मन की दूरी को समाप्त कर हृदय को हृदय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम इस सील यात्रा ने किया है। किसी होटल, गेस्ट हाउस आदि में रुकने की व्यवस्था से दूर इन विद्यार्थियों को विभिन्न परिवारों के बीच रहते हुए, अपने परिवार से दूर अपने एक नए परिवार का अनुभव प्राप्त होता है। यही आतिथ्य पूर्वोत्तर को शेष भारत के साथ आत्मीय जुड़ाव का कारण बनता है। पूर्वोत्तर को भारत की मुख्य धारा में लाने का सबसे सार्थक व उत्तम प्रयास अभाविप ने किया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के राष्ट्रों में भारतीय संस्कृति के प्रसार में पूर्वोत्तर के लोगों की बड़ी भूमिका रही है।

### पीरियड में महिलाओं को लीव देने की मांग वाली याचिका पर 24 फरवरी को 'सुप्रीम' सुनवाई

**नई दिल्ली।** छात्राओं व कामकाजी वर्ग की महिलाओं के लिए पीरियड लीव का प्रावधान करने के लिए राज्यों को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 24 फरवरी को सुनवाई करेगा। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार ने लोकसभा में कहा था कि शिक्षण संस्थानों में मासिक धर्म की छुट्टी लागू करने की कोई योजना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें भारत भर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं के लिए मासिक धर्म दर्द की छुट्टी की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि मासिक धर्म की समाज, सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा बड़े पैमाने पर अवहेलना की गई है, लेकिन कुछ संगठनों और राज्य सरकारों ने नोटिस लिया है। इसमें खास तौर पर क्रस्त्रंल्लंल्ल,इवीपैनन, जोमैटो, मातृभूमि, वाईजूस, इंडस्ट्री, एआईसी, जैसी कंपनियों का जिक्र है, जो पेड पीरियड लीव देती हैं. सुप्रीम कोर्ट याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई करेगा।

### तापसी पन्नू की नई फिल्म के लिए इज्जतनगर रेल मंडल से करार किया



**बरेली।** "फिर आई हसीन दिलरुबा" अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली नई फिल्म है, जिसके कई सीन मथुरा कैंट और राया स्टेशन के बीच यमुना ब्रिज पर ट्रेन में फिल्माए जाने हैं। इसके लिए इज्जतनगर रेल मंडल से करार किया गया है। यह फिल्म 2021 में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई फिल्म "हसीन दिलरुबा" की सीक्वल है। इसमें तापसी के साथ विक्रांत मैसी भी होंगे। सनी कौशल की भी भूमिका है। तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी ने पिछले दिनों सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर इस बारे में जानकारी साझा की थी। फिल्म निमार्ता ने पूर्वोत्तर रेलवे से फिल्म के कुछ सीन की शूटिंग के लिए अनुमति मांगी थी। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय ने शर्तों के साथ तीन दिन शूटिंग की अनुमति दे दी है।ुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र के मुताबिक मथुरा कैंट और राया स्टेशन के बीच यमुना ब्रिज पर 20, 21, 22 फरवरी को शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक फिल्म की शूटिंग की जाएगी।

## खास खबर

### डीआरआई मुंबई महिला यात्री के पास के 84 करोड़ की हेराइन जब्त की; तीन को किया गया गिरफ्तार

डीआरआई मुंबई को सोमवार को बड़ी कामयाबी हाथी लगी। डीआरआई ने बीते दिन एक महिला यात्री के पास से 11.94 किलोग्राम क्रीम रंग दानेदार पदार्थ मिले। जांच के दौरान पाया गया कि उनमें हेराइन की पर्याप्त मात्रा मौजूद है। इसके बाद उसे जब्त कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत करीब 84 करोड़ बताई जा रही है। डीआरआई ने बताया कि महिला हरियाणा से मुंबई आई थी। उस महिला यात्री और उसके साथ मौजूद दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### योगी सरकार ने किए 37 पीपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊः उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुधवार को प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 37 पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले कर दिए हैं। बता दें प्रदेश की सीएम योगी आदित्यनाथ कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद मजबूत करने में लगे हैं। इसी कड़ी में आज बड़ी संख्या में पीपीएस अधिकारियों के तबादले किया गए हैं।

### हिमाचल प्रदेशः खून के नमूने लेकर जा रहा ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट अस्पताल से नेर चौक अस्पताल की ओर खून के नमूने लेकर जा रहा एक ड्रोन बुधवार को उतरने समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह ड्रोन स्काई एयर कंपनी का था। मंडी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) देवेंद्र शर्मा ने इस दुर्घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि ड्रोन नेर चौक चिकित्सा महाविद्यालय की ओर जा रहा था लेकिन रास्ते में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच चल रही है।

### 'भाबी जी घर पर हैं' फेम विदिशा ने विश्वनाथ धाम में लगाई हाजिरी

#### बोलीं- पहले से काफी बदली काशी

**वाराणसी।** कॉमेडी टीवी सीरियल भाबी जी घर पर हैं में अनीता भाभी का किरदार निभाने वालीं विदिशा श्रीवास्तव बुधवार को वाराणसी पहुंचीं। बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद धाम की भव्यता निहारी। दर्शन-पूजन के बाद मीडिया से बातचीत में विदिशा श्रीवास्तव ने बताया कि आज हमने बाबा का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। मैं बाबा का धाम देखकर धन्य हो गई। जिस तरह से भव्य धाम बना है देखते ही बनता है। पहले से काफी काशी में बदलाव आया है। इस दौरान गंगा चौक पर फेंस के साथ सेल्फी भी ली। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वो बनारस पहुंचीं हैं। कॉमिडी शो 'भाबी जी घर पर हैं' में अनीता भाभी के रूप में सौम्या टंडन यानी गोरी मैम को बड़ी पहचान मिली थी। उनके जाने के बाद नेहा पेंडसे ने करीब एक साल इस रोल को निभाया। लेकिन इन दिनों विदिशा श्रीवास्तव अनीता भाभी के किरदार को निभा रही हैं। शो में उनके काम को काफी पसंद किया गया है।




### सपा विधायक मनोज पांडेय बोले, प्रशासन कानपुर देहात की घटना को दबाने की कोशिश कर रहा है

**लखनऊ।** सपा विधायक मनोज पांडेय ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में दलितों, पिछड़ों के साथ अब ब्राह्मणों का भी उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। यह सरकार खुद को ब्राह्मणों का हितैषी होने का ढोंग रच रही है। कानपुर देहात की घटना निंदनीय है। प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। विधायक अमिताभ बाजपेई को जबरन रोका गया। उन्हें नजरबंद किया गया। अहम सवाल यह है कि सरकार के इशारे पर हमें और हमारे विधायक को पीड़ित परिवार से मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा है? सरकार को किस बात का डर है? मुख्य सचेतक ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पुलिस द्वारा लगातार जनता से दुर्व्यवहार हो रहा है। कानून में सरकारी जमीन पर घर बनाने वाले की सुनवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कहां से चल रहा है ये बुलडोजर? उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर निशाना साधते हुए कहा कि फोन और समाचार पत्रों में संवेदना व्यक्त करने से कुछ नहीं होगा। सरकार पांच पांच करोड़ के दो चेक और दो नौकरियों के कागजात लेकर पहुंचे। कानपुर की जिलाधिकारी और क्षेत्र के तहसीलदार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हो।

# 'नारे लगाने-चिल्लाने से नेता नहीं बनते, चर्चा-संवाद से बनते हैं', सदन में हंगामे पर बोले ओम बिरला

## लोकतंत्र में आलोचना एक 'शुद्धि यज्ञ' - ओम बिरला



**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद और राज्य विधानसभाओं में हंगामे को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बुधवार को गुजरात विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं हैं। अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आजकल संसद और राज्य विधानसभाओं में आरोप-प्रत्यारोप की जो 'नई परंपरा' चल रही है, वह देश के संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। लोकतंत्र को 'जीवंत और सक्रिय' बनाने के लिए सदनों में रचनात्मक बहस और चर्चा की जानी चाहिए। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने एक अच्छा नेता बनने के गुर भी बताए।

कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में आलोचना एक 'शुद्धि यज्ञ' (शुद्धिकरण अनुष्ठान) है। आगे उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि जहां भी जरूरी हो, विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए, उन्हें रचनात्मक सुझाव देना चाहिए। बजाय इसके इस समय इन संस्थानों में आलोचना के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की नई परंपरा देखी जा रही है। यह देश के संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

***हमें अपनी परंपरा का पालन करना चाहिए***

इन दिनों एक नई व्यवस्था देखने को मिल रही है- सुनियोजित तरीके से सदनों को बाधित करने की। यह विधानसभा अध्यक्षों की बैठकों में भी देखी गई है। राज्यपाल/राष्ट्रपति के भाषण में व्यवधान पैदा करना संवैधानिक लोकतंत्र की अच्छी परंपरा नहीं है। जब कोई राज्यपाल या राष्ट्रपति भाषण देता है तो वह संवैधानिक रूप से श्रेष्ठ होता है। इसलिए, कोई भी पार्टी सत्ता में हो, हमें अपनी परंपरा का पालन करना चाहिए।

***नेता बनने के बताए गुर***

उन्होंने कहा कि नारे लगाने, चिल्लाने और व्यवधान पैदा करने से कोई नेता नहीं बनता, बल्कि चर्चा, बहस और संवाद से नेता बनता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र को जीवंत और सक्रिय बनाने के लिए चर्चा, बहस और कानून बनाने में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। साथ ही, जब हम कानून बनाते हैं, तो हमें लोगों और विशेषज्ञों से सुझाव और अलग-अलग इनपुट लेने चाहिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि मॉडल उपनियम तैयार करने का काम मार्च तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद सदनों की कार्यवाही में एकरूपता लाने के प्रयास में क्या अपनाया जा सकता है, यह देखने के लिए इसे विधानसभाओं में चर्चा के लिए भेजा जाएगा। गुजरात विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि इस विधानसभा में बनाए गए कानून राज्य के औद्योगिक और सामाजिक विकास के कारण बने है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नव-निर्वाचित विधायकों को पिछली बहसों और चचाओं का अध्ययन करना चाहिए और उनसे ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

## महिलाओं के लिए बड़े वादे, नड्डा बोले-पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाएंगे

### मेघालय के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मेघालय के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बनने के बाद वह सातवां वेतन आयोग लागू करेंगे। नड्डा ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की तनख्वाह भी सही समय पर मिलना सुनिश्चित करेंगे। भाजपा के घोषणापत्र में महिलाओं के लिए भी कई योजनाओं का एलान किया गया है। नड्डा ने कहा कि राज्य में बेटी के पैदा होने पर सरकार परिवार को 50 हजार रुपये का बॉन्ड देगी और बेटियों की किंडरगार्टन से लेकर पोस्ट ग्रैजुएट तक की पढ़ाई का बीड़ा उठाएगी। इसके अलावा सरकार विधवा महिलाओं और सिंगल मदर्स के लिए 24 हजार रुपये सालाना की मदद के लिए योजना शुरू करेगी, ताकि उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद की जा सके।

नड्डा ने किसानों और परिवारों के लिए भी बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को मिलने वाली राशि में दो हजार रुपये की वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी परिवारों को दो एलपीजी सिलेंडर भी दिए जाएंगे।

## शराब घोटाला मामला : तिहाड़ जेल में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन से सीबीआई कर रही पूछताछ

### तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के कम्यूनिकेशन इंचार्ज विजय नायर से भी पूछताछ की



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई तिहाड़ जेल में मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ कर रही है। यह जानकारी सत्येंद्र जैन के वकील ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने सत्येंद्र जैन से पूछताछ के लिए बीते शुक्रवार को स्पेशल जज एमके नागपाल की अदालत में आवेदन दिया था, इसे स्वीकार कर लिया गया। इसी के बाद आज सीबीआई तिहाड़ जेल पहुंचकर आबकारी घोटाला मामले में केजरीवाल के मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ कर रही है। वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि सीबीआई ने जैन से सोमवार को पूछताछ की थी। मालूम हो कि सत्येंद्र जैन इन दिनों प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

वकील ने बताया कि सत्येंद्र जैन आबकार घोटाले में आरोपी नहीं हैं लेकिन सीबीआई को उनसे कुछ जानकारी चाहिए थी। वकील ने ये भी बताया कि सीबीआई ने आम आदमी पार्टी के कम्यूनिकेशन इंचार्ज विजय नायर से भी पूछताछ की है जो इस समय मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। नायर को पहले आबकारी मामले में जमानत मिल चुकी है।

ईडी ने अपने पूरक आरोप पत्र में कहा था कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अब तक की गई जांच से पता चला है कि दिल्ली आबकारी नीति, 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी ताकि वह लगातार एक चैनल के जरिए खुद को फंड कर सकें।

धन शोधन के जिस मामले में सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं वह सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ही खड़ा है। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि जैन ने 14 फरवरी, 2015 से 31 मई, 2017 की अवधि के दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री के पद पर रहते हुए, अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।

## त्रिपुरा : कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव कराने मतदानकर्मी रवाना

### 60 विधानसभा क्षेत्रों के 3328 मतदान केंद्रों पर मतदान



**अगरतला।** त्रिपुरा में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) किरण गिट्टे ने बुधवार को कहा कि 60 विधानसभा क्षेत्रों के 3328 मतदान केंद्रों पर मतदान कराने के लिए मतदान दल कड़ी सुरक्षा के बीच बूथों के लिए रवाना हो गए। सभी बूथों के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा होगी जबकि मतदाताओं के सुरक्षित आगमन को सुनिश्चित करने के लिए सभी इलाकों में टीएसआर और पुलिस गश्त तेज कर दी गई है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 55 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि उसकी सहयोगी आईपीएफटी बाकी पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। टिपरा मोथा 20 आदिवासी बहुल सीटों सहित 60 निर्वाचन क्षेत्रों में से 42 पर अकेले चुनाव लड़ने जा रही है, जो अगली सरकार के गठन में सत्ता की कुंजी है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 43 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, और इसके वाम मोर्चा सहयोगी फॉरवर्ड ब्लॉक, आरएसपी और भाकपा एक-एक सीट पर हैं। कांग्रेस 13 सीटों पर, तृणमूल कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि 58 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं। त्रिपुरा को इस बार त्रिकोणीय चुनाव का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में वाम-कांग्रेस गठबंधन फिर से उभर रहा है और नवागंतुक टिपरा मोथा को आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिल रहा है। नागरिक प्रशासन और विभिन्न विभागों के लगभग 20,000 अधिकारियों को चुनाव को एक मॉडल के रूप में आयोजित करने के लिए लगाया गया है, जहां ईसीआई ने जीरो पोल वायलेंस के मिशन की घोषणा की है।

# सामने आया निक्की का आखिरी वीडियो : कत्ल से एक दिन पहले सीढ़ियों पर दिखी, हाथों में कपड़े ... साजिश से थी बेखबर

## दिल्ली के बाबा हरिदास नगर इलाके में बॉयफ्रेंड साहिल गहलोत ने अपनी गर्लफ्रेंड निक्की को मौत के घाट उतार दिया



**नई दिल्ली।** हरियाणा के झज्जर के खेड़ी खुम्मार गांव निवासी निक्की यादव की हत्या उसके ही प्रेमी ने बड़ी बेरहमी से की। दिल्ली के बाबा हरिदास नगर इलाके में बॉयफ्रेंड साहिल गहलोत ने अपनी गर्लफ्रेंड निक्की को मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद उसने शव को फ्रिज में रख दिया और उसी दिन दूसरी महिला से शादी करने चला गया। आरोपी साहिल गहलोत (24) को पुलिस ने गर्लफ्रेंड निक्की यादव के शव को ठिकाने लगाने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि साहिल ने गर्लफ्रेंड निक्की की केबल के तार से गला घोंटकर हत्या कर दी। वहीं हत्या से एक दिन पहले नौ फरवरी का निक्की के दिल्ली स्थित घर का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

वीडियो में निक्की सीढ़ियां चढ़ती हुई दिखाई दे रही है। उसके हाथों में कुछ कपड़े हैं और चेहरे पर किसी प्रकार का डर नहीं नजर आ रहा है। निक्की सीढ़ियां चढ़ते हुए ऊपर की ओर जाती हुई दिख रही है। वहीं शाम के समय का एक दूसरा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें निक्की घर के मुख्य गेट से अंदर की ओर जाती दिख रही है।

***निक्की की हत्या ने श्रद्धा हत्याकांड की दिला दी याद***

निक्की की हत्या मामले ने श्रद्धा हत्याकांड की याद दिला दी। श्रद्धा हत्या जैसी इस घटना ने एक बार फिर से पूरे देश की हिलाकर रख दिया है। आपको बता दें कि साहिल और निक्की यादव की मुलाकात चार साल पहले एक कोचिंग सेंटर में हुई थी। साहिल व मृतक युवती निक्की यादव पिछले दो वर्षो से सहमति संबंधों में थे। साहिल अपने परिजनों के दवाब में दूसरी लड़की से शादी कर रहा था, जबकि निक्की यादव उससे शादी करना चहाती थी।

***दिसंबर 2022 में साहिल ने दूसरी लड़की से की थी मंगनी***


पुलिस की जांच में ये बात सामने आई है कि साहिल ने निक्की से प्यार वाली बात अपने घरवालों को नहीं बताई थी। दूसरी तरफ साहिल के परिजन उस पर दूसरी लड़की से शादी करने का दवाब बनाने लगा। आखिरकार दिसंबर, 2022 में साहिल की दूसरी लड़की से मंगनी कर ली। 11 फरवरी को साहिल की शादी तय हो गई। आरोपी ने ये बात निक्की को नहीं बताई थी।

किसी तरह निक्की को यह बात पता लग गई। वह साहिल से शादी करने की जिद करने लगी। ऐसे में साहिल ने 10 फरवरी की भोर में डाटा केबल से निक्की का गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को ढ़ाबे के फ्रीज में रखकर अपने घर चला गया और 11 फरवरी को झज्जर बरात ले जाकर दूसरी लड़की शादी कर ली। पुलिस ने निक्की के शव को फ्रीज से बरामद कर लिया है।

पुलिस को साहिल ने बताया कि वह जनवरी, 2018 में उत्तम नगर स्थित कॅरिअर प्वाइंट कोचिंग सेंटर में एसएससी परीक्षाओं की कोचिंग लेने गया था। उसी समय झज्जर निवासी निक्की यादव उत्तम नगर स्थित आकाश इंस्टीट्यूट में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोचिंग ले रही थी। ये दोनों एक ही बस में रोज साथ आते थे। इस कारण दोनों की दोस्ती हो गई। दोनों के बीच जल्द ही प्यार हो गया।



**उत्तराखंड में कोटद्वार-पौड़ी नेशनल हाईवे पर सिद्धबली मंदिर के सामने बुधवार शाम को हाथियों का झुंड आ धमका। हाथियों को देख इवनिंग वॉक पर निकले लोगों में अफरा तफरी मच गई। वहीं, हाईवे पर करीब आधा घंटा यातायात बाधित रहा। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने हाथियों को नीचे खोह नदी में खदेड़कर हाईवे पर यातायात सुचारू किया।**



**सेंसेक्स**
600.42 अंकों की बढ़त के बाद 61,032.26 अंकों के लेवल पर बंद



**सोना**
सोना 225 रुपये की तेजी के साथ 56,722 रुपये प्रति 10 ग्राम



# सेंसेक्स में 242 अंक की बढ़त, निफ्टी भी 86 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 242 अंक की बढ़त के साथ 61,275.09 पर

**मुंबई।** बीएसई सेंसेक्स 242 अंक की बढ़त के साथ 61,275.09 पर बंद हुआ। इसके अलावा एनएसई निफ्टी 86 अंक की तेजी के साथ 18,000 अंक के ऊपर बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों के दोनों प्रमुख सूचकांकों में बुधवार को शुरूआती कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 225.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 60,806.31 अंक पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 54.50 अंक के नुकसान के साथ 17,875.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से आठ को छोड़कर बाकी सभी के शेयर नुकसान में दिखाई दिए। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और मारुति सुजुकी भी शामिल हैं। पिछले कारोबारी दिवस पर सेंसेक्स 600.42 अंक यानी 0.99 प्रतिशत चढ़कर 61,032.26 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 158.95 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,929.85 अंक पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजारों में शुरूआती गिरावट एशियाई बाजारों के नकारात्मक रुख की वजह से रही। जापान, चीन और हांगकांग के बाजारों में गिरावट का रुझान देखा जा रहा है। इसके पहले मंगलवार को यूरोप और अमेरिका के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निवेशकों को अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार है और इसकी वजह से वे सतर्कता बरत रहे हैं। इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,305.30 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध लिवाली की थी।



***रुपया शुरूआती कारोबार में 12 पैसा गिरकर 82.90 प्रति डॉलर पर खिसका***

अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे कमजोर होकर 82.90 के भाव पर खिसक गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत दर में बढ़ोतरी का सिलसिला आगे भी जारी रहने की आशंका गहराने से डॉलर को मजबूती मिली। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों की कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से भी रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 के भाव पर खुला जो 12 पैसे की कमजोरी को दशार्ता है। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 82.78 के भाव पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत चढ़कर 103.38 पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.70 प्रतिशत बढ़कर 84.98 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## खुले बाजार में बिक्री के बाद गेहूं के दाम करीब पांच रुपये किलो घटे : खाद्य सचिव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब पांच रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दरों को कम करने के लिए यदि जरूरी हुआ, तो और कदम उठाए जाएंगे। चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है और जरूरत पड़ने पर कीमतों को कम करने के लिए उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अधिक गेहूं की पेशकश करने सहित अन्य कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। यह प्रतिबंध पिछले साल मई में गेहूं की खरीद में भारी गिरावट के बाद लगाया गया था। उन्होंने कहा, ह्यह्यजनवरी में ओएमएसएस की घोषणा के बाद से गेहूं की कीमतें नीचे आ गई हैं। थोक बाजारों में गेहूं की



कीमतें 2,500 रुपये प्रति क्विंटल से भी कम चल रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में कीमतों में और गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, भारत सरकार बहुत चिंतित है और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है। चोपड़ा ने कहा, 'कीमतों को कम करने के लिए और जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी, हम उठाएंगे।' विकल्पों में ओएमएसएस के तहत मात्रा को मौजूदा 30 लाख टन से बढ़ाना और आरक्षित मूल्य को कम करना भी शामिल है। इस मौके पर खाद्य सचिव ने कहा कि औसत मूल्य 3,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर लगभग 2,500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया है, जबकि खुदरा मूल्य 3,300-3,400 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 2,800-2,900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया है।

## ओटीटी प्ले प्रीमियम ने डॉलिवुड के साथ गठबंधन किया

**नई दिल्ली।** भारत के पहले एआई-पॉवर्ड ओटीटी रिकमेंडेशन एवं कंटेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म, ओटीटी प्ले एक और ओटीटी पार्टनर- डॉलिवुड प्ले शुरू करने की घोषणा की है। यह वीडियो-ऑन-डिमांड ऐप साउथ इंडियन एवं हॉलिवुड फिल्म प्रेमियों को हिंदी में डब की गई मूवीज दिखाता है। ओटीटी प्ले प्रीमियम डॉलिवुड प्ले ऐप के साथ अपने गठबंधन द्वारा यूजर्स को पूरी दुनिया से हिंदी में डब किया गया दिलचस्प कंटेंट दिखाता है। हिंदी कंटेंट की मांग बढ़ने के साथ डॉलिवुड प्ले हिंदी में डब किए गए एक्सक्लूसिव कंटेंट के साथ बेहतरीन फिट है। इस गठबंधन के बारे में अविनाश मुदालियर, को-फाउंडर एवं सीईओ - ओटीटी प्ले ने कहा, यह पार्टनरशिप उन दर्शकों पर केंद्रित है, जो इंग्लिश भाषी आबादी तक सीमित नहीं हैं। हमारे पास मनोरंजक मूवीज का विशाल संग्रह है और हम दर्शकों का मनोरंजन करते रहने के लिए नई मूवीज शामिल करते जा रहे हैं। यह सहयोग हमारे प्लेटफॉर्म के लिए बहुत अच्छा गठबंधन है क्योंकि हम भारत एवं विश्व का अलग कंटेंट सबको दिखाना चाहते हैं। हिंदी कंटेंट की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है, इसलिए डॉलिवुड प्ले ऐप ओटीटी प्ले की प्रस्तुतियों में एक नया आयाम जोड़ देगा।

## एग्रीटेक कंपनी लीड्स कनेक्ट ने कृषि उद्योग में क्रांति लाने के लिए अग्रणी एप लॉन्च किया

### एसएएएस आधारित एप जिसे कृषि और आपदा प्रबंधन के सभी साझेदारों के लिए विकसित किया गया

**नई दिल्ली।** प्रमुख कृषि-तकनीक डाटा, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय सेवा कंपनी लीड्स कनेक्ट सर्विसेज ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (यू.पी. जी.आई.एस.) में क्रांतिकारी अग्रणी एप पेश किया। अग्रणी एसएएएस आधारित एप है जिसे कृषि और आपदा प्रबंधन के सभी साझेदारों के लिए विकसित किया गया है। इसका लक्ष्य अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी गणना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके कृषि केंद्रित समाधान प्रदान करने के लिए कृषि स्पेक्ट्रम में खेत से रसोई तक फैले सभी बिंदुओं को जोड़ना है।इस एप को लॉन्च करने के लिए यूपीजीआईएस ही सबसे उचित मंच था। इसने वैश्विक कॉर्पोरेट प्रमुखों, नीतिनिर्माताओं, विचारकों, राजनीतिक और सरकारी नेतृत्व को जागरूकता फैलाने और इस तकनीक को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए ये जरिया अपनाया।लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध




निदेशक नवनीत रविकर ने कहा, "अग्रणी सिर्फ आम बाजार संबद्ध एप नहीं है। यह कृषि उद्योग के लिए क्रांतिकारी है। हम यूपीजीआईएस में इसे लॉन्च कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अभूतपूर्व शहरीकरण और अन्य संबद्ध गतिविधियों के कारण जमीन, पानी और मिट्टी की सेहत बहुत प्रभावित हो रही है। इससे उत्पादकता और आर्थिक स्थिरता से संबंधित अनिश्चितताएं हो सकती हैं। इसलिए, उचित दखल देने की जरूरत है। अग्रणी के माध्यम से हम फसल उपज पर मौसम के प्रभाव, जैवभौतिकी और फसल प्रबंधन की गतिविधियों जैसे कृषि परामर्शों को चरण वार तरीके से उपलब्ध कराने का लक्ष्य बना रहे हैं। हमने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में मदद के लिए वित्तीय मदद और फसल बीमा की आवश्यकता का भी आकलन किया है। इसके लिए मजबूत और पारदर्शी लिखित आश्वासन गणना और माध्यम की जरूरत है। हमने सहज और कुशल कृषि ऋण देने के लिए मूल्य श्रृंखला स्कोर तैयार किया है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक एप्लीकेशन, ऋण वितरण, मौसम से जुड़ा बीमा भुगतान और फील्ड आंकड़े देने की सुविधा है। इन सभी का उद्देश्य कृषि में हस्तांतरण का लाभ देना और समय पर धन प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे किसानों की मदद करना है।"

## टॉरेंट पावर का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 88 प्रतिशत बढ़कर 694.54 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़े टॉरेन्ट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर में समाप्त तिमाही में 88 प्रतिशत के उछाल के साथ 694.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 369.45 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 6,526.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,833.14 करोड़ रुपये रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 5,549.01 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 3,324.02 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 22 रुपये प्रति शेयर (13 रुपये प्रति शेयर के विशेष लाभांश सहित) के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है।

## समय से पहले अधिसूचित किए आईटीआर फॉर्म, एक अप्रैल से दाखिल कर सकेंगे रिटर्न: सीबीडीटी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म एक अप्रैल से प्रभावी होंगे और इन्हें आगामी आकलन वर्ष की शुरूआत से रिटर्न दाखिल करने की सुविधा को काफी पहले अधिसूचित कर दिया गया है। आयकर विभाग ने कहा कि करदाताओं को सुविधा देने और रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और सरल करने के लिए आईटीआर फॉर्म में पिछले साल की तुलना में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। केवल आयकर अधिनियम, 1961 में संशोधनों के कारण कुछ जरूरी लेकिन कम बदलाव किए गए हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने व्यक्तियों, पेशेवरों और कंपनियों के लिए 2022-23 में हुई आय के लिए 10 फरवरी को आयकर फॉर्म 1-6 अधिसूचित कर दिए थे।




साथ ही, आईटीआर फॉर्म-7 को धर्मार्थ ट्रस्ट, वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, राजनीतिक दलों और विश्वविद्यालयों के लिए 14 फरवरी को अधिसूचित किया गया था। सीबीडीटी ने बयान में कहा, ये आईटीआर फॉर्म एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होंगे और आगामी आकलन वर्ष की शुरूआत से रिटर्न दाखिल करने की सुविधा देने के लिए इन्हें पहले ही अधिसूचित कर दिया गया है। आईटीआर फॉर्म आमतौर पर किसी वित्त वर्ष के लिए मार्च के अंत तक या अप्रैल की शुरूआत में अधिसूचित होते हैं।

## इंडसइंड बैंक ने भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक ने दिसंबर, 2022 में नेत्रहीनों के लिए तीसरे टी20 विश्व कप में तीन पीटों से ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। 13 फरवरी, 2023 को इंडसइंड बैंक के मुंबई कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समर्थनम ट्रस्ट के क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया के साथ साझेदारी में, इंडसइंड बैंक अपने इंडसइंड ब्लाइंड क्रिकेट प्रोग्राम के तहत 6 वर्षों से 700+ नेत्रहीन क्रिकेटरों (पुरुषों और महिलाओं) का समर्थन कर रहा है। यह अभिनंदन इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री सुमंत कठपालिया, सीएबीआई के अध्यक्ष श्री महंतेश जी किवादसन्नवर और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुमंत कठपालिया ने भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा, भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने लगातार तीन बार नेत्रहीनों के लिए टी20 विश्व कप जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।

## जयराम रमेश ने रिजर्व बैंक और सेबी प्रमुखों से अडाणी समूह के मामले की जांच का किया आग्रह



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) और रिजर्व बैंक से आग्रह किया है कि वे अडाणी समूह से खिलाफ लगे आरोपों की जांच कराएं। रमेश ने रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और सेबी प्रमुख माधवी पूरी बुच को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है। कांग्रेस नेता ने यह पत्र ट्विटर पर साझा किये हैं। दास को लिखे पत्र में रमेश ने आग्रह किया कि रिजर्व बैंक को सुनिश्चित करना चाहिए कि अडाणी समूह पर मौजूदा कर्ज और भविष्य में मिलने वाले कर्ज के चलते भारत की बैंकिंग प्रणाली अस्थिर न हो जाए। उन्होंने आग्रह किया, रिजर्व बैंक दो पहलुओं की जांच कराये। पहला यह कि अडाणी समूह का कुल कितना कर्ज भारतीय बैंकिंग प्रणाली से जुड़ा है और दूसरा यह कि अडाणी समूह ने इसको लेकर क्या प्रत्यक्ष और परोक्ष गारंटी दी कि विदेशी कर्ज नहीं मिलने पर भारतीय बैंक उसे प्रोत्साहन देंगे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विदेशी वित्त के स्थान पर कोई भारतीय बैंक पैसा नहीं लगाएं। रमेश ने सेबी प्रमुख को लिखे पत्र में कहा कि अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों से परेशान हैं। उनका कहना है कि कई भारतीय कानूनों के उल्लंघन की आशंका के साथ यह उन सब बातों के खिलाफ जाता है जिनके लिये सेबी है। उन्होंने कहा, हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप जांच कराएं और इसको लेकर पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करें कि अडाणी समूह की कंपनियो में कौन निवेश कर रहा है।

## आनंद महिन्द्रा ने डिजिटल सुविधा से युक्त नयी सेंट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

**हैदराबाद।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी की संचालन समिति की सातवीं बैठक 10 फरवरी, 2023 को संपन्न हुई। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलाधिपति आनंद महिन्द्रा के साथ ही टेक महिन्द्रा के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री विनीत नय्यर, टेक महिन्द्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक श्री सी पी गुरनानी और महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर यजुल मेदुरी इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक के दौरान सदस्यों ने भावी विस्तार योजनाओं और इस युनिवर्सिटी में अन्य अकादमिक गठबंधन पर चर्चा की।



इकोल सेंट्रल स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की फैकल्टी विद्यार्थियों ने कुलाधिपति और अन्य गणमान्य अतिथियों के समक्ष चुनिंदा परियोजनाएं प्रदर्शित की।

इस अवसर पर श्री आनंद महिन्द्रा ने 42,000 वर्गफुट में फैली डिजिटल सुविधा से युक्त एक नयी सेंट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस लाइब्रेरीमें 15,873 पुस्तकें और 7,653 टाइटल्स मौजूद हैं और वाई फाई युक्त इस लाइब्रेरी और पूरे परिसर में ई संसाधनों तक पहुंच सुलभ है। इस लाइब्रेरी में कोहा सॉफ्टवेयर पैकेज, एक एकीकृत मल्टी यूजर ऑटोमेशन मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किया गया है जो इस लाइब्रेरी की सभी इन हाउस गतिविधियों को सहयोग प्रदानकरता है। साथ ही यहां एक आरएफआईडी (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफायर) आधारित ऑटोमेशन सिस्टम और सर्कुलेशन सिस्टम लगाया गया है। वाईफाई से युक्त इस लाइब्रेरी में प्रोफेसरों,रिसर्च के विद्यार्थियों एवं अन्य विद्यार्थियों के लिए अलग अलग अध्ययन कक्ष हैं और टेक्स्ट एव रेफरेंस बुक सेक्शंस हैं और लाइब्रेरी के कर्मचारियों के लिए केबिन हैं। एक ओपन एक्सेस सिस्टम यूजर्स को अपने पसंद के दस्तावेजों को तलाशने और देखने की सुविधा देता है।

## हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च किया हाई-टेक 110 सीसी स्कूटर-जूम

**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने उत्तर प्रदेश में नया 110 सीसी स्कूटर-जूम लॉन्च किया है। हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर सेपरिभाषित कर रही है और इसने स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नए चरण को पेश किया है। रोजाना के सफर में रोमांच और उत्साह की तलाश करने वाले संभावित उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए, जूम को बेहद खूबसूरती और सावधानी से डिजाइन और विकसित किया गया है। जूम स्कूटर उपभोक्ताओं को समकालीन डिजाइन के साथ जबर्दस्त रफ्तार, बेमिसाल चपलता और असाधारण परफॉर्मेंस प्रदान करता है। हीरो डडट की 110 सीसी श्रेणी में एक नया रूप और डिजाइन पेश किया गया है। इंडस्ट्री में पहली बार नए फीचर के रूप में कॉर्नर बेंडिंग लाइट्सऔर सेगमेंट में पहली बार नए फीचर्स, बड़े और चौड़े टायर और 110 सीसी सेगमेंट में जिपी ऐक्सेलरेशन के साथ यह स्कूटर अपने ओनर्स को बेमिसाल गतिशालता के अनुभव की गारंटी देता है। कॉर्नर बेंडिंग लाइट्सळट ने हीरो जूम के साथ 110 सीसी सेगमेंट में अपना डेब्यू किया है। यह अपने ग्राहकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। जब स्कूटर सवार टर्न ले रहा होता है या किसी संकरी जगह से गुजर रहा होता है तो कॉर्नर बेंडिंग लाइट्स अपनी बेजोड़, चमकदार और साफ प्रकाश से अंधेरे कोनों को भी जगमगा देता है। इससे राइडर को सड़क पर कोनों में दिख रही साफ रोशनी से काफी फायदा होता है और रात के समय इस स्कूटर पर सुरक्षित सफर सुनिश्चित होता है। जूम शक्तिशाली बीएस-6 अनुकूल इंजन के साथ आता है। इसमें हीरो मोटोकॉर्प की क्रांतिकारी आई3एस टेक्नोलॉजी (आइडल स्टॉप-स्टार्ट सिस्टम) का फीचर है। नया डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लुटुथ कनेक्टिविटी और साइड-स्टैंडइंजन-कट-ऑफ स्कूटर की टेक्निकल प्रोफाइल में नए आयाम जोड़ता है। यह स्कूटर तीन वैरिएंट्स- शीट ड्रम, कास्ट ड्रम और कास्ट डिस्क में आता है। हीरो जूम स्कूटर देश भर में हीरो मोटोकॉर्प की डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। स्कूटर के तीनों वैरिएंट्स में एलएक्स-शीट ड्रम कीशुरूआती कीमत 71,399 रुपये रखी गई है। वीएक्स-कास्ट ड्रम 74,599 रुपये में उपलब्ध है। जेडएक्स-कास्ट ड्रम की कीमत 79,499 रुपये रखी गई है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ ग्रोथ ऑफिसर (सीजीओ) रंजीवजीत सिंह ने कहा, पिछले कुछ सालों में हीरो मोटोकॉर्प ने प्रतिष्ठित ब्रैंड लॉन्च किए हैं, जिसने देश के लोगों को अपनी और आकर्षित किया है।



## संक्षेप

### स्किल इंडिया ने यूपी इन्वेस्टर्स समिट के दौरान न्यू-एज की पेशकशों को प्रदर्शित किया

**लखनऊ।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने 10 फरवरी से 14 फरवरी तक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में कार्यक्रमों और पहलों को हाइलाइट करने के लिए अपनी पेशकशों का प्रदर्शन किया जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं की क्षमता का निर्माण करना है। राज्य में एक मजबूत इन्वेस्टर-सेंट्रिक और सर्विस-ओरिएंटेड इकोसिस्टम बनाने के लिए लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया गया था। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में स्किल इंडिया पवेलियन का दौरा किया और इमर्सिव लर्निंग एप्लिकेशन, हार्ड स्किल्स सिखाने और महत्वाकांक्षी छात्रों को रीयलिस्टिक सिमुलेशन की पेशकश के माध्यम से कौशल विकास में वीआर तकनीक का अनुभव किया। इस आयोजन की सराहना करते हुए, उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शिक्षा और कौशल के संमिलन की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि न केवल युवाओं को नए युग के कौशल में तैयार किया जा सके, बल्कि डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण और विश्व स्तर पर रिलेवेंट माइंडसेट के साथ देश में स्किल इकोसिस्टम को फिर से सक्रिय किया जा सके। राज्य को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उत्तर प्रदेश के विजन के अनुरूप, मंत्रालय युवाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ाने और उद्योगों के लिए उत्पादक रोजगार पैदा करने के उद्देश्य से मांग आधारित योजनाओं के लिए सरकार को पूर्ण समर्थन देगा। आगे बढ़ते हुए, राज्य स्किल हब्स के कांसेप्ट को अपनाने पर विचार कर रहा है, जिसमें राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) जैसे आईआईएम, लखनऊ; आईआईटी, कानपुर; बनारस हिंदू विश्वविद्यालय; अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय; आदि में स्किलिंग को लागू किया जाएगा।

### टैगबिन द्वारा डिजाइन किए गए डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर, एमईआईटीवाई के तहत कार्यरत एनईजीडी ने किया आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ में एक अभूतपूर्व डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर यहां के लोगों का बड़ा आकर्षण बनने जा रहा है। इसका आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तहत राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) कर रहा है। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर का कांसेप्ट, डिजाइन और निर्माण एक टेक्नोलॉजी-इनोवेशन कम्पनी टैगबिन ने किया है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भारत की प्रगति की प्रदर्शनी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अनोखे डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया है। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर लखनऊ के सेंट्रम होटल में बनाया गया है जहां जी20 डीईडब्ल्यूजी (डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप) की बैठकें भी आयोजित हैं। यह एआई एग्जीबिशन डिजिटल इंडिया मिशन के बढ़ते कदम और अविश्वसनीय उपलब्धियों को एआर और वीआर अनुभवों के माध्यम से दशार्ता है। प्रदर्शनी में कदम रखने के साथ आप अलग-अलग इंटरएक्टिव जोन और इंस्टॉलेशन से रू-बरू होंगे जो भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरक्की की कहानी कहते हैं। यह प्रदर्शनी भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की गाथा कहती है और बयां करती है कि कैसे हमारे देश ने अपने नागरिकों की तरक्की का नया दौर शुरू किया है। आगंतुकों के स्वागत में प्रवेश द्वार पर लगे विशाल स्क्रीन पर एआई का फेस प्रोजेक्ट किया गया है। वे एआई से बात कर और अपने प्रश्न पूछ कर इस अनोखे अनुभव का आनंद ले सकते हैं। एक अन्य इंटरएक्टिव इंस्टालेशन के रूप में एक लंबा टचस्क्रीन वाल है जो सरकार के डिजिटल प्रयासों से बदलते जन जीवन की जानकारी देता है। इस वाल पर कई टच पॉइंट हैं जिनकी मदद से आगंतुक इंटरएक्शन कर सकते हैं।

### कैम्सपे को मिला पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** बीएफएसआई क्षेत्र की भुगतान चुनौतियों को हल करने में विशेषज्ञता वाले पैनोप्टिक भुगतान प्लेटफॉर्म कैम्सपे भारतीय रिजर्व बैंक से भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन मिल गया है। कंप्यूटर ऐज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (कैम्स) की इकाई कैम्सपे भारत का सबसे बड़ा रजिस्ट्रार और म्युचुअल फंड ट्रांसफर एजेंट, म्यूचुअल फंड निवेशकों, बीमा पॉलिसीधारकों और ऋण लेने वालों को सक्षम करने में एक दशक से अधिक समय से एक भुगतान भागीदार रहा है। वे कागज आधारित शासनादेश प्रक्रिया से डिजिटल भुगतान समाधान की पेशकश करने के लिए आगे बढ़ते हैं। बीएफएसआई सेगमेंट के लिए एक विशेष भुगतान समाधान प्रदाता के रूप में, भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए आरबीआई से सैद्धांतिक प्राधिकरण कैमस्पे के दायरे और कवरेज को चौड़ा करेगा। कैम्स के नये व्यवसायों के प्रमुख रवि किरण ने यह जानकारी देते हुये कहा कि कैम्सपे डिजिटल भुगतान, भुगतान गेटवे, कार्ड, यूपीआई और नेट बैंकिंग सहित भुगतान विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए आरबीआई से सैद्धांतिक रूप से प्राधिकरण बीएफएसआई सेगमेंट में हमारे प्रस्तावों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कैम्सपे के सीईओ वसंत जयपॉल ने कहा, हम चुने हुए मर्चेंट सेगमेंट के लिए एक अधिक मजबूत और समावेशी डिजिटल भुगतान स्टैक बनाने के लिए भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए सैद्धांतिक रूप से प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए रोमांचित हैं, जिसमें हम काम करते हैं, एक वितरण प्रदान करते हैं। स्वीकृति विकल्पों की विविधता। यह लाइसेंस हमें भुगतान क्षेत्र में अपनी पेशकशों को और मजबूत करने में मदद करेगा।

### लुफ्तहांसा एयरलाइंस के सिस्टम में तकनीकी खराबी, विमानों को उड़ान भरने से रोका गया, कई फ्लाइट रद्द

**नई दिल्ली।** जर्मन एयरलाइन लुफ्तहांसा के सिस्टम में तकनीकी खराबी के चलते कंपनी की कई फ्लाइट्स की उड़ानों को रोका गया है। बताया गया है कि लुफ्तहांसा की सेवाओं पर पूरी दुनिया में असर पड़ा है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि लुफ्तहंसा के सर्वर्स में यह परेशानी क्यों आई है। इस बीच फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट ने भी सभी विमानों की लैंडिंग रोक दी है। लुफ्तहंसा के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह आईटी सिस्टम फेल होने की वजह से हुआ है। इसके चलते एयरलाइन कंपनी के कई विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया। कई फ्लाइट्स को रद्द भी किया गया है। आलम यह है कि जर्मनी के एयरपोर्ट्स पर इस परेशानी के चलते भारी भीड़ जुट गई है। हजारों की संख्या में यात्री जहां-तहां फंस गए हैं।

### जनवरी में भारत का निर्यात 6.58 प्रतिशत गिरा, आयात पर भी पड़ा असर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में भारत का निर्यात 6.58 प्रतिशत घटकर 32.91 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 35.23 अरब डॉलर था। वहीं जनवरी में व्यापार घाटा 17.75 अरब डॉलर रहा था। जनवरी में आयात भी 3.63 प्रतिशत घटकर 50.66 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 52.57 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान देश का वस्तु निर्यात 8.51 प्रतिशत बढ़कर 369.25 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान आयात 21.89 प्रतिशत बढ़कर 602.20 अरब डॉलर हो गया था।

### आंध्र प्रदेश में लगेगा जेएसडब्ल्यू ग्रुप का 8,800 करोड़ रुपये का स्टील प्लांट

**अमरावती।** जेएसडब्ल्यू समूह आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में 8,800 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात संयंत्र का निर्माण करेगा।मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को सुन्नपुरल्ला पल्ले में कडप्पा स्टील प्लांट (केएसपी) की आधारशिला रखी। जेएसडब्ल्यू ग्रुप दो चरणों में 3-डी मॉडल ग्रीन स्टील प्लांट का निर्माण करेगा। 3,300 करोड़ रुपये के निवेश और 10 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाले केएसपी के पहले चरण को 24 से 30 महीनों में चालू किया जाएगा।

# कार्रवाई : 33 हेल्थ और 42 मेडिकल ऑफिसर का वेतन रोकने का निर्देश

**बैठक**

## 27 अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरस्तीकरण की कार्रवाई

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी के तेवर सख्त


स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में हेल्थ एण्ड वेलनेस की समीक्षा के दौरान हेल्थ वेलनेस सेण्टर पर तैनात 33 कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर और 42 मेडिकल आफिसर जिनके द्वारा ई-संजीवनी में टेलीकंसेल्टेंसी भी की जा रही है लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न किये जाने पर उनका अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित करने का आदेश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया और 11 अल्ट्रासाउंड सेंटर जिन्होंने चिकित्सक उपलब्ध कराने का समय माँगा था समयसीमा पूर्ण होने के बावजूद चिकित्सक नहीं उपलब्ध कराने के कारण और 16 सेंटर का सत्यापन नहीं कराने के कारण सेंटर निरस्त करने का आदेश दिया। परिवार नियोजन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने महिला नसबंदी में 10 कम प्रगति वाले अधीक्षकों का वेतन बाधित करने का आदेश दिया और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वयं के देख-रेख परिवार नियोजन के अन्तर्गत किये जा रहे नसबंदी कार्य की मॉनीटरिंग करें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी डा. राजीव को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने की गति तीव्र करें, आयुष्मान भारत में गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य 40000 माह फरवरी में पूर्ण किया जाय। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना में 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाली इकाईयों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रसव के सम्बन्धित समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय, प्रसूती की देख-रेख प्रशिक्षित डाक्टर/नर्स निश्चित समयावधि के अतराल पर करते रहें। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राकेश सिंह को निर्देशित किया कि शासन की मंशा है कि भारत में एक भी टीबी के रोगी न हों। अतः टीबी रोगियों के नये रोगियों को खोजकर उनका शत-प्रतिशत इलाज सुनिश्चित कराएँ, लक्षणयुक्त टीबी के रोगी पाये जाने पर तुरन्त अस्पताल में इलाज कराये, जिससे रोग गम्भीर स्थिति में न जाने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महिला चिकित्सालय डॉ. तबस्सुम बानो, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केके राय एवं सभी अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, सै. मोहम्मद मुस्तफा सहित अन्य अधिकारीगण/चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री का आगमन आज संशोधित कार्यक्रम जारी

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह गुरुवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय इब्राहिमाबाद ब्लाक सिकरारा, 10.35 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जौनपुर में जनप्रतिनिधियों, संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संवाद एवं स्थानीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करेंगे। 11.50 बजे तक माधव भवन जौनपुर में विचार परिवार के साथ विचार-विमर्श करेंगे। 12.40 बजे प्राइमरी स्कूल व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण, राजकीय महाविद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास, निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालय के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पॉलीटेक्निक/आईटीआई के संचालन की समीक्षा, 1.30 बजे स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश के सम्बन्ध में शीतला चौकिया धाम/मैहर देवी मंदिर, शाही किला का भ्रमण, 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संगठन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन विकास विभाग, राज्य सरकार एवं भारत के जिला स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में व्यवसायी, निवेशकों एवं उद्योग बन्धु के साथ यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण, 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता करेंगे।

# दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे शिक्षाविद प्रो. गिरीश्वर

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय**

### दीक्षांत समारोह की प्रगति रिपोर्ट पर हुई चर्चा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को दीक्षांत समारोह के संबंध में कुलपति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 23 फरवरी 2023 को होगा। इस संबंध में कुल 50 समितियां गठित की गई है। उन्होंने कमेटी के सभी संयोजकों और सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 26वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षाविद, मनोविज्ञानी, समाजविज्ञानी, लेखक, संपादक एवं पूर्व कुलपति महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के प्रो. गिरीश्वर मिश्र होंगे। इस बार 66 विद्यार्थियों को प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इस अवसर पर 30 स्कूली बच्चों को बैग और किट दिए जाएंगे। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने संयोजकों से प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। कहा कि जो भी समस्या हो उसका निराकरण संबंधित अधिकारियों से मिलकर शीघ्र कर लें। बैठक का संचालन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने और धन्यवाद ज्ञापन वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मुराद अली, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सौरभ पाल, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. प्रवीण सिंह, डा. द्विवेन्द्र मिश्र, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, अजीत सिंह, डा. लक्ष्मी मौर्य, एमएम भट्ट, संतोष कुमार मौर्य, रामसमुझ, अनिल श्रीवास्तव, रवीन्द्र प्रजापति, करुणा निराला समेत शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

# केंद्र में फिर बनायेंगे एनडीए की सरकार : डॉ. संजय निषाद

**अधिवेशन**

### अधिवेशन में भाग लेने आये निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत


कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता

**जौनपुर ।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद बुधवार को पार्टी द्वारा आयोजित एक दिवसीय अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर श्री निषाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कानपुर में बुलडोजर चलने के दौरान हुई मौत की घटना के मामले में कहाकि घटना किसी के साथ हो घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि उसके साथ संवेदना होनी चाहिए। विपक्ष को पूरा हक है विरोध करने का लेकिन उसे कब कहां कैसे बोलना चाहिए इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही संजय निषाद ने इन दिनों विवादों में घिरे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा रामचरित मानस पर दिए विवाद पर भी तंज कसा तो वही ओम प्रकाश राजभर के पार्टी के वापसी पर उन्होंने कहा कि जो हमारी विचारधारा से मेल खाता है वही हमारे साथ होता है। ओमप्रकाश राजभर अलग-अलग जगह चाय पीते हैं पार्टी करते हैं और रात को किसी और के घर से निकलते हैं तो ऐसी स्थिति में स्थापित हो जाएंगे तो देखा जाएगा यह पार्टी है। निषाद राज पार्टी के बारे में कहा कि हम अपने ही वोट देकर अपने आने वाली पीढ़ी को कहां पहुंचाया है और दूसरे का विकास करा दिया है और अपना विनाश करा दिया है अब अपना वोट इकट्ठा करो। किसी भी राजनीति हिस्सेदारी उसके झंडे से मिलती है जब झंडा नारा उसका होगा पार्टी उसकी होगी तो जो उसके सदस्य होंगे उसके पदाधिकारी होंगे तभी कुछ आगे हो सकता है।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में शोक की लहर

**गौराबादशाहपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं प्रबंधक लालजी यादव की माता सोन वर्षा 85 का निधन सोमवार की शाम उनके पैतृक आवास धर्मापुर में हो गया। यह समाचार सुनते ही सामाजिक संगठन के लोग एवं गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दाह संस्कार पंचहटिया स्थित रामघाट पर किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र फूलचंद यादव ने मुखाग्नि दी। धर्मापुर स्थित आवास पर श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह बागी, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव, पूर्व महासचिव अनिल कुमार साहू, संगठन सचिव गणेश साहू, पूर्व महासचिव मनीष देव, सद्भावना क्लब से महेंद्र प्रताप यादव, विजय प्रताप यादव, प्रधानाचार्य राम सिंगार यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सूबेदार यदुवंशी, डॉ. आशीष यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं : रविकांत



**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना ने लाइफ मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल में आयोजित किया। संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने शाहगंज से आए हुए जोन प्रोविजनल ट्रेनर रविकांत जायसवाल का स्वागत करते हुए कहा की जेसीआई संस्था राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक के द्वारा सभी विषयों पर निशुल्क ट्रेनिंग देती है। ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों को अपनी समस्या से निवारण में सहायता मिलती है। ट्रेनर रविकांत ने हैप्पी मैरिड लाइफ विषय पर ट्रेनिंग देते हुए बताया कि महिलाएं परिवार में एक धुरी की तरह होती हैं जिस पर पति के साथ साथ परिवार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी रहती है। सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कुछ समय अपने स्वयं के लिए कैसे निकाला जाए आज की ट्रेनिंग से आप सभी को इस बात की जानकारी होगी। निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेट जेएफएम अभिलाषा श्रीवास्तव ने ट्रेनिंग की सराहना करते हुए कहा कि आज की ट्रेनिंग से सदस्यों में एक नए विश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सचिव मीरा अग्रहरि, शारदा गुप्ता, मंजू जायसवाल, सुधा बैंकर, वंशिका सिंह, रिंकी जायसवाल, संचिता बैंकर, डॉक्टर आकांक्षा द्विवेदी, प्रतिमा गुप्ता, ध्रुव आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने किया तथा आए हुए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार कार्यक्रम संयोजक रिंकी जायसवाल और शारदा गुप्ता ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

**संक्षेप**

## अधिशासी अभियंता विद्युत के कार्यालय में सपा नेता ने की तोड़ फोड़, मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्र ने कोतवाली में तहरीर देकर सपा नेता डा. मनोज कुमार यादव पर कार्यालय में तोड़फोड़ करने और संविदा कर्मी की पिटाई करने का आरोप लगाया है। अधिशासी अभियंता की तहरीर पर उक्त सपा नेता समेत अन्य पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्रा ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि सायंकाल 4 बजे वे अपने कार्यालय में बैठे थे कि सपा नेता और विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ मनोज यादव ने उनके कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की और कार्यालय में तैनात संविदा कर्मी शिवकुमार मिश्रा तोड़फोड़ करते हुए घटना का वीडियो बना रहे थे तो उनका मोबाइल छीन कर फेंक दिया ।और उसकी जमकर पिटाई कर दी ।अधिशासी अभियंता कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और पिटाई की घटना की जानकारी पाकर विद्युत कर्मी आक्रोशित हो उठे और अधिशासी अभियंता के साथ एसडीओ एसके सिंह और अवर अभियंता अभिषेक केशरवानी काफी संख्या में विद्युत कर्मियों को साथ लेकर कोतवाली पहुंचे और डॉक्टर मनोज यादव के खिलाफ तहरीर दी कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने पूछने पर बताया कि सपा नेता के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।उधर सपा नेता डा मनोज कुमार यादव का कहना है कि उक्त आरोप निराधार हैं। मैं सड़क पर खड़ा होकर बात कर रहा था ।कार्यालय में घुसा ही नहीं था ।इसका मेरे पास प्रमाण है ।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक केके चौबे का कहना है कि एक्सिएन की तहरीर पर उक्त सपा नेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।बाकी कार्यवाही जांचोपरांत की जाएगी।

## पूर्व प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप

**मछलीशहर।** खजुरहट गांव में सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के नाम पर पूर्व ग्राम प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है। यह भी कहा, धन की हेराफेरी करने में लिप्त ब्लाक कर्मियों व पूर्व प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही व रिकबरी भी हो। बताया जाता है कि खजुरहट ग्राम निवासी लक्ष्मी शंकर पटेल, मनोज कुमार गौड़ आदि ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पूर्व ग्राम प्रधान तीर्थराज वर्मा के कार्यकाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत खजुरहट (तिवारी का पूरा) में स्थित सामुदायिक शौचालय की मरम्मत के लिये वर्ष 2021 में एक लाख 42 हजार 126 रुपये निकाल लिया गया लेकिन मौके पर कोई मरम्मत का कार्य नहीं हुआ। कैशबुक का कम्प्यूटर से प्रिंट निकालने पर ग्रामीणों को जानकारी मिली जो चर्चा का विषय बना रहा।

## बेलहरी ग्रामोत्थान सेवा संघ का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**केराकत।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के बेलहरी गांव के विकास के लिए गठित ग्रामोत्थान सेवा संघ का वार्षिकोत्सव और मेधावी छात्र सम्मान समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आरम्भ क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायक संतोष शर्मा ने गीत सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि वीपी सरोज ने विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के 50 से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर उनका उत्साह वर्धन किया। आरम्भ में समारोह की आयोजक ग्राम प्रधान नीतू सिंह और उनके प्रतिनिधि प्रवेश कुमार सिंह ने अतिथियों प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता सिंह आदि को अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीप्रकाश पाण्डेय, बृजेश सिंह, डॉ. नृपेंद्र सिंह, राममूरत सरोज, विनोद सिंह, रामप्यारे यादव, सोनिया गिरी, रघुवर, उमाशंकर सिंह, रामजनम गुप्ता, बन्दना सिंह, कल्पनाथ आदि अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## 26 सीटों के लिए होगा 20 फरवरी को चुनाव

**ज्ञानपुर।** जिले की 546 ग्राम पंचायत, आठ सौ से अधिक क्षेत्र पंचायत और 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायत सदस्य सीट पर साल 2021 में चुनाव हुआ था। प्रधान बीडीसी और सदस्य के निधन से रिक्त सीटों पर छह महीने के अंदर चुनाव कराया जाता है। डीघ ब्लॉक के बारीपुर गांव में प्रधान और छह ब्लॉकों में सदस्य की 26 रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव होना है। सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय डीएस शुक्ला ने बताया कि ब्लॉकों में 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का वितरण शुरू हो जाएगा। 20 फरवरी तक नामांकन होगा। 21 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच 22 फरवरी को नाम वापसी संग प्रतीक आवंटन होगा। दो मार्च को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान और चार मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम के निर्देश पर जल्द ही आरओ सहायक आरओ का गठन होगा।

**संक्षेप**

## स्मार्ट क्लास व पुस्तकालय का बीएसए ने फीता काट कर किया शुभारम्भ



ज्ञानपुर। औराई विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणिया में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फीता काटकर पुस्तकालय व स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। स्मार्ट क्लास व पुस्तकालय के शुभारम्भ से विद्यालय के छात्र छात्राओं के चेहरों पर अपार प्रसन्नता दिखी। इस दौरान बीएसए ने शिक्षक की भूमिका में विद्यार्थियों से सवाल जवाब कर शिक्षा के गुणवत्ता की जाँच की। बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा बदलाव के दौर से गुजरते हुए एक नया आयाम स्थापित कर रही है। विभाग से जुड़ा हर कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारी निरंतर इस प्रयास में है कि सकारात्मक सुधार और गुणवत्ता का उच्चतम मानक प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास और इस तरह के आयोजनों से अभिभावकों का विश्वास सरकारी विद्यालयों के प्रति बढ़ने लगा है। अभिभावकों के इस सकारात्मक बदलाव को दिशा प्रदान करने के लिए प्रधानाध्यापक और शिक्षक प्रशंसा के पात्र हैं। ग्राम प्रधान बैजनाथ यादव ने बच्चों को अति शीघ्र फर्नीचर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, प्रधानाध्यापक अशोक गौतम और विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय गोलखरा के समस्त अध्यापकों का एबीएसए ने रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** डीघ विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय गोलखरा का बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ फराह रईस ने औचक निरीक्षण किया।
प्रधानाध्यापक को पूर्व में नोटिस निर्गत कर निर्देश दिए जाने के बाद भी विद्यालय में कम्पोजिट ग्रांट से काम न कराने एवं विद्यालय के भौतिक एवं अकादमिक कक्ष में सुधार न किये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ ने प्रधानाध्यापक तिलकराज सिंह के माह फरवरी के वेतन को बाधित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा। अभिभावकों से प्राप्त शिकायत कि "कम्पोजिट विद्याल गोलखरा" समय से नहीं खुलता की शिकायत जांचोपरांत सही पाने जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डीघ ने विद्यालय के समस्त स्टाफ का विद्यालय बन्द दिवस का वेतन बाधित करने हेतु बीएसए को पत्र लिखा है।

## मिर्जापुर गोपीगंज सड़क बंद होने से बढ़ी परेशानी

**लालानगर।** गोपीगंज से मिर्जापुर जाने वाली सड़क स्थित ककराही रेलवे क्रॉसिंग पर बीते दस फरवरी से रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराए जाने से इन दिनों सड़क पर आवागमन पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे मिर्जापुर, सोनभद्र, मध्य प्रदेश सहित मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन करने वाले यात्रियों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोकल यात्री किसी तरीके से अगल-बगल रेलवे लाइन पार कर आ जा रहे हैं वहीं दूरदराज के यात्री औराई वाया मिर्जापुर जा रहे हैं। बताया जाता है कि सड़क का कार्य संपन्न होने में चार मार्च तक का समय लग सकता है। मामले को लेकर माधवरामपुर गांव के पूर्व प्रधान सतीश चंद्र पाठक का कहना है कि रेलवे विभाग अति शीघ्र कार्य संपन्न कराएं जिससे आवागमन चालू हो सके।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## आप की बैठक आयोजित

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा रामपुर नगर पंचायत मड़ियाहूं में आगामी नगर निकाय चुनाव के प्रशिक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गय। बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कैलाश पटेल और विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना तथा महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव पूजा सिंह उपस्थित रहे। उक्त बैठक में जिला प्रभारी ने आगमी नगर निकाय चुनाव के तैयारियों के बारे में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से जरूरी जानकारी ली। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# एसडीएम ने पर्व से पहले सभी समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा

**बैठक**

### महाशिवरात्रि पर्व व निकलने वाली शिव बारात को लेकर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**


कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में शामिल एसडीएम, सीओ, कोतवाल और इओ आदि

**भदोही।** महाशिवरात्रि पर्व व निकलने वाले शिव बारात को लेकर बुधवार को कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमें अधिकारियों द्वारा मौजूद लोगों से पर्व को सम्पन्न कराने में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई और निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

इस दौरान महाशिवरात्रि शोभायात्रा समिति के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पर्व 18 फरवरी को मनाया जाएगा। पर्व के दिन शिव मंदिरों में भगवान नीलकंठ की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। इसके साथ ही नगर के मर्यादपट्टी से शिव बारात निकालने की परम्परा चली आ रही है। इस वर्ष शिव बारात शाम 6:00 बजे से निकल जाएंगी। रात 11:00 रजपुरा में पहुंचने के बाद समापन कर दिया जाएगा। वहीं उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय ने कहा कि जो भी समस्याएं आई है, पर्व से पहले सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। उन्होंने साफ-सफाई व चूना छिड़काव के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने कहा कि डीजे के आकार, प्रकार व ध्वनि पर विशेष ध्यान दें। न्यायालय ने ध्वनि के लिए जो मापदंड जारी किया है, उसी के आधार पर ही डीजे की ध्वनि को रखा जाएं।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ, अधिशासी अधिकारी जी लाल, सफाई निरीक्षक मिथिलेश कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद राय, बीरेंद्र यादव सहित विनीत बरनवाल, डीएम सिंह गहरवार, करुणा शंकर दुबे, मनोज जायसवाल, गिरधारी जायसवाल, राजीव मोदनवाल, पारस सोनकर, धर्मराज गुप्ता, भरत जायसवाल, अरविंद मौर्य, ब्रह्म जायसवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## गली के हो रहे निर्माण से जेई और पालिकाकर्मी अनिभिज्ञ

**जनसंदेश न्यूज**



**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज वार्ड संख्या 25 में मोहम्मद शोएब से मंसूर कुरैशी मकान तक नाली रेज और इंटरलॉकिंग का कार्य पिछले कई महीनों से हो रहा है।

नगर वासियो का आरोप हैं कि इस ठेकेदार द्वारा कराया गया कार्य कोई भी सही नही होता। उदाहरण स्वरूप वार्ड नंबर 22 हनुमान गढ़ी का तालाब अठारह लाख की लागत से बना और छह माह भी नही चल पाया वह धराशाई हो गया। वार्ड नंबर 17 में होटल से अग्रवाल मेडिकल तक बनाई गई नाली का पानी बाहर नहीं निकल पाया। जिसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं जांच किया ठेकेदार का कुछ भी नही हो पाया। वार्ड नंबर छह में तिलारी कंपनी से राजेंद्र पुष्पकार तक बिछाई गई इंटरलॉकिंग नगर की सबसे खराब इंटरलॉकिंग शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं। इसी तरह वार्ड नंबर 25 में भी आधा किया गया कार्य भी मानक के अनुरूप नहीं रहा। बुधवार को खराब कार्य की शिकायत जब इसकी जेई आलोक कुमार और पालिका के निर्माण कार्य देख रहे मंगला प्रसाद पांडेय से की गई तो आश्चर्य इस बात से हुआ दोनो व्यक्तियों ने कहा की हमे मालूम नही की कार्य हो रहा है। इस संबंध में वार्ड के निवासी महताब आलम,रामजी जायसवाल, मंजूर आलम, मंसूर कुरैशी, लीडर नेता आदि ने तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# छात्र संघ चुनाव के लिये सर्व दलों को होना पड़ेगा एक : राजकुमार

**बैठक**

### छात्र संघ चुनाव लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला

**जनसंदेश न्यूज**




**भदोही।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व सभासद राजकुमार यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जनपद भदोही में एक ही महाविद्यालय में चुनाव ही होता है वह भी सरकार बंद करने पर तुली है और छात्र संघ राजनीति या लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला है जब यही सुरक्षित नही है तो हम एक बेहतरीन लोकतंत्र की कल्पना कैसे कर सकते है। जब देखो तब सुनने में मिल जाता है कि छात्र संघ चुनाव नही होंगे क्या यह लोकतंत्र की हत्या नही है, मैं धन्यवाद देता हूं समाजवादी पार्टी की सरकार को की जब भी सपा सरकार रही है छात्रसंघ चुनाव होते रहे है। श्री यादव ने कहा कि यही मालूम होता है कि सरकार या सांसद, विधायक को अपने परिवार से ही भावी प्रतिनिधि पैदा करना होता है उनके परिवार का बे काबिल लड़का सांसद व विधायक हो सकता है पर विश्वविद्यालय छात्र संघ का पदाधिकारी नही हो सकता क्योकि छात्र संघ चुनाव में शराब व लालच व जातिवाद नही चलता है। इसलिए सब मिलकर चुनाव खत्म करना चाहते है। छात्र संघ में छात्र अपने मेहनत व हुनर पर अध्यक्ष चुनकर आता है। हम सभी दलों व पूर्व छात्र नेताओं से अनुरोध करते है सब मिलकर चुनाव कराने की माँग करे नही तो वो दिन दूर नही जब छात्र हितों की लड़ाई लड़ने वाला कोई मिलेगा नही।


## वाहन के धक्के से छात्रा घायल

**भदोही।** बाबूसराय में विद्यालय से पढ़कर के घर वापसी के समय स्कूटी द्वारा आ रही बालिका को अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। बालिका को घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उठाकर ले गए तथा इलाज करा रहे हैं। परिवार को सूचना दिया। जिससे परिवार वाले आए और ले गए। साथ में पिता का नाम योगेश चंद्र मौर्य घायल छात्रा का नाम प्रिया मौर्या बताया गया। छात्रा बाबूसराय शिवरामपुर की निवासी है।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

**ज्ञानपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। हर हाल में शांति व्यवस्था के बीच में यूपी बोर्ड की परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 10वीं.12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बैठने जा रहे लाखों अभ्यर्थियों के 16 फरवरी 2023 से परीक्षाएं शुरू हो रहीं हैं जिसका अंतिम पेपर 4 मार्च को लिया जाएगा। 17 दिन तक चलने के बाद यह परीक्षा होली से पहले समाप्त हो जाएगी। 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड द्वारा भेजे गए प्रश्न पत्रों की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। ये प्रश्न पत्र केंद्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारियों की निगरानी में रहेंगे और इन्हीं अधिकारियों की निगरानी में इन्हें खोला जाएगा। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल 31505 व इंटरमीडिएट 28510 छात्र.छात्राएं परीक्षा देंगे। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को लेकर की जा रही तैयारी को देखा जाय तो जिले को तीन जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है। तीनों जोन में संबधित उप जिलाधिकारी बतौर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

# कालसर्प योग एक भ्रांति है: आचार्य पं. वेद मिश्र


कथा मर्मज्ञ मुरारी बापू द्वारा अपनी पुस्तक का लोकार्पण कराते पं. वेद प्रकाश

### राहु की अशांति पर घेरती है परेशानी लेकिन बदलते परिवेश में बताया गया कालसर्प

### ज्योतिष में काल सर्प का कहीं कोई स्थान नहीं, समाज में लोगों को डराया जा रहा

### भगवान आशुतोष के पूजन रुद्राभिषेक से सारे ग्रहों की होती है शांति, जीवन में आती है खुशहाली



## खास मुलाकात

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी। काल सर्प योग के प्रति समाज में फैली अनेकानेकों भ्रंतियों को निराधार बताते हुए इसे राहु दोष बताने वाले काशी के जाने-मानें विद्वान आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र ने जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में बताया कि ज्योतिष में काल सर्प योग का कहीं भी जिक्र नहीं हैं बीते 10-15 सालों में कुछ ब्राह्मणों के सीडिंकेट ने इसे व्यवसाय बनाकर लोगों को डराने का काम किया है ताकि उनकी रोजी चलती रहे, ज्योतिष कोई व्यवसाय नहीं है बल्कि लोगों के कल्याणार्थ किया जाने वाला आध्यात्मिक कार्य है। बताया कि काल सर्प योग के प्रति लोगों को डरने की कोई जरुरत नहीं भगवान आशुतोष की आराधना ही नौ ग्रहों की शांति का सबसे बेहतर उपाय है।**

### 6 पीढ़ियों से निभा रहे ज्योतिष का कार्य

विरासत में मिले कर्मकांड को लगभग छह पीढ़ी से निभा रहे पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि उनके घर में आने वाली पीढ़ी भी इसे आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, गुरु शिष्य परंपरा को भी निभाने वाले पं.वेद प्रकाश मिश्र के सिर्फ काशी ही नहीं बल्कि देश भर में शिष्य हैं। जिनका वह समय-समय पर मार्ग दर्शन करते हैं।


आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र

## राहु दोष को दिया जा रहा कालसर्प योग का नाम

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि जब राहु केतु के बीच सारे ग्रह आते हैं तो ऐसे में कुंडली में राहु दोष उत्पन्न होता है, जिसे व्यवसाय करने वाले ब्राह्मणों ने काल सर्प योग का नाम दे दिया। जबकि हमारा शास्त्र व ज्योतिष अति प्राचीन है जिसे राजाओं ने भी माना है युद्ध विजय की बात हो या फिर गर्भाधान, विवाह, मुंडन या नामकरण इन सब के लिए शास्त्रों ज्योतिषियों को सहारा लिया गया है उस समय कोई काल सर्प योग नहीं बनता था, व्यवसाय करने वाले ब्राह्मणों ने लोगों को इतना डरा दिया कि नासिक में त्रयंब्केश्वर महादेव व उज्जैन से लगायत देश के हर स्थान पर काल सर्प के पूजन के लिए मोटी रकम वसूली जाने लगी। जो पूरी तरह से गलत है। राहु हमेशा अनिष्ट नहीं करता बल्कि बाहुबल देता है, केतु कुल की उन्नति कराता है।

### भावी मेटहि सकहीं त्रिपुरारी

पं. वेद प्रकाश मिश्र ने भावी मेटहि सकहीं त्रिपुरारी जिसका अर्थ हैं कि दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलने की ताकत सिर्फ भगवान शंकर में हैं जनसंदेश टाइम्स के माध्यम से देश भर के लोगों को संदेश दिया कि रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने साफ तौर पर लिखा है भगवान रुद्र यानि शिव की आराधना से भावी (भाग्य) को भी बदला जा सकता हैं, इसलिए अपने जीवन में भगवान आशुतोष की आराधना को शामिल कर अपने सारे अनिष्ट ग्रहों को शांत किया जा सकता है।

### ज्योतिष का व्यवसायीकरण काशी की परम्परा नहीं

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि इधर सोशल मीडिया से लगायत टेलीविजन चैनलों पर जिस तरह से ज्योतिष कार्य का व्यवसायीकरण किया गया है यह काशी की परम्परा नहीं है,काशी शुरू से ही आध्यात्म की नगरी रही है। काशी मुक्ति धाम है यहां से लोगों को जीवन की राह दिखायी जाती है भ्रमित नहीं किया जाता हां जो विद्वानों ने बाहर से आकर काशी में अपना डेरा जमाया उन्होंने इस परम्परा को अपने जीवनयापन का साधन बना लिया।

# वस्तु विशेष से बने शिवलिंग की पूजा से संवरेगा भाग्य



**विभिन्न वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा से होती है मनोकामना पूरी**

राधेश्याम कमल तैतीस कोटि देवी-देवताओं में भगवान शिव को देवाधिदेव महादेव की उपाधि से विभूषित हैं। शिव जी की असीम कृपा की प्राप्ति के लिए देवाधिदेव महादेव की भक्तिभाव व आस्था से की गई पूजा सदैव फलित होती है। नियम, संयम व विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ शिव मंत्र, शिव स्त्रोत, शिव सहस्त्रनाम, शिव चालीसा का पाठ करना अभीष्ट फलदायी होता है। शिव की अद्भुत कृपा प्राप्ति के लिए विविध प्रकार के उपासना, आराधना, अर्चना की विधि पौराणिक ग्रंथों से मिलती है। ऐसी मान्यता है कि शिव के समान दुःखों को हरने वाले और कोई भी देवता नहीं है। शिव भक्त भगवान शिवजी की आराधना व अनुष्ठान कर मनोकामना की पूर्ति के साथ ही अलौकिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के अनुसार शिवजी की पूजा-अर्चना करना विशेष पलदायी बताया गया है। इस मास में रूद्राभिषेक से समस्त अनिष्टों का शमन होता है। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पूर्ण श्रद्धा व भक्ति से विधि विधान पूर्वक की गई आराधना से महादेव शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामना की पूर्ति होती है। शिवलिंग शिव का निराकार स्वरूप माना गया है। पं. विमल जैन के अनुसार खास वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा अर्चना से मनचाही मुरादें पूरी की जा सकती है। पृथ्वी के हर कण-कण व हर जीव में शिव विद्यमान हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से बने शिवलिंग मनोकामनाओं की पूर्ति में सहायक होते हैं।

### विशेष वस्तुओं से बने शिवलिंग की पूजा से मिलने वाला फल

1-धन कामना की पूर्ति- दही को निथार कर बना शिवलिंग
2-दु:ख दारिद्र् नाश- पीपल की लकड़ी से बना शिवलिंग
3-सुख-शांति व संतान- अक्षत, गेहूं, जौ के आटे से बना शिवलिंग
4- शत्रुओं पर विजय- लहसुनिया रत्न से बना शिवलिंग
5-अकाल मृत्यु, भय मुक्ति- दुर्वा से बना शिवलिंग
6- खुशहाली, सौभाग्य में वृद्धि- चांदी, सोना, मोती का शिवलिंग
7- मनोकामना पूर्ति- स्फटिक का शिवलिंग
8- मनचाही कामना सिद्धि- भस्म से बना शिवलिंग
9- मकान-सम्पत्ति- फूलों से बना शिवलिंग
10- रोग से मुक्ति- मिश्री व शक्कर से बना शिवलिंग
11- भौतिक ऐश्वर्य सुख- चंदन व कस्तूरी का शिवलिंग

### काशी में विराजमान हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग

**काशी में ही कर सकते हैं द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन-पूजन**

वाराणसी। काशी में भी द्वादश ज्योतिलिंग विराजमान हैं। जो श्रद्धालु द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन नहीं कर सके हैं वह काशी में ही रह कर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकते हैं। काशी के द्वादश ज्योतिर्लिंग इस प्रकार हैं। 1- सोमनाथ (मानमंदिर)2- मल्लिकार्जुन (सिगरा),3- महाकालेश्वर (दारानगर), 4- केदारनाथ (केदारघाट), 5- भीमाशंकर (नेपाली खपड़ा),6- विशेश्वर (विश्वनाथ गली), 7- त्रंम्बकेश्वर (हौजकटोरा बांसफाटक), 8- वैद्यनाथ (बैजनत्था), 9- नागेश्वर (पठानीटोला), 10- रामेश्वरम् (रामकुंड), 11- घुश्मेश्वर (कमच्छा),12- ओंकारेश्वर (छित्तनपुरा)।

### काशी के अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिर

1-ओंकारेश्वर-2- त्रिलोचनेश्वर (त्रिलोचन),3- आदि महादेव-(त्रिलोचन महादेव के पीछे), 4-कृतिवासेश्वर (हरतीरथ), 5-रत्नेश्वर (वृद्धकाल),6-चंदेश्वर (सिद्धेश्वरी),7- केदारेश्वर (केदारघाट),8- धर्मेश्वर (धर्मकूप-मीरघाट),9- वीरेश्वर (सिंधिया घाट के ऊपर),10-विश्वकर्मेश्वर (गोलगड्डा), 11- मणिकर्णेश्वर (गोमठ आश्रम),12-अविमुक्तेश्वर (ज्ञानवापी में गुप्त)13- विशेश्वर (प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदि),14- अमृतेश्वर (नीलकंठ),15- तारकेश्वर (ज्ञानवापी के पूर्व),16- ज्ञानेश्वर (लाहौरीटोला), 17- करुणेश्वर (ललिताघाट के ऊपर), 18- मोक्षद्वारेश्वर (करुणेश्वर के समीप), 19- स्वर्गद्वारेश्वर (लाहौरीटोला),20- ब्रह्मेश्वर (खालिसपुरा), 21-लांगलीश्वर (खोआ बाजार),22- वृद्धकालेश्वर (महामृंत्युजय परिसर), 23- वृषेश्वर (मैदागिन), 24- चंडीश्वर (इमिलिया घाट), 25- ज्योतिरूपेश्वर (गोमठ), 26- नया महादेव (प्रहलादघाट), 27-मध्यमेश्वर (दारानगर), 28-मनकामेश्वर महादेव (मच्छोदरी), नये विश्वनाथ जी (बीएचयू), 30- नये विश्वनाथ (मीरघाट)

# पहली बार दिखेगी बाबा की पंचबदन की प्रतिमा

**महाशिवरात्रि**

**बनारसी मौज मस्ती व फागुन की मस्ती लिए होलियाना मूड में निकलेगी शिव बारात**

**भूत-पिशाच के साथ ही होगी मसाने की होली**



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर इस वर्ष 18 फरवरी को मैदागिन से निकलने वाली प्रसिद्ध शिवबारात में पहली बार बाबा विश्वनाथ की पंचबदन की रजत प्रतिमा का श्रद्धालुओं को दर्शन होगा। शिवबारात में भूत-पिशाच, ताल-बेताल, देवी-देवताओं के साथ ही मसाने की होली, मथुरा की होली, वृंदावन की होली भी होगी। इस साल शिवबारात का 41वां साल है। यह जानकारी बुधवार को अस्सी घाट पर समिति के पदाधिकारियों अजीत सिंह बग्गा, बदरुद्दीन अहमद, संजय केशरी, दिलीप सिंह, महेश माहेश्वरी, पवन खन्ना, सुनील शुक्ल, राजेश केशरी, कमल सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत स्व. कौशलपति त्रिपाठी ने कहा था कि जब इस शिव बारात के 40 साल पूरे हो जायेंगे तब हम काशी विश्वनाथ की पंचबदन की प्रतिमा को शोभायात्रा में ले जाने की अनुमति देंगे। आज शिवबारात का 41 साल है जिस पर समिति के पदाधिकारियों के आग्रह पर वर्तमान महंत डा. कुलपति तिवारी बारात में बाबा की पंचबदन की रजत प्रतिमा को ले जाने की अनुमति दे दी है। बताया कि वर्ष 1983 में जब काशी विश्वनाथ मंदिर से सोना चोरी हो गया था तब उसके विरोध में शिवबारात निकाली गई थी। बारात 18 फरवरी को सायंकाल सात बजे महामृत्युंजय महादेव मंदिर (दारानगर) से निकाली जायेगी। जो मैदागिन, बुलानाला, चौक, गोदौलिया, होती हुई डेढ़सीपुल तक जायेगी। वहां पर वधू पक्ष ठंडई, भांग, माला-फूल के साथ बरातियों की आगवानी की जायेगी। इस बार की बारात बनारसी मौज मस्ती व फागुन की मस्ती लिए होलियाना मूड में निकलेगी। इसमें बाबा विश्वनाथ अपने गण, भूत-पिशाच, गंधर्वों व नर-किन्नर के साथ मिल कर होली खेलते नजर आयेंगे। साउंड व लाइट सिस्टम से आधारित खेले मसाने में होली विशेष आकर्षक में होगी। इस बार सांड़ बनारसी (दूल्हा), व्यापारी नेता बदरुद्दीन अहमद (दूल्हन) बनेंगे जो काशी की अप्रतिम गंगा जमुनी तहजीब को दर्शायेंगे। इस बार भी भूत,पिशाच, सपेरे, मदारी, साधु-संन्यासी, जादूगर, बैण्ड बाजा, ढोल नगाड़ा के साथ ही विदेशी भी आकर्षक के केन्द्र होंगे। बारात के समापन स्थल डेढ़सी पुल पर वधू पक्ष की तरफ से दशाश्वमेध व्यापार मंडल व विश्वनाथ गली व्यवसायी संघ ठंडई व भांग के साथ स्वागत करेगा।

# महाशिवरात्रि पर बाबा का वीआईपी दर्शन नहीं

**इस बार मायूसी**


**सभी वीआईपी पास रहेंगे रद्द, मंगला आरती का टिकट अब दो हजार रुपये में**

**मंगला आरती के बाद भोर में चार बजे खुलेगा बाबा का कपाट**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में इस बार वीआईपी दर्शन-पूजन नहीं मिलेगा। सभी श्रद्धालु आम होंगे। लाइन में लगकर ही दर्शन-पूजन किया जा सकेगा। यह व्यवस्था मंदिर प्रबंधन की तरफ से बनाई गई है। इस बार सभी तरह के वीआईपी पास रद्द रहेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर के कपाट भोर में चार बजे से खुलेंगे। शयन आरती के बाद रात 11 बजे मंदिर के कपाट बंद होंगे।। दूसरी तरफ, महाशिवरात्रि के दिन मंगला आरती का टिकट दो हजार रुपये में देने का फैसला हुआ है। सामान्य दिनों में इसका टिकट 350 रुपये में मिलता है। महाशिवरात्रि 18 फरवरी को मनायी जायेगी। मंदिर प्रबंधन को उम्मीद है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। लिहाजा, भीड़ प्रबंधन जरूरी है। इसके लिए प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था बनाई जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में रेड कार्पेट बिछायी जाएगी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि परभोर में मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट चार बजे से श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। रुद्राभिषेक व सुगम दर्शन आदि की सुविधा नहीं मिलेगी। सभी प्रकार के पास भी रद्द रहेंगे। साथ ही वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। मंगला आरती के लिए टिकट की दरें बढ़ाई गई हैं। इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी है। पीडब्ल्यूडी को विश्वनाथ धाम सहित शिवालयों के आसपास बैरिकेडिंग की जिम्मेदारी मिली है। बिजली निगम मंदिर मार्ग से प्रमुख शिवालयों के आसपास तारों को दुरुस्त कराएगा। सड़कें भी ठीक करायी जा रही हैं। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर खड़े कराए जाएंगे।

# भारत के 10 सबसे चमत्कारी शिवलिंग

*शिवरात्रि, महाशिवरात्रि, सोमवार और चतुर्दशी को शिवजी की विशेष पूजा होती है। इसके अलावा पूरे श्रावण माह में उनकी पूजा की जाती है। शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है। भारत में यूं तो कई चमत्कारिक शिवलिंग हैं जहां के चमत्कार को कोई समझ नहीं पाया है। आइए जानते हैं 10 ऐसे चमत्कारिक शिवलिंग जहां के दर्शन आपको एक बार जरूर करना चाहिए।*



1. अपने आप होता है जलाभिषेक : झारखंड के रामगढ़ में स्थित इस शिवमंदिर को प्राचीन मंदिर टूटी झरना के नाम से जाना जाता है। मंदिर में मौजूद शिवलिंग पर अपने-आप 24 घंटे जलाभिषेक होता रहता है। खास बात तो यह है कि यह जलाभिषेक कोई और नहीं बल्कि खुद मां गंगा अपनी हथेलियों से करती हैं। दरअसल शिवलिंग के ऊपर मां गंगा की एक प्रतिमा स्थापित है जिनके नाभि से अपने-आप पानी की धारा उनकी हथेलियों से होता हुआ शिवलिंग पर गिरता है। यह आज भी रहस्य बना हुआ है कि आखिर इस पानी का स्त्रोत कहां है? माना जाता है कि इस मंदिर की जानकारी पुराणों में भी मिलती है।

2. बिजली महादेव : हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक ऐसा शिव मंदिर भी है जहां हर 12 साल बाद शिवलिंग पर भयंकर बिजली गिरती है। बिजली के आघात से शिवलिंग खंडित हो जाता है लेकिन पुजारी इसे मक्खन से जोड़ देते हैं और यह पुनः अपने ठोस आकार में परिवर्तित हो जाता है। यह अनोखा मंदिर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्थित है और इसे बिजली महादेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। कुल्लू और भगवान शिव के इस मंदिर का बहुत गहरा रिश्ता है। कुल्लू शहर में ब्यास और पार्वती नदी के संगम स्थल के नजदीक एक पहाड़ पर शिव का यह प्राचीन मंदिर स्थित है।

3. रंग बदलता शिवलिंग : राजस्थान के धौलपुर में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग का चमत्कार यह है कि यह प्रतिदिन तीन बार रंग बदलता है। सुबह लाल, दोपहर केसरिया और शाम को सांवला हो जाता है। यह भी आश्चर्य है कि इस शिवलिंग का कोई छोर नहीं है। धौलपुर से 5 किलोमीटर दूर चंबल नदी के किनारे बीहड़ों में स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर को करीब 1,000 वर्ष पुराना बताया जाता है, जबकि इसके शिवलिंग को हजारों साल पूराना बताया जाता है। इस मंदिर के बारे में कई किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं।

4. भोजेश्वर महादेव मंदिर : मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से 32 किलोमीटर दूर भोजपुर (रायसेन जिला) में भोजपुर की पहाड़ी पर स्थित है। यहां का शिवलिंग अद्भुत और विशाल है। यह भोजपुर शिव मंदिर या भोजेश्वर मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण परमार वंश के प्रसिद्ध राजा भोज (1010 ई-1055 ई) द्वारा किया गया था। चिकने लाल बलुआ पाषाण के बने इस शिवलिंग को एक ही पत्थर से बनाया गया है और यह विश्व का सबसे बड़ा प्राचीन शिवलिंग माना जाता है। कहते हैं कि यहां पहले साधुओं के एक समूह ने गहन तपस्या की थी।

5. लक्षलिंग महादेव मंदिर : बताया जाता है कि इस शिवलिंग में करीब एक लाख छेद हैं। इनमें से एक छेद पाताल तक गया है और एक छेद ऐसा है जो हमेशा जल से भरा रहता है। इस शिवलिंग पर जो भी जल अर्पित किया जाता है वह सीधे पाताल में चला जाता है। इसमें जितना भी पानी डालो वह कभी भी बाहर नहीं ढुलता है। यह मंदिर छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण मंदिर से कुछ किलोमीटर दूर पर खरौद नामक शहर में स्थित है। लक्षलिंग जमीन से करीब 30 फीट ऊपर है और इसे स्वयंभू भी कहा जाता है।

6. मृतेश्वर शिवलिंग : गुजरात के गोधरा में स्थित मृतेश्वर शिवलिंग का आकार बढ़ता ही जा रहा है। मान्यता के अनुसार जिस दिन शिवलिंग का आकार 8.5 फुट का हो जाएगा, उस दिन यह मंदिर की छत से टकरा जाएगा और तब प्रलय की शुरूआत होगी। कहते हैं कि शिवलिंग का आकार 1 वर्ष में एक चावल के दाने के बराबर बढ़ता है। इस शिवलिंग से प्राकृतिक रूप से जल की धारा निकलती रहती हैं।

7. मातंगेश्वर शिवलिंग : मध्यप्रदेश के खजुराहो में मातंगेश्वर शिव मंदिर का शिवलिंग हर साल एक तिल बढ़ रहा है। 18 फिट के इस शिवलिंग की भगवान रा?म ने भी पूजा की थी। यहां पर मंदिर का निर्माण चंदेल राजाओं ने करवाया था। शिवलिंग के बारे में मान्यता है कि यह शिवलिंग नीचे पाताल लोक की ओर और उपर स्वर्गलोक की ओर बढ़ रहा है। जब यह पातालोक पहुंचेगा तब कलयुग का अंत हो जाएगा।

8. स्तंभेश्वर महादेव मंदिर : गुजरात में वडोदरा से 85 किमी दूर स्थित जंबूसर तहसील के कावी-कंबोई गांव का यह मंदिर अलग ही विशेषता रखता है। मंदिर अरब सागर के मध्य कैम्बे तट पर स्थित है। इस मंदिर के 2 फुट व्यास के शिवलिंग का आकार चार फुट ऊंचा है। स्तंभेश्वर महादेव मंदिर सुबह और शाम दिन में दो बार के लिए पलभर के लिए गायब हो जाता है। ऐसा ज्वारभाटा आने के कारण होता है।

9. निष्कलंक महादेव : यह मंदिर गुजरात के भावनगर में कोलियाक तट से 3 किलोमीटर अंदर अरब सागर में स्थित है। प्रतिदिन अरब सागर की लहरें यहां के शिवलिंग का जलाभिषेक करती है। ज्वारभाटा जब शांत हो जाता है तब लोग पैदल चलकर इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। ज्वार के समय सिर्फ मंदिर का ध्वज ही नजर आता है।

कहते हैं कि यह मंदिर महाभारतकालीन है और जब युद्ध के बाद पांडवों को अपने ही कुल के लोगों को मारने का पछतावा था और वे इस पाप से छुटकारा पाना चाहते थे तब वे श्रीकृष्ण के पास गए। श्रीकृष्ण द्वारिका में रहते थे। श्रीकृष्ण ने उन्हें एक काली गाय और एक काला झंडा दिया और कहा कि तुम यह झंडा लेकर गाय के पीछे-पीछे चलना। जब झंडा और गाय दोनों सफेद हो जाए तो समझना की पाप से छुटकारा मिल गया। जहां यह चमत्कार हो वहीं पर शिव की तपस्या करना। कई दिनों तक चलने के बाद पांडव इस समुद्र के पास पहुंचे और झंडा और गाय दोनों सफेद हो गया। तब उन्होंने वहां तपस्या की और भगवान शिव को प्रसन्न किया। पांचों पांडवों को शिवजी ने लिंग रूप में अलग अलग दर्शन दिए। वही पांचों शिवलिंग आज तक यहां विद्यमान हैं। पांडवों ने यहां अपने पापों से मुक्ति पाई थी इसीलिए इसे निष्कलंक महादेव मंदिर कहते हैं।

10. तिलभांडेश्वर मंदिर : इसी तरह काशी में तिलभांडेश्वर के नाम से प्रसिद्ध मंदिर का स्वयंभू शिवलिंग भी साल एक तिल के बराबर बढ़ता है। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में गरियाबंद के घने जंगलों में स्थित भूतेश्वर महादेव का शिवलिंग भी हर वर्ष बढ़ता है। इसी तरह मध्यप्रदेश के देवास के पास बिलावली में स्थित शिवमंदिर का शिवलिंग भी प्रतिवर्ष एक तिल के बराबर बढ़ता है।